आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 118 ● नई दिल्ली, बुधवार, 02 अगस्त 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये
RNIUP HIN/2015/64737



3 बिजली आपूर्ति में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ...

## ख़ास ख़बर

### महाराष्ट्र: समृद्धि एक्सप्रेस वे पर गर्डर लॉन्चर गिरने से 20 लोगों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में समृद्धि एक्सप्रेस-वे निर्माण के तीसरे चरण के दौरान मंगलवार को एक गर्डर लॉन्चर गिर जाने से 10 श्रमिकों सहित कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 700 टन वजनी, सेगमेंट लॉन्चर (क्रेन) और गर्डर लॉन्चर 35 मीटर की ऊंचाई से नीचे गिर पड़े। नागपुर को मुंबई से जोड़ने वाली एक्सप्रेसवे परियोजना की निष्पादन एजेंसी एमएसआरडीसी ने कहा कि मृतकों में दो इंजीनियर भी शामिल हैं। ठाणे जिले की पुलिस ने लापरवाही से हुई मौत के आरोप में दो ठेकेदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना मंगलवार तड़के मुंबई से करीब 80 किलोमीटर दूर शाहपुर तहसील के सरलांबे गांव के पास हुई। हादसे में घायल हुए तीन लोगों को ठाणे के कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने इस घटना की विशेषज्ञों से जांच कराने के आदेश दिए हैं। फडणवीस ने हादसे में लोगों के मारे जाने पर शोक भी जताया। यह एक विशेष प्रयोजन वाली मोबाइल गैन्ट्री क्रेन थी, जिसका उपयोग पुल निर्माण और राजमार्ग निर्माण परियोजनाओं में पूर्वनिर्मित डिब्बानुमा पुल की डाट (गर्डर) लगाने के लिए किया जाता था। एमएसआरडीसी ने कहा कि पुल के कुल 114 खंडों में से 98 का निर्माण एक ही लॉन्चर का उपयोग करके सफलतापूर्वक किया गया था। संबंधित 2.28 किमी लंबे पुल का निर्माण नवयुग इंजीनियरिंग और वीएसएल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर द्वारा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त किया और प्रत्एक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि और घायल व्यक्तियों को पचास-पचास हजार रुपए की सहायता की घोषणा की।

### नूंह हिंसा : एनसीपीसीआर ने पत्थरबाजी में बच्चों की संलिप्तता की जांच की मांग की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने हरियाणा के नूंह जिले में हाल ही में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान पत्थरबाजी और अन्य गैर कानूनी गतिविधियों में बच्चों को कथित रूप से इस्तेमाल किए जाने को लेकर जांच की मांग की है। हरियाणा प्रशासन को लिखे एक पत्र में एनसीपीसीआर ने सोमवार को हुई हिंसा में बच्चों के कथित शोषण के संबंध में प्रशासन को तुरंत ध्यान देने और कार्वाई करने की मांग की है। आयोग ने पत्र में कहा, आयोग आपके कार्यालय से मामले पर गौर करने और घटना की जांच कराने का अनुरोध करता है। इसके अलावा इस गैरकानूनी प्रदर्शन में जिन बच्चों का प्रयोग किया गया उनकी पहचान की जानी चाहिए और अगर उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने की जरूरत है तो उन्हें बाल सुधार समिति के समक्ष पेश किया जाना चाहिए। विक्षुब्ध करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट के मद्देनजर एनसीपीसीआर ने नूंह में विश्व हिंदू परिषद के जुलूस पर हमले के दौरान पत्थरबाजी और अन्य गैर कानूनी गतिविधियों में नाबालिगों की संलिप्तता पर गंभीर चिंता व्यक्त की। एनसीपीसीआर ने मामले पर स्वतः संज्ञान लिया और बाल अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित समस्याओं को हल करने की महत्वता पर जोर दिया।

## शौचालय में गुप्त कैमरे से वीडियो बनाने का मामला: कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने एसआईटी जांच से किया इंकार

**एजेंसी ■ मंगलुरु**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने उडुपी के एक कॉलेज में शौचालय में वीडियो बनाने के मामले में मंगलवार को विशेष जांच दल(एसआईटी) से जांच से इनकार कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी जांच कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की सदस्य खुशबू सुंदर ने जांच के बाद शौचालय में गुप्त कैमरा होने से इनकार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही इस मामले पर विस्तृत चर्चा की जा सकती है। मंगलुरु के दो तटीय जिलों की समीक्षा बैठकों में हिस्सा लेने आए सिद्धरमैया ने हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा, जांच पूरी होने के बाद ही मैं इस मामले पर टिप्पणी करूंगा। जब एक पुलिस उपाधीक्षक द्वारा द्वारा जांच की जा रही है तो एसआईटी से जांच का सवाल ही नहीं उठता। दक्षिण कन्नड़ जिले में बार-बार नैतिक पुलिस (मोरल पुलिस) की घटनाओं पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें (नैतिक पुलिस) में लिप्त लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

धनशोधन मामले की जांच :

## हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष पवन मुंजाल के परिसरों पर ईडी का छापा

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले की जांच के तहत हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष पवन मुंजाल एवं अन्य के परिसरों पर मंगलवार को छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि छापेमारी की कार्वाई 69 वर्षीय अरबपति कारोबारी और भारत में सबसे बड़े दुपहिया ऑटोमोबाइल वाहन निर्माण कंपनी के प्रवर्तक के दिल्ली और गुरुग्राम के आवासीय एवं कारोबारी परिसरों में और उससे जुड़े कुछ अन्य ठिकानों पर की गई। उन्होंने बताया कि छापेमारी की यह कार्वाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के बाद की गई। कंपनी ने एक बयान जारी कर कहा, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी हमारे दिल्ली और गुरुग्राम स्थित कार्यालयों और हमारे कार्यकारी अधिकारी डॉ.पवन मुंजाल के आवास पर आए थे। हम एजेंसी के साथ लगातार सहयोग कर रहे हैं। ईडी की यह जांच मुंजाल के खिलाफ केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की जांच इकाई राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर कर रही है। माना जा रहा है कि ईडी ने मुंजाल और तीसरी पार्टी सेवाप्रदाता कंपनी के कार्यकारी के खिलाफ सीमा शुल्क विभाग द्वारा दर्ज मामले को भी संज्ञान में लिया। हीरो मोटोकॉर्प ने अगस्त 2018 में मुंजाल की लंदन की व्यवसायिक यात्रा की व्यवस्था करने के इस कंपनी की सेवा ली थी।

आदेश जारी

# नूंह के बाद हरियाणा में हाई अलर्ट

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

हरियाणा के नूंह जिले में हिंसा भड़कने के बाद गुरुग्राम के सोहना इलाके में सांप्रदायिक अशांति के कारण 2 अगस्त को सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे। गुरुग्राम के जिला मजिस्ट्रेट ने इस संबंध में एक आदेश जारी किया है जिसमें कहा गया है कि पड़ोसी जिले नूंह में सांप्रदायिक तनाव के कारण असामाजिक तत्वों ने सड़कों को अवरुद्ध कर दिया है, जिससे क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक व्यवस्था भंग हो सकती है। आदेश में लिखा है, %किसी भी अप्रिय घटना से बचने और छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, 2 अगस्त, 2023 को जिला गुरुग्राम के सोहना उप-मंडल में सभी सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थानों को मौजूदा हालात में बंद करना आवश्यक समझा जाता है। जैसे ही राज्य में तनाव फैल गया, नूंह और गुरुग्राम, फ़रीदाबाद, पलवल और रेवाड़ी जिलों में लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

बताया जा रहा है कि हिंसा पर काबू पाने के लिए अर्धसैनिक बलों की 20 कंपनियां तैनात की गई हैं। घटना के एक दिन बाद भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। इसके अलावा कई खबर यह भी है कि विश्व हिंदू परिषद की ओर से मेवात में हुई हिंसा के विरोध में 2 अगस्त बुधवार को देशभर में प्रदर्शन करने की बात कही गई है। जानकारी के मुताबिक नूंह, पलवल, पटौदी, सोहाना, मानेसर इंटरनेट बंद कर दिया गया है। नूंह घटना पर हरियाणा ष्ट्रूमनोहर लाल खट्टर ने कहा कि कल नूंह में दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। एक यात्रा का आयोजन किया जा रहा था, कुछ लोगों ने उस यात्रा पर आक्रमण किया। पुलिस पर भी आक्रमण किया गया। कई जगहों पर गाड़ियां जला दी गई। नूंह ज़िले में पुलिस और सुरक्षा बलों ने स्थिति को सामान्य किया है। उन्होंने कहा



कि नूंह में कर्फ़्यू लगाया गया है, कुछ जगहों पर धारा 144 भी लगाई गई है। इसके पीछे कोई बड़ी साजिश नजर आ रही है।

**गुरुग्राम में फिर हिंसा**

गुरुग्राम के बादशाहपुर में मंगलवार दोपहर भीड़ ने एक भोजनालय में आग लगा दी और उससे सटी दुकानों में तोड़फोड़ की। पड़ोसी नूंह जिले में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के जुलूस पर हमले के बाद हुई सांप्रदायिक हिंसा के एक दिन बाद हिंसा का यह ताजा मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि दमकल की एक टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बादशाहपुर में भीड़ ने एक समुदाय विशेष की कुछ दुकानों में तोड़फोड़ की और एक मस्जिद के सामने जय श्री राम के नारे भी लगाए। पुलिस ने बताया कि बादशाहपुर बाजार भी बंद कर दिया गया। हरियाणा के नूंह जिले में भीड़ ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के जुलूस को रोकने की कोशिश कर कारों में आग लगा दी। इस दौरान होमगार्ड के दो जवानों की मौत हो गई और पुलिसकर्मियों समेत 15 लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

### नंहू मे हिंसा के बाद फरीदाबाद व जीद में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**फरीदाबादाजींद।** हरियाणा के नूंह और गुरुग्राम जिलों में भड़की हिंसा के बाद राज्य के फरीदाबाद और जींद जिलों में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मंगलवार को फ्लैग मार्च किया और लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील। फरीदाबाद के पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा और उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने पुलिस बल के साथ जिले में फ्लैग मार्च किया और लोगों को शांति से रहने का संदेश दिया तथा उनसे अफवाहों के झांसे में नहीं आने के लिए कहा। अरोड़ा ने कहा कि कानून व्यवस्था को हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। वहीं, जींद में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में जगह-जगह चौराहों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है और पुलिस ने जिले में शांति तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने और विश्वास बहाली के लिए फ्लैग मार्च भी किया। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) रवि खुंडिया के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च किया गया।

## नूंह की घटना एक बड़े षड्यंत्र का हिस्सा, उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा: खट्टर



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नूंह हिंसा में किसी बड़े षड्यंत्र का अंदेशा जताते हुए मंगलवार को कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में शामिल किसी भी उपद्रवी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने राज्य के गृह मंत्री अनिल विज के साथ नूंह की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने के लिए शीर्ष अधिकारियों के साथ चंडीगढ़ में एक बैठक करने के बाद कहा, पूरी घटना किसी बड़े षड़यंत्र का हिस्सा लगती है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, खट्टर ने कहा, घटना में नूंह क्षेत्र से बाहर के शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। अब तक 44 प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा 70 लोगों को नामजद कर हिरासत में लिया गया है। जांच के बाद जो भी दोषी होंगे, उन पर कार्वाई की जाएगी। किसी भी उपद्रवी को बख्शा नहीं जाएगा। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा निकाली जा रही यात्रा को रोकने की भीड़ द्वारा कोशिश किए जाने के कारण भड़की हिंसा में नूंह में सोमवार को चार लोगों की मौत हो गई तथा कई अन्य लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि नूंह में भड़की हिंसा गुरुग्राम में भी फैल गई और शहर के सेक्टर-57 में एक मस्जिद पर भीड़ के हमले में 26 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और इसी के साथ राज्य में इस हिंसा में मृतक संख्या बढ़कर पांच हो गई है। मुख्यमंत्री ने नूंह में हुई घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि वर्षों से हर साल सामाजिक यात्रा निकलती रही है

## पटना उच्च न्यायालय ने जाति आधारित गणना को सही ठहराया, भाजपा बचाव की मुद्रा में

**एजेंसी ■ पटना**

पटना उच्च न्यायालय ने बिहार में जाति आधारित गणना के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली सभी याचिकाएं मंगलवार को खारिज करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से वैध है और राज्य सरकार के पास इसे कराने का अधिकार है। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी की खंडपीठ ने जातीय गणना को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। जातीय सर्वेक्षण का आदेश पिछले साल दिया गया था और इसे इस साल के शुरू में आरंभ किया गया था। पीठ ने इस बाबत सात जुलाई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उसने अपने 101 पन्नों के फैसले में कहा, हम पाते हैं कि राज्य का कदम पूरी तरह से वैध है और वह इसे कराने में सक्षम है। इसका मकसद (लोगों को) न्याय के साथ विकास प्रदान करना है। फैसले की शुरुआत इस टिप्पणी से हुई कि जाति सर्वेक्षण कराने का राज्य का फैसला और विभिन्न



● सर्वेक्षण पर अदालत द्वारा रोक लगाने के तीन महीने से भी कम समय बाद आए इस फैसले ने इसे चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं को झटका लगा है।

आधारों पर इसे दी गई चुनौती से पता चलता है कि सामाजिक ताने-बाने से जाति को समाप्त करने के प्रयासों के बावजूद, यह एक वास्तविकता बनी हुई है। सर्वेक्षण पर अदालत द्वारा रोक लगाने के तीन महीने से भी कम समय बाद आए इस फैसले ने इसे चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं को झटका लगा है। हालांकि उन्होंने शीर्ष अदालत में आदेश को चुनौती देने की बात कही है। एक याचिकाकर्ता के वकील दीनू कुमार ने पीठ द्वारा खुली अदालत में अपना फैसला सुनाए जाने के तुरंत बाद संवाददाताओं से कहा, फैसले का अध्ययन करने के बाद हम उच्चतम न्यायालय का रुख करेंगे। राज्य में सत्तारूढ़ महागठबंधन में इस फैसले के बाद खुशी देखी गई। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ने देशव्यापी जाति गणना को अपने प्रमुख एजेंडे के तौर पर स्वीकार किया है।

### उत्तर प्रदेश सरकार ने जल आधारित पर्यटन एवं साहसिक क्रीड़ा नीति को मंजूरी दी



**नई दिल्ली** उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश जल आधारित पर्यटन एवं साहसिक क्रीड़ा नीति (यूपी वाटर टूरिज्म एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स पॉलिसी 2023) को मंगलवार को मंजूरी दे दी। इससे राज्य में जल पर्यटन और साहसिक खेलों के अवसर उपलब्ध होंगे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। यह नीति राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित तिथि से 10 वर्षों के लिए वैध होगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि यह नीति उत्तर प्रदेश में अंतर्देशीय समस्त भू-आधारित, वायु आधारित एवं जल मार्गों, बांधों, जलाशयों, झीलों, नदियों, तालाबों एवं राज्य के अधिकार क्षेत्र के अंदर विभिन्न जल निकायों एवं भूमि खंडों पर की जाने वाली सभी साहसिक गतिविधियों पर लागू होगी।

## एनसीबी ने देश के सबसे बड़े मादक पदार्थ तस्करी समूह का भंडाफोड़ किया



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने मंगलवार को भारत में डार्कनेट पर संचालित सबसे बड़े एलएसडी समूह का भंडाफोड़ करने का दावा किया और 13 हजार से अधिक ब्लॉट, 26 लाख रुपए नकदी जब्त कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। एनसीबी के उप महानिदेशक (संचालन एवं प्रवर्तन) ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि जंबाडा नामक समूह बड़ी मात्रा में उच्च दर्जे के मादक पदार्थ एलएसडी का कारोबार और आपूर्ति करता है। यह ब्रिटेन, अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा, रूस, स्पेन, पुर्तगाल, यूनान और तुर्किए में भी काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि समूह का संचालन 21-25 वर्ष की आयु वर्ग के शिक्षित लड़के कर रहे हैं। इससे दो महीने पहले जून में एजेंसी ने 15,000 एलएसडी ब्लॉट जब्त करके आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया था। एलएसडी या लिसेर्जिक एसिड डायथाइलैमाइड एक सिंथेटिक रसायन आधारित मादक पदार्थ है। युवा बड़े पैमाने पर इसका उपयोग करते हैं और इसके सेवन से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। यह गंधहीन, रंगहीन और स्वादहीन होता है और यह कागज के छोटे टुकड़ों (ब्लॉट) पर लगा होता है जिसे चाटा या निगला जा सकता है।

## एचयूटी आतंकी मॉड्यूल : एनआईए ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने अंतरराष्ट्रीय चरमपंथी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) से संबद्ध आतंकी मॉड्यूल की गैर कानूनी गतिविधियों के सिलसिले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी उन्होंने बताया कि उक्त आतंकी मॉड्यूल भोपाल और हैदराबाद में सक्रिय था। संघीय एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि फरार एचयूटी सदस्य सलमान को तेलंगाना के हैदराबाद से छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया जो शहर के राजेंद्र नगर इलाके में छिपा हुआ था। उन्होंने बताया कि इसी के साथ मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 17 हो गई है। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी के दौरान अपराध में संलिप्तता को इंगित करने वाले डिजिटल उपकरण जैसे हार्ड डिस्क, पेन ड्राइव और एसडी कार्ड के साथ-साथ कई दस्तावेज जब्त किए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया, सलमान एचयूटी के हैदराबाद मॉड्यूल का सक्रिय सदस्य था। इस मॉड्यूल का नेतृत्व कर रहे सलीम को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। सलीम और सलमान को मिलाकर अबतक हैदराबाद मॉड्यूल के चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनका उद्देश्य शरीयत आधारित खिलाफत की स्थापना के लिए संगठन का विस्तार करना था।

ट्रेन में गोलीबारी : घटना की जांच के लिए गठित एक उच्चस्तरीय समिति के सदस्य यहां पहुंच गए है

## उच्च स्तरीय जांच समिति मुंबई पहुंची, जीआरपी खंगालेगी सीसीटीवी फुटेज

**एजेंसी ■ मुंबई**





रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक कांस्टेबल द्वारा ट्रेन में चार लोगों की कथित रूप से गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना की जांच के लिए गठित एक उच्चस्तरीय समिति के सदस्य यहां पहुंच गए हैं और उनके संबंधित अधिकारियों से मुलाकात करने की संभावना है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जीआरपी ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच करेगी। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने जयपुर-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस में सोमवार को हुई घटना की व्यापक स्तर पर जांच करने के लिए पांच सदस्ईय समिति का गठन किया है। अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल चेतन सिंह (33) ने पालघर रेलवे स्टेशन के पास अपने स्वचालित हथियार से आरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक टीकाराम मीणा और तीन अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी।

### आरोपी आरपीएफ कांस्टेबल को सात अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

मुंबई की एक अदालत ने चलती ट्रेन में अपने वरिष्ठ सहकर्मी और तीन यात्रियों की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कांस्टेबल चेतन सिंह को मंगलवार को सात अगस्त तक राजकीय रेलवे पुलिस की हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने आरोपी कांस्टेबल की हिरासत मांगते हुए अदालत से कहा कि उसकी मानसिक स्थिति की अभी जांच नहीं की गई है और वह सहयोग नहीं कर रहा है।

## ख़ास ख़बर

## व्यवहार न्यायालय परिसर, अररिया में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत 9 सितंबर को



**अररिया।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया के पत्रांक 899-900, अररिया, दिनांक 07.07.2023 के क्रम में संसूचित है कि दिनांक- 09.09.2023, दिन- द्वितीय शनिवार को 10ः30 बजे पूर्वाह्न में व्यवहार न्यायालय परिसर, अररिया में सभी प्रकार के सुलहनीय वादों का निष्पादन समझौता के आधार पर कराया जाना है। उक्त के आलोक में जिला पदाधिकारी अररिया द्वारा अपर समाहर्ता अररिया, जिला भू अर्जन पदाधिकारी अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया एवं फारबिसगंज, भूमि सुधार उप समाहर्ता अररिया एवं फारबिसगंज, जिला स्थापना उप समाहर्ता अररिया, कार्यलापक अभियंता विद्युत अररिया, प्रभारी पदाधिकारी जिला नीलाम पत्र प्रशाखा अररिया, श्रम अधीक्षक अररिया, जिला परिवहन पदाधिकारी अररिया, मोटरयान निरीक्षक अररिया, अग्रणी बैंक प्रबंधक एसबीआई अररिया सहित सभी अंचल अधिकारी अररिया जिला को पत्र लिखकर निदेशित किया है कि दिनांक- 09.09.2023, दिन- द्वितीय शनिवार को 10ः30 बजे पूर्वाह्न में व्यवहार न्यायालय परिसर, अररिया में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अधिक से अधिक सुलहनीय प्रकृति के मामलों को चिन्हित करते हुए संबंधित पक्षकारों को नोटिस निर्गत कर संबंधित अभिलेख के साथ उपस्थित होकर सुलहनीय वादों का निपटारा कराना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु चिन्हित मामलों की द्वितीय सूची दिनांक 22.08.2023 तक एवं अंतिम सूची दिनांक 05.09.2023 तक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## राजद व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव ई. आयुष अग्रवाल ने माननीय न्यायालय के प्रति जताया आभार



**फारबिसगंज।** जातिगत गणना पर लगाए गये रोक को हटाकर दिए गए फैसले पर माननीय न्यायालय का आभार व्यक्त करते हुए राजद व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव ई आयुष अग्रवाल ने कहा कि यह फ़ैसला बिहार के आम आवाम के हक़ में है। उन्होंने कहा कि बिहार की महागठबंधन की सरकार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री, बिहार के उज्जवल भविष्य तेजस्वी प्रसाद यादव जी के अथक प्रयास से जो अंतिम पायदान पर खड़े हैं, वे कौन हैं, किस समुदाय से हैं, उनका पता लगाकर उन लोगों को अगली पंक्ति मे लाने का काम किया जाएगा। श्री अग्रवाल ने स्व. राममनोहर लोहिया को याद करते हुए कहा कि वे कहते थे "जिसकी जितनी आबादी-उसकी उतनी भागीदारी"। जातिगत गणना से अब जो दबे कुचले वर्ग के लोग हैं जिन्हें उनके हक़ व अधिकार से दूर रखा गया है वह मुख्य धारा का हिस्सा बनेंगे एवं उनके बच्चे भी अच्छी शिक्षा ग्रहण करके देश में सर्वोच्च स्थान पर पहुँचेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी नीतियाँ बनती है वह समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर बननी चाहिए और जातिगत गणना इसके लिए अति आवश्यक था।श्री अग्रवाल ने उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे निरंतर इसके लिए प्रयासरत रहें है और आने वाला समय इस ओर इशारा कर रहा है बिहार की जनता उन तमाम शक्तियों को परास्त करेगी जो ग़रीबों, शोषितों, वंचितों, दलितों के हक़ से खिलवाड़ करने का काम करते आयी है।

## आजीवन अधिषद् सदस्य अभय कुमार यादव की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु कुलपति वेश्म में शोक सभा

**मधेपुरा।** भू. ना. मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के आजीवन अधिषद् सदस्य अभय कुमार यादव की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु कुलपति कार्यालय परिसर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आर. के. पी. रमण, वित्तीय परामर्शी नरेंद्र प्रसाद सिन्हा, सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. नवीन कुमार, मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. विनय कुमार चौधरी, कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर, उप कुलसचिव स्थापना डॉ. सुधांशु शेखर सहित अन्य पदाधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# कंजेक्टिवाइटिस होने पर परेशान होने की नहीं बल्कि सावधानी बरतने की आवश्यकता, बीमारी की शिकायत मिलने पर एक सप्ताह तक अलग रहने के लिए की गई अपील

### आंखों का लाल होना, कीचड़ आना, जलन या खुजली होना रोग के सामान्य लक्षण- सिविल सर्जन

**पूर्णिया।** कंजेक्टिवाइटिस यानी आंखों में रेडनेस, आई फ्लू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। वैसे तो यह हर उम्र के लोगों को परेशान कर रहा है। लेकिन छोटे छोटे उम्र के मासूमों को आसानी से शिकार बना रहा है। दरअसल आई फ्लू से संबंधित शिकायत को लेकर प्रत्येक दिन दर्जनों मरीज इलाज के लिए जिला मुख्यालय स्थित राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल के ओपीडी पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही जिले के रूपौली और बायसी में बढ़ते मामलों को लेकर जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने स्वास्थ्य विभाग को हाई अलर्ट करते हुए विशेष रूप से एहतियात बरतने के लिए आवश्यक दिशा - निर्देश दिया है। जिसके बाद प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीम गठित कर भेजा गया है। जहां लोगों की जांच के साथ ही समुचित इलाज की कवायद तेज कर दी गई है। जिसे के सभी सरकारी अस्पतालों में बीमारी से संबंधित दवा का पुख्ता इंतजाम कर दिया गया है। एक से दूसरे में फैलने वाला आई फ्लू संक्रमित बीमारी सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि जिले में आंखों का लाल होना,



कीचड़ का आना, जलन या खुजली होने की शिकायत मिल रही है। आई फ्लू के दौरान किसी के करीब जाने से बचना चाहिए। क्योंकि यह एक तरह से संक्रमित बीमारी है। जो एक से दूसरे में फैलता है। यदि आपकों भी आंख आया है तो घबराने की जरूरत नहीं है।

कुछ दिन बाद यह ठीक हो जाता है। इसके लिए आपकों कुछ अंतराल पर आंखों को ठंडे और ताजे पानी से धोते रहना चाहिए। इस तरह की शिकायत आने के बाद घर से बाहर नही जाएं। ज्यादा आवश्यकता होने पर ही घर से बाहर जाएं लेकिन आंखों पर काला चश्मा पहनना नहीं भूलें। चिकित्सकों से परामर्श लेने के बाद ही दवा का सेवन करना उचित होगा। साथ ही उनके द्वारा बताए गए आई ड्रॉप को ही आंखों में डालना सबसे अच्छा है। जिले में अभी तक 575 मरीजों की हुई पहचान एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के महामारी रोग विशेषज्ञ (एपिडेमियोलॉजिस्ट) नीरज कुमार निराला ने बताया कि जिले में फ़िलहाल 575 मरीज़ मिलने की सूचना है। जिनको सभी तरह की दवा उपलब्ध करा दी गई है।

आई फ्लू के मरीज को अपनी आंखों को हाथ नहीं लगाना चाहिए। रोगी से हाथ मिलाने, उसके उपयोग की चीजों को अलग कर इस बीमारी के फैलाव को रोका जा सकता है। संक्रमित आंख को देखने से इस बीमारी के फैलने की धारणा महज भ्रम है। क्योंकि यह बीमारी सिर्फ संपर्क में आने से ही फैलती है। तीन दिनों में आराम नहीं होने की स्थिति में किसी नेत्र विशेषज्ञ से आंखों की जांच कराने की अपील की जा रही है। इसके इलाज की सुविधा जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों सहित एचडब्ल्यूसी में उपलब्ध हैं।बीमारी की शिकायत मिलने पर एक सप्ताह तक अलग रहने के लिए की गई अपील स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई है कि किसी भी स्कूल के बच्चों के आंख लाल होने की शिकायत मिलती है तो बच्चे के अभिभावक और संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक या शिक्षक तत्काल किसी चिकित्सक से परामर्श लेंगे।

इसके बाद दवा या आई ड्रॉप उपलब्ध कराते हुए घर पर ही कम से कम एक सप्ताह तक इलाजरत रहेंगे। इस दौरान बच्चे को स्कूली शिक्षा से अलग रहने के लिए सलाह दी जानी चाहिए। ताकि उसका संक्रमण दूसरे बच्चें या अन्य लोगों में नहीं फैले।

# जातीय जनगणना- पटना हाई कोर्ट का यह फैसला जनहित में है और ऐतिहासिक है- डॉ.आलोक राज



**पूर्णियां।** राजद जिला प्रवक्ता डॉक्टर आलोक राज ने भाजपा द्वारा प्रायोजित बिहार में जातीय जनगणना पर रोक लगाने सम्बन्धित याचिका को पटना हाई कोर्ट द्वारा निरस्त करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पटना हाई कोर्ट का यह फैसला जनहित में है और ऐतिहासिक है। यह बिहार के करोड़ों जनमानस की जीत है। अब सभी जातियों की अलग-अलग जनसंख्या, उनकी सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षिक स्थिति की सटीक जानकारी आम जनों तथा सरकार को मिल पाएगी। अब सरकार को यह जानकारी मिल पाएगी कि समाज का कौन सा वर्ग आर्थिक ,सामाजिक ,तथा शैक्षिक रूप से पिछड़ा हुआ है। उन वर्गों के उत्थान के लिए सरकार को योजना बनाने में सहूलियत रहेगी । इसके साथ ही वे सीधे तौर पर सरकार की जनहित की योजनाओं की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।

## सिविल कोर्ट अररिया मे एसीजेएम-05 रितु कुमारी बनी एसीजेएम-01



**अररिया।** माननीय उच्च न्यायालय पटना के आदेश पर सिविल कोर्ट अररिया मे पदस्थापित एसीजेएम-05 रितु कुमारी को प्रमोशन मिला है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह के हवाले से विशेष जानकारी देते हुए कोर्ट के प्रशासन प्रभारी श्याम बिहारी सिंह ने पत्रकारों को बताया कि एसीजेएम-05 रितु कुमारी को हाई कोर्ट द्वारा अच्छे न्यायिक कार्यो को देखते हुए प्रमोशन देते हुए सिविल कोर्ट अररिया में ही एसीजेएम-01 बनाया गया है। बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय पटना के आदेश मिलते ही रितु कुमारी ने एसीजेएम-05 का चार्ज सौपने के बाद एसीजेएम-01 के रूप में योगदान भी कर ली है।

# जिले में 01 से 07 अगस्त तक मनाया जायेगा विश्व स्तनपान सप्ताह , आंगनबाड़ी केंद्रों से निकाली गयी जागरूकता रैली, स्तनपान के महत्व से कराया अवगत

**अररिया।** जिले में 01 से 07 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य आम लोगों को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना है। इस वैश्विक अभियान के क्रम में पूरे सप्ताह विभिन्न स्तरों पर जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों से रैली निकाल कर स्थानीय लोगों को स्तनपान के महत्व के प्रति अवगत कराया गया। स्तनपान के महत्व की जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि नवजात के जन्म के छह महीने तक विशेष स्तनपान, उसके बाद दो साल से अधिक समय तक उचित पूरक आहार के साथ स्तनपान जारी रखना शिशु के जीवन को सर्वात्तम शुरुआत प्रदान करता है।आंगनबाड़ी केंद्रों पर होंगे जागरूकता संबंधी कार्यक्रम- आईसीडीएस डीपीओ मंजूला कुमारी ने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह के



मौके पर हर दिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से पोषक क्षेत्र की महिलाओं को स्तनपान के महत्व से अवगत कराया जायेगा। इस दौरान जागरूकता रैली, विचार गोष्ठी, सामूहिक परिचर्चा सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। डीपीओ आईसीडीएस ने कहा कि मां का दूध सुरक्षित व स्वच्छ होता है। जो शिशु को जीवन के पहले कुछ महीनों तक आवश्यक ऊर्जा व पोषक तत्व प्रदान करता है। जो कुपोषण के खिलाफ जारी लड़ाई में एक मजबूत हथियार साबित हो सकता है। जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान जरूरी- नवजात के जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान जरूरी होता है। जिला पोषण समन्वयक कुणाल श्रीवास्तव ने बताया कि जन्म के एक घंटे के भीतर मां का गाढ़ा पीला दूध नवजात के लिये अमृत के समान होता है। इसके सेवन से शिशुओं में रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता का विकास होता है। स्तनपान शिशुओं का निमोनिया, डायरिया जैसे गंभीर रोगों से बचाव करता है। साथ ही शिशुओं के बेहतर पोषण को मजबूत आधार प्रदान करता है।माताओं के बेहतर सेहत के लिये स्तनपान जरूरी- सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने

**स्तनपान नवजात के स्वस्थ व सेहतमंद जिंदगी का मजबूत आधार**

बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य, लोगों को स्तनपान के महत्व से अवगत कराना है। हाल के दिनों में अधिकांश महिलाएं नवजात को स्तनपान कराने से परहेज करती दिखती हैं। स्तनपान से शारीरिक कमजोरी व शारीरिक संरचना में बदलाव का भ्रम महिलाओं को स्तनपान से रोकता है। जो बिल्कुल गलत धारणा है। स्तनपान कराने वाली महिलाओं को स्तन व ओवरी के कैंसर का खतरा कम होता है। स्तनपान को बढ़ावा देने के लिये जिला अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों को बोतल बंद दूध मुक्त क्षेत्र बनाने की कवायद जारी है। कामकाजी महिलाओं को भी अपने नवजात को स्तनपान कराने के लिये आगे आने की जरूरत है।

## मदनपुरआदिवासी स्पोर्ट क्लब ने संथाली परगना फूटबॉल क्लब पूर्णिया को पैलेंटी शॉट आउट 4,1से किया पराजित



**अररिया।** नेताजी सुभाष स्टेडियम अररिया में मॉडर्न स्पोर्ट क्लब के सौजन्य से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया.मंगलवार को दूसरे मैच में मदन पुर आदिवासी स्पोर्ट क्लब का मुकाबला संथाली परगना स्पोर्ट क्लब पूर्णिया बीच खेला गया.,जिसमे दोनों टीमों जबरदस्त मुकाबला हुआ दोनों टीमों कें खिलाड़ी ऐक दूसरे पर हावी रहे तत्पश्चात ट्राइ ब्रेकेर निर्णय लिया गैया जिसमें मदनपुर आदिवासी स्पोर्ट क्लब ने 4/1कब्जा किया .,,.मॉडर्न चैलेंजर ट्रॉफी टूर्नामेंट में अररिया ,पूर्णिया और कटिहार की कुल आठ टीम भाग ले रही है .जिसका फाइनल मैच रविवार को इसी मैदान पर होगा .मैच में मुख्य रेफरी के रूप में बबलू मरांडी और अब्दुल गफ्फार एवं सदरे आलम शामिल थे.जबकि मैन ऑफ द मैच का खिताब संथाली परगना फुटबॉल क्लब पूर्णिया के राहुल मरांडी को दिया गया.मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में इश्तियाक हसन (मुन्ना )समाज सेवी अनीसुर रहमान ,अध्यक्ष सत्यन शरण ,इश्तियाक आलम जकी अंसारी ,जकीउल्ल होद ,मोहतासीम जुबेरी ,साफेल होदा, शकील अंसारी ,शादाब शमीम ,तंजील अहमद झुन्नू ,सिकन्देर पासवान , नौशाद आलम ,कमाले हक़ ,रफत संवि भी मौजूद थे ।

# कंजंक्टिवाइटिस (आई फ्लू) के बढ़ते संक्रमण को लेकर डाक्टर शत्रुघ्न मंडल ने दी सलाह

**अररिया।** आई फ्लू आंखों का संक्रमण है, जिसकी वजह से आंखों में लालिमा, दर्द और सूजन जैसी परेशानियां होती हैं। आई फ्लू वायरस से संक्रमित होने की वजह से होती है और यह बीमारी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में आसानी से फैलती है। अररिया जिले के सिकटी के डॉ0 शत्रुघ्न मंडल कहते हैं, आई फ्लू के ज्यादातर मामले एडेनोवायरस के संक्रमण की वजह से होते हैं। संक्रमित व्यक्ति से सीधे संपर्क में आने की वजह से आपको भी यह बीमारी हो सकती है। आई फ्लू को पिंक आई और कंजंक्टिवाइटिस भी कहा जाता है।डा0 शत्रुघ्न मंडल ने



कहा आई फ्लू की समस्या बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा फैलती है। इस मौसम में वातावरण में संक्रमण फैलने की वजह से लोग आई फ्लू का शिकार हो जाते हैं। आमतौर पर आई फ्लू गंदगी, धूल-मिट्टी अदि की वजह से होने वाली एलर्जी की वजह से होती है, इसलिए बारिश में लोगों को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। नियमित रूप से हाथ

**संक्रमित व्यक्ति से सीधे संपर्क में आने की वजह से आपको भी यह बीमारी हो सकती है आई फ्लू को पिंक आई और कंजंक्टिवाइटिस भी कहा जाता है**

को साबुन से धोने पर आप संक्रमण का शिकार होने से बच सकते हैं, आई फ्लू के लक्षण दिखने पर आपको ओवर द काउंटर दवाओं का सेवन करने से बचना चाहिए। लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## अपने गृह प्रखंड के धनगड़ा गांव पहुंचे परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा



**भरगामा।** भरगामा प्रखंड के सिमरबनी पंचायत से वरीष्ठ समाजसेवी कई बार रहे मुखिया एवं पैक्स अध्यक्ष हमारे गार्जियन/अभिभावक तुल्य धनगड़ा निवासी रामचंद्र सिंह यादव जी के असामयिक निधनोपरांत उनके आवास पर पहुँचकर परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा ने शोकाकुल परिवार एवं उनके सुपुत्र एवं सुपुत्री सहित समस्त परिवार से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट किया।पंडित झा ने भगवान से मृत आत्मा को शांति दे और उनके परिजनों को दुःख सहने की शक्ति दे की कामना किए।

**स्वास्थ्य** सरकार की ओर से दवा के साथ मिलता है आर्थिक सहयोग- सीडीओ

# राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन-वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त का रखा गया है लक्ष्य, देश को टीबी मुक्त करने के लिए करना होगा सतत प्रयास- सिविल सर्जन

**पूर्णिया।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत भारत को वर्ष 2025 तक टीबी से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग के अलावा डब्ल्यूएचओ, कर्नाटका हेल्थ प्रमोशन ट्रस्ट, रीच इंडिया, वर्ल्ड विजन इंडिया सहित कई अन्य सहयोगी संस्थाओं के द्वारा सहयोग किया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि जिलाधिकारी कुंदन कुमार के दिशा - निर्देश में जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी टीबी उन्मूलन अभियान में जुटे हुए हैं। टीबी मुक्त कार्यक्रम के तहत टीबी मरीजों को लंबे समय तक दवा खानी पड़ती है। हालांकि दवा लेने1 के दौरान बीच में मरीज को थोड़ी परेशानी भी होती है। क्योंकि मरीजों को बीच में ही दवा को छोड़ना पड़ जाता है। अगर दवा बीच में छोड़ दी जाए तो यह खतरनाक साबित हो सकती है। आगामी



2025 तक देश को टीबी मुक्त करने के लिए हमलोगों को सतत प्रयास करना होगा। इसके लिए जिला से लेकर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तक शिविर लगाकर लोगों की जांच की जा रही है। अगर जांच में टीबी रोग के लक्षण पाएं जाते हैं तो इसका इलाज शुरू किया जाता है। सरकार की ओर से दवा के साथ मिलता है आर्थिक सहयोग- सीडीओ जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ मिहिरकांत झा ने बताया कि सरकार द्वारा 2025 तक देश सहित जिले को टीबी रोग से मुक्त करने का निश्चय किया गया है। वहीं शत प्रतिशत सफ़लता को लेकर निक्षय पोर्टल के माध्यम से रोगियों से संबंधित सभी तरह का डेटा अपलोड किया जा रहा है। क्योंकि मरीज को दवा लेने के बाद निबंधित मोबाइल नंबर से मिस्ड कॉल करना पड़ता है। अगर इस पर कॉल नहीं आता है तो वर्ल्ड विजन इंडिया के कर्मी के द्वारा कॉल किया जाता और दवा नहीं लेने का कारण पूछा जाता हैं। इस तरह से मरीज की दवा खुराक की निगरानी हो रही है। इसके साथ ही निःशुल्क उचित परामर्श, इलाज के बाद दवा दी जाती है। साथ ही उन्हें सरकार की ओर से आर्थिक मदद भी दी जा रही है। जनवरी से जुलाई तक 185 मरीजों की हुई पहचान वरीय यक्ष्मा पर्यवेक्षक उमेश कुमार ने कहा कि स्थानीय प्रखंड में जनवरी महीने में 26, फरवरी में 26, मार्च में 25, अप्रैल में 29, मई में 33, जून में 23 और जुलाई में 23 मरीजों की पहचान हुई है। जिनकी दवा नियमित रूप से चल रही है। वहीं निश्चय पोषण योजना के अंतर्गत 500 रुपए टीबी के मरीजों को उचित खुराक उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार की तरफ से दी जाती है। दवा खाने समय तक यानी छः महीने तक निक्षय मित्र के द्वारा पौष्टिक आहार के रूप में फूड पैकेट दी जाती है। स्थानीय प्रखंड में फिलहाल 10 मरीजों को गोद लिया गया है।

## बीपीएससी की तैयारी कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए संजीवनी बूटी के रूप में लॉन्च हुआ "अंतिम प्रहार कैप्सूल" नामक पुस्तक




**अररिया।** सातवें चरण के शिक्षक बहाली को लेकर बीपीएससी द्वारा आयोजित होने जाने वाले परीक्षा में सफलता प्राप्त करने को लेकर शिक्षक अभ्यर्थियों ने पूरी ताकत लगा दी है।इसी कड़ी में स्थानीय गर्ल्स आइडियल एकेडमी अररिया प्रांगण में चल रहे मिशन बीपीएससी कोचिंग क्लासेस टीम द्वारा शिक्षक अभ्यर्थियों को बेहतरीन तरीके से तैयारी कराई जा रही है और उम्मीद जताई जा रही है कि इस संस्थान से अधिकांश शिक्षक अभ्यर्थी सफलता अर्जित करेंगे।इसी कड़ी में संस्थान द्वारा सभी शिक्षकों के सहयोग से शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए अंतिम कम समय में बेहतरीन तैयारी के दृष्टिकोण से एक पुस्तक तैयार किया गया है।

"अंतिम प्रहार कैप्सूल" नामक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत कोचिंग क्लासेस के निदेशक विवेक कुमार,व्यवस्थापक आफताब फिरोज़, शिक्षक कृष्णा आनंद, सौरभ कुमार ,उदय भानू जी, नौशाद आलम, राहिल अज़ीज़, आफताब साबिर आदि ने पुष्पगुच्छ भेंट देकर किया। मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल्स ऑफ आइडियल ग्रुप के निदेशक प्रोफेसर एम.ए.एम. मुजीब ने सभी शिक्षक अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षक से बड़ा कोई पद नहीं है जिस प्रकार से आप सभी ने मेहनत और लगन से तैयारी किया है आप निश्चित तौर पर सफल होंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्रकार संघ के जिला सचिव अमित कुमार अमन और शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जाफर रहमानी,मेराज़ ख़ान ने भी शिक्षक अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करते हुए बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर अतिथियों में उपेन्द्र मंडल,मो.फिरोज आलम, एजाज आलम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों के साथ कि अहम बैठक,दीये कई दिशा निर्देश



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर, सुपौल/**जिले के किसनपुर प्रखंड परिसर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मंगलवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिषेक कुमार सिन्हा के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मौजूद एएनएम को निदेशित किया गया कि आशा कार्यकर्ता के हड़ताल पर रहने के कारण टीकाकरण के कार्य में कुछ बाधाएं उत्पन्न हो रही है। जिसके चलते मासिक लक्ष्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। जिसे पूर्ण करने के लिए अपने क्षेत्र में सम्बंधित सेविका के माध्यम से टीकाकरण करवाएं। ताकि लक्ष्य को पूरा किया जा सके। वहीं ड्यू लिस्ट के अनुसार 100त्न बच्चे को टीकाकरण करने निर्देश दिया गया। बैठक में एएनएम के माध्यम से किए जा रहे ऑनलाइन कार्य की भी समीक्षा की गई। सभी नियम को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दिन ऑनलाइन के माध्यम से किए जा रहे कार्यो को निश्चित रूप से करते रहें। क्योंकि इसकी समीक्षा सिविल सर्जन महोदय के द्वारा किया जाता है। वहीं बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक अभिलाष कुमार वर्मा, प्रखंड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक चंदन कुमार, बीएमसी यूनिसेफ सहित अन्य मौजूद थे।

# देसी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ दो बदमाश गिरफ्तार



**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,पिपरा ,सुपौल/**जिले के पिपरा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह ने बताया मंगावर रात्रि गश्ती के दौरान कटैया के समीप वाहन चेकिंग पुलिस के द्वारा किया जा रहा था इसी क्रम में आगे से आ रहे पल्सर गाड़ी को रोका गया तो बाइक पर सवार मोहम्मद परवेज मधुरा किशनपुर निवासी एवं मोहम्मद जुबेर करहिया किशनपुर निवासी के साथ तलाशी के दौरान कमर से एक देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ दो मोबाइल को बरामद किया गया । पूछताछ के क्रम में बताया की कटैया में ताजिया मेला देख कर जा रहे थे। दोनों गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में सुपौल भेज दिया।

# प्रखंड के चौहट्टा गांव के समीप भीमनगर ओपी से एक कैदी को कोर्ट ले जाने के क्रम में पेशाब के बहाने चकमा देकर हुआ फरार




**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर, सुपौल/**जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के किशनपुर दक्षिण पंचायत के चौहट्टा गांव के समीप मंगलवार को भीम नगर ओपी से एक कैदी को पुलिस ने कोट ले जा रहा था। इसी दौरान चौहट्टा गांव के समीप केदी ने पेशाब करने को लेकर गाड़ी रोकने को कहा। इसी दौरान कैदी पेशाब करने के बहाना से हाथ में लगे हथकड़ी को निकालकर पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। वहीं भीम नगर पुलिस ने बताया कि भीम नगर थाना क्षेत्र के रतनपुरा पंचायत के वार्ड 7 निवासी ऋतिक कुमार 24 वर्ष को भीम नगर एसएसबी के जवानों ने नाबालिक लड़की के साथ सोमवार की शाम नेपाल जा रहे थे। इसी दौरान दोनों को गिरफ्तार किया था और एसएसबी के द्वारा नाबालिक लड़की को सुपौल अल्पा कारावास में रखा गया है। भीमनगर पुलिस ने कहां की उक्त युवक उत्तर प्रदेश से एक नाबालिक लड़की को भगाकर लाया था।जहां नेपाल ले जा रहा था। इसी मामले में युवक के उपर केस दर्ज कर कोर्ट ले जा रहे थे।

# एसएफसी गोदाम से हो रहे कालाबाजारी पर कब लगेगी अंकुश! आखिर किसके छत्र छाया में चल रहा है गोरखधंधा

## लोग कहते हैं इस तमाम गोरखधंधे के पीछे बड़े सिंडीकेट का भी हाथ हो सकता है।

**कुन्दन कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल/**जिले छातापुर प्रखंड अंतर्गत एक तरफ प्रशासनिक महकमा आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने की कोशिश में जुटा है, दूसरी तरफ गोलमाल कर अपनी जेब भर रहे अधिकारियों को चुनौती देने से बाज नहीं आ रहे। गोलमाल करने वाले लोगों के सामने सिस्टम फेल होता दिख रहा। तभी तो गड़बड़ी पकड़े जाने के बावजूद सिस्टम का हवाला देकर दो नंबरी अपनी रोटी सेंक साफ निकल जाते। ताजा मामला छातापुर एसएफसी गोदाम से जुड़ा हुआ है। जहां गोदाम कर्मियों द्वारा जन वितरण प्रणाली की दुकान पर दी जाने वाली राशन की बोरियों में कम तौल के चलते कोटेदार और लाभार्थी दोनों ही परेशान हैं। जहाँ एसएफसी गोदाम से जन वितरण प्रणाली की दुकानदारो को मिलने वाली खाद्यान्न में गोदाम कर्मियों के द्वारा सेंधमारी कर ली जाती है तो वही कुछ बोरी की कालाबाजारी डीएसडी के ड्राइवर व मजदूरों के द्वारा रास्ते में कर मोटी रकम की कमाई कर लिया जाता है। जिसको पूरा करने के लिए कोटेदार लाभुकों से प्रति यूनिट आधा से एक किलो ग्राम तक कि कटौती कर पूरा कर लेते हैं। हालांकि विभागीय डर से कोई भी डीलर इसको लेकर एक शब्द भी बोलने से परहेज करते हैं। यह पहली बार नही



हो रहा बल्कि वर्षो से चल रहे गोरखधंधे कि जानकारी नीचे से ऊपर तक बैठे तमाम जिम्मेदार लोगों को है। हालांकि इस पर अंकुश लगाने की कवायद यदा कदा की भी जाती है लेकिन कुछ दिनों तक ठीकठाक तरीके से चलता है पुनः घटतौली की कहानी शुरू हो जाती है।लोग कहते हैं इस तमाम गोरखधंधे के पीछे बड़े सिंडीकेट का भी हाथ हो सकता है। लेकिन इसकी जांच जब तक नहीं हो जाती कुछ भी कहना मुश्किल है। जिसका परिणाम है कि कोटेदार अपनी हक के लड़ना तो दूर एक शब्द भी बोलने से कतराते हैं। हकीकत की तह तक पहुंचने के लिए जब कुछ जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों से बात की गई तो कई राज से पर्दा उठ गया। नाम नही छापने की शर्त पर क्षेत्र के दर्जनों जविप्र बिक्रेताओं ने बताया कि गोदाम से खाद्यान्न कम मिलने की वजह से उन्हें लाभार्थियो को मजबूरन कम राशन देना पड़ता है अगर इसकी अधिकारियों से शिकायत की जाती है उन्हें प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है। मसला वही का वही रह जाता है। वहीं कई डीलरों ने बताया कि डोर स्टेप डिलीवरी वाहन से रास्ते में खाद्यान्न उतार कर बेचने की सिलसिला भी काफी पुरानी है इनका शिकायत भी कई बार विभाग को की जा चुकी है लेकिन कोई अंकुश नहीं लग पाया। बताया कि डीलरों के साथ एसएफसी गोदाम के द्वारा भी ना इंसाफी की जाती है। जहाँ वर्षो से एसएफसी गोदाम के द्वारा बोरा सहित वजन कर गेहूं एवं चावल डीलर को उपलब्ध कराया जा रहा हैं। जहाँ जुट वाले एक बोरे का वजन 500 ग्राम से 600 ग्राम के करीब होता है। ऐसे में प्रत्येक बोरे में 580 ग्राम अनाज कम आ रहा है। जबकि डीलरों के द्वारा लाभुकों को उचित वजन उपलब्ध नहीं करवाये जाने पर डीलरों पर कारवाई होते आ रही है। लाभुकों को अगर उचित वजन उपलब्ध कराया जाता है तो हम डीलरों के पास गेहूं एवं चावल स्टॉक के अनुरूप कम पड़ जाता है।

# नवविवाहिता की मौत के बाद, हो हंगामा के उपरांत परिजनों के सहमति पर शव का किया गया अंतिम संस्कार, पति ने अर्थी को कंधे देकर दिया खान जी मुखाग्नि





**अभिषेक आनंद/ दैनिक शुभ भास्कर ,बीरपुर, सुपौल/** जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड के अंतर्गत दहेज के लोभियों के कारण परिणय सूत्र में बंधने के लगभग 3 महीने में ही नवविवाहिता की जान चली गयी। ताजा मामला रतनपुर थानाक्षेत्र रतनपुर पंचायत के बहुरवा वार्ड 12 में बीते 29 जुलाई को दहेज प्रताड़ना के मामले में नवविवाहिता की फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव मिला था। रविवार को परिजनों के समक्ष पहुंचे एसडीपीओ वीरपुर पंकज कुमार मिश्र ने कहा कि पुलिस अनुसंधान में जुटी है। विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। परिजनों को आश्वासन दिया कि जल्द ही दोषियों के ऊपर कार्यवाई की जाएगी। वही मृतिका के माता- पिता अपने कार्यस्थल पंजाब से शाम के करीब 6 बजे घटना स्थल पर पहुँचे। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। जिसके बाद रतनपुर थाना में 7 लोगो को नामजद कर आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी। मृतिका नीतू के माता - पिता व परिजन के घटना स्थल पर पहुचते ही हो हंगामा शुरू हो गया और घटना के मामले में दोषियों की गिरफ्तारी व सख्त करवाई की मांग करने लगा। घटना स्थल पर लड़की के मायके पक्ष के भारी संख्या में महिलाओं व पुरुषों की भीड़ लगी रही। इससे पूर्व दहेज प्रताड़ना को लेकर लड़की के परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया है। लड़की के परिजनों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने रामसागर मेहता के सभी आवासीय घरों में ताला जड़ दिया। करजाईन थानाक्षेत्र के बौराहा पंचायत के जनप्रतिनिधि, रतनपुर पंचायत के जनप्रतिनिधि समेत अन्य कई पंचायत के जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवी वर्ग के लोग और कई थाने के पुलिस बल की मौजूदगी में शव की अंतिम संस्कार करने के लिए लगभग 6 घंटे तक विचार विमर्श चलता रहा। देर रात्रि करीब 1 बजे परिजनों की सहमति पर शव का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में मुखाग्नि मृतिका के पति दीपक कुमार मेहता ने पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दिया। अंत्योष्टि के बाद पुलिस ने नवविवाहिता के पति को पुलिस अपने हिरासत में ले लिया। वहीं लड़की के ससुर राम सागर मेहता दो दिन पूर्व से ही पुलिस हिरासत में है।क्या है पूरी मामला ꞊ बीते 29 जुलाई को दहेज उत्पीड़न मामले रतनपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत रतनपुर पंचायत के बहुरवा वार्ड नं 12 में फांसी के फंदे से नवविवाहिता 21 वर्षीय नीतू कुमारी का लटकता हुआ शव मिला। मामले की जानकारी मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा रतनपुर थाना पुलिस एवं नवविवाहित के मायके को सूचना दी गयी थी। बता दे कि करजाईन थानाक्षेत्र के बोराहा पंचायत वार्ड नंबर 4 निवासी महानंद मेहता अपने इकलौती पुत्री नीतू कुमारी की शादी रतनपुर पंचायत के पूर्व सरपंच ललिता देवी के जेष्ठ पुत्र दीपक कुमार मेहता से 1 मई 2023 को 5 लाख रुपये दहेज देकर शादी रचाया था। साथ ही लगभग 15 भरी जेवरात व अन्य दैनिक उपयोगी समाने भी दी थी। रतनपुर पंचायत के स्थानीय प्रदीप कुमार शर्मा का कहना है कि शनिवार की देर शाम करीब 9 बजे दीपक मेहता ने हमें फोन किया और कहा कि हमको रतनपुर बाजार पर छोड़ दो बस पकड़ना है। दीपक को बाजार पर छोड़कर आने के बाद मैं अपने घर आ गया। रविवार की सुबह करीब 9 बजे राम सागर मेहता के बुलाने व कहे जाने पर काफी मशक्कत के बाद घर मे घुसा और देखा कि नीतू फांसी के फंदे से झूल रही है। मैन गेट को खोला उसके बाद क्या हुआ हमें पता नही है। परिजनों का कहना है कि जिस फांसी के फंदे से नीतू लटकी हुई थी। रूम के फर्श से धरेन की दूरी काफी कम है। सुनियोजित तरीके से नीतू की हत्या करके फांसी के फंदे से लटकते हुए आत्महत्या करने का रूप दे दिया गया है। ताकि हत्या को छुपाया जा सके। ये सुसाइड नही सुनियोजित हत्या है।शादी के बाद भी दहेज के लोभी ससुर व पति नीतू को प्रताड़ित करते थे ꞊ नीतू एवं दीपक के परिणय सूत्र में बंधने के बाद मृतिका के ससुर राम सागर मेहता के द्वारा बार-बार दहेज मांग कर प्रताड़ित किया जाता था। रुपये नही देने पर पंजाब में मजदूरी कर रहे लड़की के पिता महानंद मेहता को धमकी भी दिया जाता था कि यदि 2 लाख पचास हजार नही दिए तो आपके बेटी को जान से मार दिया जाएगा। महानंद मेहता ने बताया कि दहेज के रुपए का लेनदेन ढाई लाख चेक के माध्यम से एवं शेष राशि यूपीआई एवं नगद के रूप में रामसागर मेहता को दिया गया था। आरोप है कि नवविवाहिता के पति दीपक मेहता , ससुर रामसागर मेहता एवं उनके पूरे परिवार के सदस्यों के द्वारा बार-बार दहेज की मांग कर प्रताड़ित किया जाता था। शादी के बाद भी परिजनों ने ससुराल वालों को नगद व मोटरसाइकिल भी दिया ꞊ शादी के बाद भी कई बार यूपीआई के माध्यम से लड़की के ससुर रुपये दिया गया है। साथ ही लड़के को एक मोटरसाइकिल भी दिया गया था। लड़की के बड़े पापा अरुण मेहता ने 4 जुलाई 2023 को रामसागर मेहता के बैंक खाते में 25000 रुपये भेजा था।

# घर में दैनिक कार्य करने के दौरान एक महिला हुई सर्प दंश का शिकार



**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल/**जिले के निर्मली प्रखंड अंतर्गत डुमरा गांव में घर में दैनिक कार्य करने के दौरान एक महिला सर्पदंश का शिकार हो गई. जिसके बाद आनन-फानन में सर्पदंश से हुए जख्मी महिला को परिजनों के द्वारा अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहा उपस्थित डॉक्टर के द्वारा महिला का इलाज किया गया. सर्पदंश से जख्मी महिला की पहचान दुमराह गांव निवासी सहनाज़ बेगम फिर उसने बताया गया. बताया जा रहा है कि महिला घर के बरांदे पर दैनिक कार्य कर रही थी इसी दौरान उनके पैर में एक सर्प दंश लिया. फिलहाल महिला इलाज के बाद सुरक्षित बताया जा रहा है।

# करजाईन के अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र से गायब रहते हैं डॉक्टर



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर ,राघोपुर ,सुपौल/**जिले में राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के करजाईन बाजार स्थित भूदरमल राजकीय अस्पताल में विगत कई दिनों से इस अस्पताल में पद स्थापित डॉ0 सुरेंद्र मंडल अपने मनमर्जी रवैया से बाज नहीं आते हैं। कभी भी समय से करजाईन अस्पताल में उपस्थित नहीं रहते। इस बारे में मरीजों के द्वारा पूछे जाने पर डॉ0 उन्हें डांट फटकार कर भगा देतें हैं। वहीं ग्रामीणों ने आयुष चिकित्सक पर आरोप लगाते हुए बताया की एक तरफ सरकार व विभाग के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में बड़े बदलाव होते नजर आ रहें हैं। पहले से ज्यादा दवाइयां, नए भवन का निर्माण हो रहा है। मगर इस अस्पताल के डॉ0 सुरेंद्र मंडल कभी भी ठीक समय से नहीं आते हैं। जब कोई इसका कारण पूछते हैं तो उन्हीं से उलझ जाते हैं और केस करने तक की धमकी देकर धमकाते रहते हैं। जब मरीज अस्पताल आते हैं तो डॉक्टर अनुपस्थित मिलते हैं। जिस कारण मरीज विवश होकर या तो कमपाउन्डर से इलाज कर या बैरग लौट जाते हैं। वहीं इस अस्पताल के अन्दर सांसद के द्वारा दो कमरे का प्रसव केंद्र बन कर तैय्यार होने को हैं।जहां इस क्षेत्र की महिलाओं को प्रसव को लेकर काफी सुविधाएं मिलेंगे। वहीं दुसरी तरफ पदस्थापित डॉक्टर अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं। अस्पताल की ड्यूटी छोड़ प्राईवेट क्लिनिक में लीन रहते हैं। एक साथ दो कमाई करने में लगे रहते हैं। गरीब मरीज को देखने वाल कौन है। इस बारे में राघोपुर प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारी दीपनारायण राम से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि करजाईन अस्पताल के चिकित्सक पद पर पदस्थापित सुरेंद्र मंडल को समझा कर थक चुके हैं पर वो कभी मन लगा कर अपनी ड्यूटी नहीं करते हैं। कई बार अपने ड्युटी से अनुपस्थित पाए जाने की सूचना मुझे भी मिली हैं। क्षेत्र लोगों ने जिला प्रशासन से इस मामले की जांच कर ऐसे चिकित्सकों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

# एस एस बी ने मानव तस्करी के उद्देश्य से ले जा रहे 01 नाबालिग को मानव तस्कर से छुड़ाया



**अभिषेक आनंद/ दैनिक शुभ भास्कर, बीरपुर, सुपौल/** जिले में वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र के एस एस बी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी शैलेषपुर के जाँच दल द्वारा सीमा पर 01 तस्कर को मानव तस्करी के उद्देशय से भारत से नेपाल ले जा रहे 01 नाबालिग लड़की के साथ गिरफ्तार किया गया।जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री जगदीश कुमार शर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि स.उप-निरीक्षक करम सिंह के नेत्रत्व में एवं अन्य 04 जिसमे महिला बल कर्मी भी शामिल थी सीमा स्तम्भ 206/1 के पास चेक पोस्ट पर अपनी दैनिक जांच ड्यूटी का निर्वाहन कर रही थी इसी क्रम में जाँच दल द्वारा देखा गया कि एक व्यक्ति एक लड़की के साथ भारत प्रभाग से नेपाल प्रभाग की तरफ जा रहा रहा है।जाँच दल द्वारा दोनों को रोककर पूछ-ताछ किया गया एवं कागजों की जांच की गई पूछ-ताछ एवं जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि लड़की जो नाबालिग थी को भारत से नेपाल की तरफ मानव तस्करी के उद्देशय से ले जाया जा रहा था तस्कर की पहचान ऋतिक कुमार, उम्र- 23 बर्ष, पिता- नरेश शर्मा, ग्राम- अररिया जिला ङ्क सुपौल (बिहार) के रूप मे की गयी जिसके पास से 9800 रुपए, 01 samsung mobile मानव तस्करी के उद्देशय से ले जा रहे उक्त लड़की का नाम जूली मौर्य (काल्पनिक नाम), उम्र-15 वर्ष (नाबालिग) पुत्री जितेंदर मोर्य , सेक्टर-10, नॉएडा, गौतम बुद्धा नगर (उ.प्र.) के रूप में कि गयी नाबालिग लड़की के पास व्यक्तिगत रूप से 1050/-रूपये, 01 छोटा keypad मोबाइल फ़ोन पाया गया विशेष जाँच दल द्वारा आवश्यक कागजी कार्यवाही के उपरांत पकडे गये व्यक्ति और जप्त सामान को थाना- ओ.पी. भीमनगर को एवं नाबालिग लड़की को व्यक्तिगत सामान के साथ चाइल्ड लाइन, सुपौल बिहार को सुपुर्द किया गया

## प्रदर्शन | बिजली विभाग हमलोगों की समस्या को अनसुनी करती है।

# बिजली आपूर्ति में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने पीएसएस के खिलाफ किया प्रदर्शन



**कुन्दन कुमार/दैनिक शुभ भास्कर,छातापुर ,सुपौल/**जिले में छातापुर प्रखंड क्षेत्र के डहरिया पंचायत वार्ड 3 स्थित चकला गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने बिजली की समस्या को लेकर मंगलवार को पीएसएस पहुँच जमकर प्रदर्शन किया और जेई को आवेदन देकर बिजली की समस्या से अविलंब निदान का मांग किया है।

स्थानीय राहुल झा, सुमन कुमार, ललन कुमार मंडल, संजीव कुमार दास, सौरभ कुमार, प्रभात झा, अविनाश कुमार, सुनील मंडल, अनिल मंडल, राजेश कुमार, संतोष कुमार, मंजय कुमार शर्मा, ज्योतिष कुमार आदि ग्रामीणों ने बताया कि बीते दो माह से बिजली कटौती की समस्या से इस उष्म भरी गर्मी में हमलोग परेशान हैं, लेकिन बिजली विभाग हमलोगों की समस्या को अनसुनी करती है। वार्ड नंबर तीन स्थित ट्रांसफार्मर में अत्यधिक लोड रहने के कारण बराबर हमलोगों का बिजली आपूर्ति में गड़बड़ी होती है, कभी फ्यूज उड़ना तो कभी लॉ वोल्टेज का सामना करना पड़ता है। बिजली आपूर्ति में गड़बड़ी होने के बाद लाइनमेन नहीं पहुंचते हैं, फोन करते हैं तो बतमीजी करता है, जेई और पीएसएस को फोन करते हैं तो हमेशा दोनों का नंबर व्यस्त रहता है। बताया कि आसमान में बादल मंडराते ही डहरिया फीडर का घंटो बिजली गुल हो जाती है, सोमवार को दोपहर से लेकर देर रात तक बिजली गुल रही, देर रात के बाद बिजली बहाल हुआ भी तो चकला गांव में लॉ वॉल्टेज का सामना करना पड़ा, करीब 20 घंटा बाद बिजली आपूर्ति पूर्ण से बहाल हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली आपूर्ति का तार जर्जर हो गया है, बरसात से पूर्व विभाग को मेंटेनेंस का कार्य करवाया जाना था, लेकिन मेंटेनेंस का कार्य नहीं करवाने के कारण ये समस्या उत्पन्न हो रही है।वहीं जेई बैद्यनाथ प्रसाद गुप्ता ने बताया कि आवेदन के आलोक में कर्मी को भेजकर जांच करवाया जाएगा, जल्द ही समस्या का निदान करवा दिया जाएगा।

# एक 17 वर्षीय युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या





**ललन कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, मरौना, सुपौल/**जिले में मरौना प्रखंड अंतर्गत नदी थाना क्षेत्र के बेलही पंचायत स्थित वार्ड 07 मे मंगलवार की दोपहर एक 17 वर्षीय युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा की बेलही पंचायत के वार्ड 07 निवासी वकील मंडल के 17 वर्षीय पुत्र भोला मंडल उर्फ़ भुल्ला मंडल ने मंगलवार की दोपहर गले मे गमछा लगा कर घर के बगल मे लगा आम के पेड़ से झूल गया। जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई वही इस संबंध मे युवक के माता अनीता देवी ने पूछने पर बताया की हमलोग अन्य दिनों के भाती खाना खा कर धान रोपने के लिए गये चले गये थे।

मृतक तीन भाई बहन में बीच का बतया जाता है । मृतक कि मां ने बतया कि मेरे बेटे से किसी को कोई दुश्मनी नही थी और ना ही घर के किसी भी सदस्य से किसी प्रकार कि कहा सुनी हुई थी। कहा कि मेरे घर के बगल में बगीचा है और उस बगीचे में पानी भी है इस वजह से उस ओर गिने चुने ही व्यक्ति जाते है । चार बजे के आस पास जब कुछ लड़की घास काटने के लिए गया तो देखा कि मृतक भोला मंडल एक आम के पेंड से लटक रहा है। लकते हुए भोला को देख कर शोर शराबा करने लगा। शोर शराबा देख कर आस पास के लोग दौड़ कर बगीचा में पहुँचे और लकते हुए मृतक को घर के पीछे लाया। इस घटना कि सूचना मिलते ही नदी थाना अध्यक्ष राजू कुमार और पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी राजू रंजन ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर घटना कि जायजा लिया । अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि घटना सही है शब को पोस्टमार्टम के लिए सुपौल भेजा जा रहा है । इस घटना से परिजनों में चीख पुकार मचा हुआ है ।

## ख़ास ख़बर

## आंगनबाड़ी केंद्र जांच में बीडीओ ने पाया कई गड़बड़ी, 24 घंटे के अंदर मांगा स्पष्टीकरण



**नासरीगंज (रोहतास)** नगर के वार्ड 06 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 104 का मंगलवार को बीडीओ मो0 जफर इमाम ने जांच किया। जांच के क्रम में सेविका व सहायिका दोनों गायब पायी गईं। इसके साथ ही अनाधिकृत रूप से रसोइया कुछ बच्चों को पढा रही थी। इसके अलावे जांच कर क्रम में कई खामिया पाई गई है। बीडीओ ने बताया कि वार्ड 6 नगरवासी अजय कुमार के द्वारा शिकायत के आलोक में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 104 का जांच किया गया। जहां अनाधिकृत रूप से एक महिला बच्चों को पढा रही थी। वहीं बच्चों के लिए खाना की तैयारी भी नही की जा रही थी। पूछने पर उक्त महिला राजपति देवी के द्वारा कुछ भी स्पष्ट नही बताया गया। केंद्र पर बच्चों की संख्या मात्र 11 पाई गई तथा कोई बच्चा यूनिफॉर्म में नही था। केंद्र के परिसर में गंदगी भी बहुत थी। इसको लेकर केंद्र संख्या 104 की सेविका मंजू देवी व सहायिका मीना कुंवर को 24 घंटे के अंदर अपना स्पष्टीकरण देने को कहा गया है कि उनदोनों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रेतर करवाई की प्रक्रिया क्यों नही अपनाया जाए।

## बैंक शाखा प्रबंधक ने खाता खुलवाने गई महिला साथ किया दुर्व्यवहार, मामला दर्ज

**नासरीगंज (रोहतास)** नगर पंचायत स्थित बंधन बैंक के अधिकारियों द्वारा एक महिला ग्राहक के साथ दुर्व्यवहार एवं खाता खोलने से इंकार किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित महिला के पति संतोष सिंह ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि बरडीहां निवासी महिला सुनिता देवी अपने पति के साथ उक्त बैंक में खाता खुलवाने गई थीं। लेकिन घंटों इंतजार के बाद शाखा प्रबंधक कौशल कुमार और कर्मी निकी ने ना सिर्फ खाता खोलने से इंकार किया, बल्कि महिला के साथ दुर्व्यवहार भी किया। वहीं बैंक प्रबंधन ने कहा कि उक्त महिला ग्राहक बैंक से लोन प्राप्ति के लिए खाता खोलवाना चाह रही थीं। लेकिन हम उन ग्राहकों को लोन उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं हैं, जो? आवश्यक औपचारिकताएं पूरी नहीं करते हैं। इधर थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में जांच की जा रही है।

## विद्युत कर्मी के आकस्मिक निधन पर लोगों ने शोक जताया



**नासरीगंज (रोहतास)** विद्युत पावर सब स्टेशन के विधुत कर्मी सह नगर के वार्ड 05 के निवासी चंद्रशेखर प्रसाद का सोमवार की देर शाम आकस्मिक निधन हो गया। जिससे उनके परिजनों व विधुत विभाग के अधिकारियों व कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर धुस स्थित विधुत पावर सब स्टेशन में मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और विधुत विभाग के कर्मियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। एसडीओ धीरेंद्र कुमार ने कहा कि स्व0चंद्रशेखर प्रसाद विधुत आपूर्ति अवर प्रमंडल में सारणी पुरुष के पद पर कार्यरत थे। वे एक अच्छे विधुत कर्मी के साथ-साथ एक अच्छे स्वभाव वाले व्यक्ति थे। उनकी कमी हम सभी को हमेशा खलेगी। उनके आकस्मिक निधन से हम सभी को अपूर्णीय क्षति हुई है। शोक सभा में जेई राजस्व, विकास कुमार, जेई पंकज कुमार शर्मा,जेई काराकाट आशीष कुमार शैलेन्द्र प्रसाद, इम्तेयाज आलम, राजू कुमार, दिवाकर जी, सुमेश्वर शर्मा, वीरेंद्र कुमार, सुषमा कुमारी, अताउल्ला, राजा कुमार, रियासत दर्जी, रजनीश कुमार, लव कुमार राय, सोनू कुमार, बटेश्वर कुमार, मो0 रफीक इकबाल, नंदजी पंडित, अंजनी सिंह, टुनटुन कुमार, अनुपम कुमार, रविन्द्र कुमार सिंह, मोती प्रसाद, अकबर अंसारी, हरिनारायण सिंह, पिंटू कुमार, मोजाहिद अंसारी, रामु कुमार, गुरु कुमार, मनोज राम व मोकिम अंसारी आदि मौजूद थे।

# वर्षा की उम्मीद में खेतों में सूखने लगे धान के बिचड़े, किसानों के चेहरे पर छायी मायूसी



**नासरीगंज (रोहतास)** प्रखण्ड क्षेत्र में पानी के अभाव में खेतों में रोपनी बाधित है और धान के बिचड़े भी सूखने लगे हैं। इसी क्रम में रात में एक बजे पटवन के लिए बिजली आने के इंतजार में सैंकड़ों किसान रात भर खेतों में बैठे रह गये। लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। ना तो बिजली आई और ना ही खेतों में पानी पहुंच सका। यह घटना खिरियावं पंचायत के खिरियावं, बलदेव टोला, गनौरी बिगहा और तुर्कबिगहा समेत दर्जनों गांव की है। जब लोग सोमवार को रात भर खेतों पर डटे रहे। किसान बालेश्वर सिंह, विजय सिंह, सत्येंद्र यादव, ओमप्रकाश सिंह, बजरंगी यादव, बाबूलाल यादव, गूधन सिंह, नागेंद्र सिंह, धन्नू यादव, जितेंद्र सिंह, अनिल कुमार, टूटू कुमार, सर्यू सिंह, कामेश्वर महतो, धनजी यादव, छोटन कुमार, बबन यादव, वंदन कुमार और चंद्रदेव महतो समेत कई किसानों ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा सुचना दी गई थी कि रात में एक बजे पम्पिंग मशीन के द्वारा खेतों के पटवन के लिए बिजली दी जाएगी। इसी के आलोक में लोग रात भर खेतों में बैठे रह गये। किसानों ने बताया कि वर्षा नहीं होने से हजारों बीघे खेत पूरी तरह सूखे की चपेट में आ गये हैं। जिनमें लगे धान के बिचड़े भी सूखने लगे हैं। ऐसी स्थिति में ना तो नहरों में पानी है और ना ही पटवन के लिए बिजली ही उपलब्ध हो पा रही है। किसानों ने कहा कि यदि यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में ना सिर्फ उनके समक्ष आर्थिक तंगी आएगी। बल्कि उन्हें लाखों रूपये का घाटा भी झेलना पड़ सकता है। इधर पंचायत की मुखिया मंजू देवी और समाजसेवी बिरेंद्र कुमार यादव ने बिजली विभाग पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए समय पर बिजली उपलब्ध किये जाने की मांग की है। इस मामले पर विद्युत सहायक अभियंता धीरेंद्र कुमार ने बताया कि कृषि फीडर में सुबह पांच बजे से शाम पांच बजे तक मात्र बारह घंटे बिजली आपूर्ति का प्रावधान है। इसी बीच विशेष बिजली संकट के चलते कभी-कभी एक-दो घंटे पावर शट डाउन हो जाता है। उन्होंने किसानों को आगाह की बारह घंटे के लिए उपलब्ध बिजली के दौरान ही लोग पटवन का कार्य करें।

# लूटकांड में संलिप्त अपराधी को पुलिस ने दबोचा, मोबाइल-अपाची वाहन पुलिस ने किया जब्त




**सूर्यपुरा (रोहतास)** स्थानीय पुलिस ने मोबाइल लूटकांड का उदभेदन करते हुए कांड में उपयोग की गई एक अपाची बाइक एवं लुटे गए सैमसंग का एक एंड्रॉयड स्मार्टफोन के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में कोर्ट में पेश किया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि मेरे साथ एएसआई विमलेश कुमार एवं पुलिस बल के जवानों के साथ लिए गए तकनीकी सहयोग एवं मोबाइल लोकेशन के आधार पर सोमवार की देर रात छापेमारी कर मोबाइल लूटकांड के अपराधी नोखा थाना क्षेत्र के डुमरा गांव के रघुनंद कुमार उर्फ राघवेंद्र कुमार उर्फ तूफानी, पिता सुदर्शन राम को लूटकांड में उपयोग की गयी अपाची "बिना रजिस्ट्रेशन" के न्यू ब्लू कलर बाइक एवं लुटे गए सैमसंग का एक ऐंड्रॉयड मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

जिसने पुलिस के द्वारा घंटो पूछताछ करने पर लूटकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है, वहीं थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि पकड़े गए अपराधी से पूछताछ करने पर यह भी स्वीकार किया है कि घटना में लूटी गयी नगद राशि को आपस में सभी ने बटवारा कर लिया था, वहीं लूटकांड में संलिप्त अन्य दो साथियों की संलिप्तता भी स्वीकार की है, जिसके निशानदेही पर अन्य दोंनो अपराधियों की धर पकड़ के लिए सघन छापेमारी की जा रही है। जिसे पुलिस अन्य दोंनो को जल्द ही गिरफ्तार कर लेगी। बताते चलें कि थाना क्षेत्र के बक्सर लाइन नहर सड़क पर पवरा गांव के सामने बीते 14 जुलाई की देर शाम बिक्रमगंज के मोबाइल दुकान अभिषेक इंटरप्राइजेज के सेल्समैन बहुआरा निवासी विजेंद्र सिंह से दिनारा के खनिता से मोबाइल देकर वापस बहुआरा लौटने के दौरान पूर्व से घात लगाए एक अपाची पर सवार तीन अपराधियों ने हथियार के बल पर सेल्समैन से पाच सैमसंग ऐंड्रॉयड मोबाइल एवं अठारह सौ नगदी की लूट कर घटना को अंजाम दिया था। जिसमें सूर्यपुरा पुलिस ने उक्त मोबाइल लूटकांड का उदभेदन कर लुटे गए एक सैमसंग ऐंड्रॉयड मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त अपाची बाइक के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में कोर्ट में पेश किया।

# स्नातक पार्ट वन की परीक्षा चार केंद्रों पहले दिन शांतिपूर्ण हुई संपन्न, चार परीक्षा केंद्र सहित 6638 परीक्षार्थी है शामिल



**बिक्रमगंज (रोहतास)** स्थानीय शहर के चार परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन मंगलवार को दो पालियों में स्नातक पार्ट वन की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। ज्ञात हो सत्र 2022-25 स्नातक पार्ट वन की परीक्षा 1 से 18 अगस्त तक दो पालियों में निर्धारित समय पर पहली पाली प्रातः 10 से 1 बजे तक दूसरी पाली दोपहर 2 से 5 बजे तक संचालित होगी।वही संचालित परीक्षा अंतर्गत वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर 3596, अंजबीत सिंह महाविद्यालय 908,पटेल महाविद्यालय 1205, व इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय में 929 परीक्षार्थियों की संख्या है। जहां संचालित परीक्षा के पहले दिन दो पालियों में साइंस और कला संकाय विषयों के परीक्षा में किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई परीक्षार्थी निष्कासित नहीं हुए।

हालांकि कुछ परीक्षा केंद्र पर केंद्राधीक्षकों ने बताया की परीक्षार्थी अनुपस्थित जरूर रहें। दूसरी तरफ संचालित परीक्षा के संबंध में वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर शिक्षक प्रतिनिधि डॉ0 मनीष रंजन व केंद्राधीक्षक डॉ0 सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कदाचरमुक्त परीक्षा को लेकर ब्लूटूथ,मोबाइल, चिट पुर्जे, मुन्ना भाई सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर नकेल कसने में समस्त महाविद्यालय कर्मी तत्पर है। जिस सख्ती को लेकर मुख्य गेट पर ही सघन जांच परीक्षार्थियों की जा रही है।

**वीर कुंवर सिंह परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों की हुई सघन जांच**

जो निर्धारित परीक्षा की तिथि तक सघन जांच निरंतर जारी रहेगी। जबकि अन्य परीक्षा केंद्र के केद्राधीक्षकों ने बताया कि नकल पर नकेल कसने के लिए सख्ती में कोई कसर नही छोड़ी जायेगी।

## अपराधियों ने फाइनेंस कर्मी से 71 हजार सहित टैब लूटा

**करगहर (रोहतास)** शस्त्र अपराधियो ने मंगलवार हथियार के बल पर 71 हज़ार रुपए व टैब व मोबाइल लूट कर फरार हो गये। घटना थाना क्षेत्र के जलालपुर-समहुता पथ नहर पुल के समीप घटी। घटना के संबंध में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस लिमिटेड कोचस के कर्मी मुन्ना कुमार ने बताया कि करगहर थाना क्षेत्र के पिपरा, समहुता और रामपुर गांवों के ग्राहकों से 71 हजार रुपयों की वसूली कर बाइक से कार्यालय आ रहा था। इस बीच समहुता नहर पुल पर पीछे से तेज गति से आ रहे बाइक सवार तीन सशस्त्र अपराधियों ने हथियार के बल पर उन्हें रोक लिया। बैग में रखें हुए 71 हजार रुपए नगद ,कंपनी का टैब और निजी मोबाइल को लूट लिया। घटना को अंजाम देकर अपराधी नहर के रास्ते सासाराम की ओर तेज गति से भाग निकले। इस संबंध में कर्मी ने अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार दास ने बताया कि कोचस में स्थित उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस लिमिटेड के कर्मी के साथ लूट की यह दूसरी घटना है। विगत वर्ष बभनी और करुप गांवों के बीच हुई लूट की घटना में अनुसंधान के दौरान यह पाया गया कि फाइनेंस कर्मियों की मिलीभगत से कंपनी की राशि गबन करने के लिए घटना को अंजाम दिया गया था। लूट का यह मामला संदिग्ध है। इस मामले में पुलिस फाइनेंस कंपनी के मैनेजर अजय कुमार से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा की तैयारी में जुटे वीआईपी कार्यकर्ता




**करगहर (रोहतास)** विकासशील इंसान पार्टी एवं निषाद विकास संघ की रविवार को संयुक्त बैठक कुशवाहा सभा भवन सासाराम में जिलाध्यक्ष विवेक कुशवाहा के नेतृत्व में की गई। जिसका संचालन निषाद विकास संघ के जिलाध्यक्ष जय कुमार बिंद ने की। वही वीआईपी जिलाध्यक्ष विवेक कुशवाहा ने बताया कि निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा का रथ पार्टी सुप्रीमो मुकेश सहनी 18 अगस्त को रोहतास जिला पहुंचेंगे। उसी को लेकर यात्रा को सफल बनाने के लिए जिला एवं प्रखंड के वरीय पदाधिकारीयों के अलावा वीआईपी के कार्यकर्ता युवा साथियों को कड़ी मेहनत करने में जुटे है। वही रोहतास जिला का यह यात्रा बिहार में नंबर वन साबित होगी। बैठक में संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा के जिला प्रभारी चंद्र देव बिंद एवं सहायक जिला प्रभारी सुषमा पासवान ने रथ का रूट चार्ट जारी की। बैठक में सूरज बिंद, लल्लू चौधरी, डॉ विजय शर्मा, राजू चौधरी, मुकेश चौधरी, रवि रंजन सिंह, जनेश्वर चौधरी, दिनेश निषाद, अमरदीप चौधरी, अंबिका बिंद, नगीना बिंद, संजय बिंद, संतोष चौधरी, राजकुमार चौधरी, राम लाल बिंद, शशि भूषण कुशवाहा, भरत चौधरी, अजय चौधरी, योगेश्वर बिंद, ज्ञान चौधरी, डॉ मुन्ना प्रसाद, देवराज चौधरी, अवधेश कुमार राम, लखन बिंद, कृष्णा बिंद, बहादुर बिंद, रमेश चौधरी, उमेश चौधरी, जय प्रकाश चौधरी सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खेलों इंडिया तहत जिम का हो रहा विस्तार



**नोखा (रोहतास)** भारत सरकार की खेलो इंडिया के तहत अब जिम को बढ़ावा मिल रही है। जिसको लेकर के नोखा जैसे छोटी जगहों पर जिम लोगों के स्वस्थ रखने के लिए उपयोगी साबित होगी। उक्त बातें बिहार विधान पार्षद सदस्य संतोष सिंह ने कहीं। नगर परिषद नोखा में बैंक ऑफ इंडिया के प्रांगण में एक निजी जिम का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित हुई। जहां पर के विधान विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, के साथ विधान परिषद सदस्य प्रमोद चंद्रवंशी भी पहुंचे हुए थे। यहां पर कि लोगों को स्वस्थ रखने के लिए जिम की उपयोगिता के बारे में लोगों को बताया गया। साथ ही जिम की गुणवत्ता को भी जिम करके उक्त दोनों विधान पार्षदों ने देखा। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के नेता शरद चंद्र संतोष ने लोगों के स्वस्थ रखने के लिए जिम को खोलने की बात कही। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुशील चंद्रवंशी, जिला महामंत्री विजय सिंह,पूर्व जिला पार्षद रवि शंकर सिंह, सुनीता गुप्ता, मनोज चंदेल, भाजपा अति पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चौहान सहित कई लोग मौजूद रहे।

**सम्मानित** चंद्रहास कुमार ने फिर पंचायत में बेहतर कार्य करने को लेकर राज्य में परचम लहराया है।

# अमेठी पंचायत मुखिया को राज्यपाल ने किया सम्मानित, पंचायत में खुशी



**संझौली (रोहतास)** प्रखंड क्षेत्र के अमेठी पंचायत के मुखिया चंद्रहास कुमार ने फिर पंचायत में बेहतर कार्य करने को लेकर राज्य में परचम लहराया है। जिसको लेकर प्रखंड वासियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व प्रखंड, अंचल कर्मियों मैं खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। संझौली प्रखंड प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर, स्वच्छता के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर, जूडो कराटे में प्रथम स्थान पर, एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अपना पहचान बनाते हुए प्रखंड सहित जिले के लोगो को गौरवान्वित करते आ रहा है. फिर एक बार अमेठी पंचायत के मुखिया ने राज्यपाल के हाथ से पुरस्कार लेकर संझौली सहित जिले को गौरवान्वित किया है। इसके पूर्व भी 20 अक्टूबर 2008 में करमैनी पंचायत के तत्कालीक मुखिया केदार प्रसाद को तत्कालिक राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल द्वारा, गुवाहाटी के स्टेडियम में भव्य समारोह के दौरान पंचायत में बेहतर कार्य करने को लेकर प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र व कई अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया था। प्रखंड विकास पदाधिकारी सैयद सरफराजुद्दीन अहमद ने बताया कि अमेठी पंचायत के मुखिया चंद्रहास कुमार को 30 जुलाई को मौर्या होटल पटना में राज्यपाल राजेंद्र अरलेकर ने प्रखंड में नौ थीम के अंतर्गत होने वाले विकास कार्यों में बेहतर कार्य करने को लेकर, अंग वस्त्र, मेडल, डायरी पेन व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व भी अमेठी पंचायत के मुखिया को इसी वर्ष तीन मई को गया में कृषि मंत्री कुमार सरबजीत सिंह व गया के जिला अधिकारी ने यशस्वी मुखिया पुरस्कार देकर सम्मानित किया था। पुरस्कार के रुप में मुखिया को अंग वस्त्र, चांदी के दो पेन व प्रशस्ति पत्र मिला था। बीडीओ ने बताया कि मुखिया चंद्रहासिनी 29 दिसंबर 2021 को शपथ लेने के बाद ग्राम संसद फेज चैप्टर नौ थीम के अंतर्गत होने वाले विकास कार्यो को बखूबी धरातल पर उतारने का भरपूर कोशिश किया है।कौन-कौन से हैं नौ थीम - गरीबी मुक्त आजीविका उन्नत गांव,स्वच्छ व स्वास्थ्य गांव, बाल हितेषी गांव,पर्याप्त जलयुक्त गांव, स्वच्छ व हरित,आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाली गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव,महिला हितैषी धाम,क्या कहते हैं मुखिया - अमेठी पंचायत के मुखिया चंद्रहास कुमार में बताया कि पूरे बिहार से 26 मुखिया को नौ थीम के अंतर्गत बेहतर विकास कार्य करने को लेकर, राज्यपाल द्वारा पटना के मौर्या होटल में सम्मानित किया गया. जिसमें रोहतास जिले के संझौली, नौहाटा व रोहतास प्रखंड क्षेत्र के एक-एक मुखिया को सम्मानित किया गया, जिसमें मैं भी शामिल हूं. मुखिया को राज्यपाल द्वारा सम्मानित करने पर बधाई देने वालों में बीडीओ सैयद सरफराजुद्दीन अहमद, सीओ शिबू, बीपीआरओ श्वेता कुमारी, स्वच्छता समन्वयक किरण कुमारी, तकनीकी सहायक अजय कुमार, पंचायत सचिव गोपाल शरण सिंह, मुखिया मिथिलेश कुमार, कमला देवी, सुभाष चंद्रा, भोला सिंह, वार्ड सदस्य राकेश कुमार, संतोष कुमार, शर्मिला देवी, विक्रम कुमार, लक्ष्मीनाथ देवी सहित अन्य वार्ड सदस्य, रविंद्र सिंह पैक्स अध्यक्ष अनिल कुमार, दिनेश सिंह, जिप उपाध्यक्ष बंदना राज सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि, पंचायत व प्रखंड वासी शामिल है।

## मुखिया ने स्टेट बोरिंग मरम्मत राशि का किया गबन



**केसठ (बक्सर)** प्रखंड क्षेत्र के खरवानियां गांव में कुछ साल पहले लघु सिंचाई विभाग की ओर से लगाए गए स्टेट बोरिंग शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। इस बोरिंग से 50 बीघा खेतों में लगे फसलों की सिंचाई हो रही थी। यह स्टेट बोरिंग चालू होने के कुछ महीने बाद ही खराब हो गई। परिणाम यह है कि वर्तमान समय में इस स्टेट बोरिंग के मशीनों व भवन की स्थिति जर्जर हो चुकी है। उचित देखरेख के अभाव में ये पूरी तरह से जर्जर हो चुकी थी।है?रत की बात ये है की कागजी तौर पर तो यह स्टेट बोरिंग संचालित है। लेकिन धरातल पर यह संसाधन व सुविधा हीन है। बताया जाता है कि इस पंचायत में विभागीय तौर पर स्टेट बोरिंग लगाया गया था। ताकि पंचायत के किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके।बोरिंग लगाए जाने के बाद किसानों के मन में आशा की किरण जगी थी कि अब उनलोगों के खेतों की सिंचाई सुविधाजनक रुप से हो सकेगी। लेकिन जब स्टेट बोरिंग लगाए जाने के कुछ महीने बाद ही खराब हो गया और आशा की किरण अब पूरी तरह समाप्त हो चुकी है।अभी धान की रोपनी के लिए किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी की जरूरत है।पानी के लिए किसानों में हाहाकार मचा हुआ है।नहर भी जवाब देने लगा है।किसान निजी व भारे के पंपसेट से खेतों की सिंचाई करने को विवश हैं।गांव के लोगों ने बताया कि यदि विभागीय तौर पर बंद पड़े स्टेट बोरिंग को चालू किया जाता है तो किसानों को अपने खेतों की सिंचाई करने में सुविधा होगी। इस संबंध में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया की किसानों की ओर से स्टेट बोरिंग को ले शिकायत मिली रही।जब जांच उपरांत बोरिंग जर्जर हालत में पाया गया। जांच के क्रम में ये पता चला की पंचायत मुखिया छट्ठू राम के खाते में विगत तीन महीने से 1 लाख 39 हजार की राशि आई हुई है।लेकिन उनके द्वारा उस राशि से अभी तक बोरिंग की मरम्मती नही कराई गई है।ये गंभीर बात है।उन्होंने कहा की मुखिया से स्पष्टीकरण की मांग की जाएगी कि अभी तक उन्होंने उस राशि से बोरिंग की मरम्मती क्यों नहीं कराई।

## ख़ास ख़बर

## थाना प्रशासन ने मारपीट के मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार भेजा




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/**कैमूर- जिला के कुदरा थाना प्रशासन द्वारा मारपीट के मामले में तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार भेजा गया जेल। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष संजय कुमार के द्वारा बताया गया, कि बीते सोमवार को थाना क्षेत्र के मुजियां गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गया था। जिसमें की एक पक्ष के 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। थाना प्रशासन द्वारा मामला दर्ज कर कार्यवाही किया जा रहा था। जिसके तहत थाना क्षेत्र के मुजियां ग्राम वासी अभिषेक राय, श्रीनिवास राय एवं बिट्टू राय को गिरफ्तार किया गया। जिन्हें स्वास्थ्य जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

## गोरार गांव के समीप से लावारिस हालत में ट्रैक्टर बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता/ दुर्गावती(कैमूर)**- प्रखंड अंतर्गत गोरार गांव के निकट से दुर्गावती पुलिस ने लावारिस हालत में एक ट्रैक्टर इंजन को बरामद किया है। जो ट्रैक्टर का इंजन बरामद हुआ है वह ट्रैक्टर का इंजन पावर ट्रैक कंपनी के नाम से है।बता दें कि दुर्गावती पुलिस को गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरार गांव के निकट गांव में जाने वाली सड़क में एक लावारिस हालत में ट्रैक्टर खड़ी है। वही इसकी सूचना मिलने के बाद बिना देर किए दुर्गावती पुलिस मौके पर पहुंची एवं ट्रैक्टर को बरामद कर थाने ले आई। ट्रैक्टर को थाने लाने के बाद पुलिस के द्वारा चेचिस व इंजन नंबर को निकालने का काफी प्रयास किया गया लेकिन नहीं निकल पाया। हालांकि बरामद किए गए ट्रैक्टर के इंजन को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है।

## ताजिया जुलूस के दौरान हुए हंगामे के बाद से दूसरे दिन भी स्थिति सामान्य



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/**कैमूर- जिला मुख्यालय भभुआं स्थित पुरानी चौक (शिवा चौक) में ताजिया जुलूस के दौरान हुए दो दिनों के हंगामे के बाद से दूसरे दिन भी स्थिति सामान्य, बुधवार सुबह तक नेट सेवा बहाल होने की है संभावना। आपको बताते चलें कि विगत शनिवार को इस्लामिक त्योहार मुहर्रम के अवसर पर निकल रहें ताजिए के जुलूस के दरमियान उपद्रवी तत्वों के द्वारा फैलाए गए अफवाहों के बाद, दो पक्षों में भारी तनाव हो गया था। जिसका असर विगत रविवार को भी देखने को मिला था। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पदाधिकारियों द्वारा प्रयास किया गया जिसके तहत, आसपास के अन्य जिलों से भी अतिरिक्त फोर्स का व्यवस्था किया गया व नेट सेवा भी बंद कर दिया गया था, कई उपद्रवियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। परिणाम स्वरूप सोमवार को स्थिति सामान्य होने के साथ ही दूसरे दिन स्थिति बिल्कुल ही सामान्य रहा। संवाददाता द्वारा जिला पदाधिकारी सावन कुमार से दूरभाष के माध्यम से नेट सेवा बहाल करने संबंधित विषय की जानकारी लिया गया। जिला पदाधिकारी से दूरभाष के माध्यम मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि से बुधवार सुबह तक नेट सेवा बहाल किए जाने की संभावना है।

# किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने भूमि अधिग्रहण में कम मुआवजा को लेकर मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता/ चांद(कैमूर)**- प्रखंड में 13 गांवों में होकर गुजरने वाली भारत माला परियोजना के तहत बनारस रांची कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण में भूमि अधिग्रहण में कम मुआवजा को लेकर किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को पशु पति नाथ सिंह अमित रंजन सिंह पप्पू सिंह श्याम नारायण सिंह एवं मुन्ना सिंह ने मंत्री जमा खान के सहयोग से मुख्य सचिव अमीर सुबहानी को ज्ञापन सौंपकर भूमि अधिग्रहण में मुआवजा बढ़ाने की मांग की। किसानों के द्वारा दिये गए आवेदन में किसानों ने कहा चांद प्रखंड में गोंई वड़री भेरी खैंटी आदि गांवों में कृषि योग्य भूमि की बाजार मूल्य 40 लाख रुपए प्रति एकड़ है जबकि मुआवजा दिया जा रहा है 12 लाख 80 हजार रुपए है। किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने कहा मुख्य सचिव को दिये आवेदन में जिलाधिकारी के द्वारा प्रकृति निर्धारण में गड़बड़ी की गई है।

किसानों ने कहा मुआवजा सर्किल रेट से दिया जा रहा है। किसानों ने आवेदन में लिखा है सर्किल रेट 2013 से बढा नहीं है। किसानों ने मुख्य सचिव से सर्किल रेट बढ़ाने की मांग की। किसानों ने कहा किसानों की समस्यायें मुख्य सचिव ने गंभीरता से सुनी। किसानों की समस्यायें सुनने के बाद मुख्य सचिव ने कहा आपकी मांग पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जायेगा। उन्होंने ने किसानों को आश्वस्त किया मुआवजा बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा। किसानों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल अमित रंजन सिंह ने कहा किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिलेगा तो किसान एक्सप्रेस-वे एवं एन एच 219 चौरी करण एवं बाईपास निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने ने कहा किसान जमीन से हाईकोर्ट तक लड़ेंगे।

उन्होंने किसानों को सहयोग करने के लिए मंत्री जमा खान का अभार व्यक्त किया। कैमूर जिले में एक्सप्रेस-वे के लिए चांद चैनपुर भभुआ भगवान पुर एवं रामपुर प्रखंड में कुल सैंकड़ों एकड़ जमीन अधिग्रहण किया गया है। एक्सप्रेस-वे निर्माण एवं एन एच 219 बाईपास एवं चौरी करण में अधिग्रहण भूमि में कम मुआवजा को लेकर किसान लगातार आंदोलन कर रहे हैं। जिलाधिकारी के द्वारा किसानों को सर्किल रेट के आधार पर मुआवजा का निर्धारण किया जा रहा है जो बाजार मूल्य के एक चौथाई राशि है। किसानों में मुआवजे को लेकर आक्रोश है।

# डीआरडीए सभागार में कार्यशाला का किया गया आयोजन




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/रोहतास**- भारत सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में भारतीय मानक ब्यूरो (BIS), पटना शाखा के द्वारा वस्तुओं के मानकीकरण, मुहरांकन एवं गुणता प्रमाणन की गतिविधियों के विकास हेतु उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए जिलों में संवेदीकरण कार्यशाला आयोजीत किया जा रहा है।इसी क्रम में डीआरडीए सभागार में जिलास्तर पर संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में अपर समाहर्त्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला स्तरीय एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।भारतीय मानक ब्यूरो (BIS), पटना शाखा के श्री सुमन कुमार गुप्ता वैज्ञानिक-ई/ निदेशक एवं प्रमुख, श्री जितेश कुमार सहायक निदेशक एवं श्री प्रशांत तिवारी मानक प्रसार पदाधिकारी के द्वारा कार्यशाला के माध्यम से भारतीय मानक ब्यूरो के उद्देश्य एवं कार्यकलापों से सभी उपस्थिति पदाधिकारियों को अवगत कराया गया, जो निम्नवत है।भारतीय मानक ब्यूरो के मुख्य उद्देश्य मानकीकरण, हॉल मार्किंग, प्रयोगशाला गतिविधि एवं अनुरूपता मूल्यांकन से अवगत कराते हुए विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। मानक निर्धारण के चरणबद्ध प्रक्रिया से अवगत कराया गया।निदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो शाखा, पटना के द्वारा बताया गया कि वर्तमान में मानक का प्रयोग सरकार के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में किया जा रहा है। उदाहरण स्वरूप लोक स्वास्थ्य विभाग में एचडीपीई पाईपेस का प्रयोग विद्युत विभाग में मीटर, कृषि विभाग में कृषि उपकरणो एवं संयंत्रों, विद्यालयों में खाद्य पूरक सामग्रियों इत्यादि में मानक का प्रयोग अति आवश्यक है।कार्यशाला के माध्यम से सभी पदाधिकारियों को विभिन्न प्रकार के बीस सर्टिफिकेशन मार्क्स प्रोडक्ट सर्टिफिकेशन मार्क्स, कम्पल्सरी रजिस्ट्रेशन बीस स्कीम मार्क्स, मैनेजमेंट स्सिटम मार्क्स,होलमार्क्स ,इकोमार्क्स अवगत कराया गया।निदेशक द्वारा बताया गया कि दिनांक 16.06.2021 से ज्वेलरी वस्तुओं पर हॉलमार्क का प्रयोग आवश्यक रूप से किया जाना है। इस संबंध में सासाराम में भी सभी ज्वेलरी वस्तुओं के विक्रेताओं को अनिवार्य रूप से यह किया जाना है। साथ ही निदेशक द्वारा सभी ज्वेलरी वस्तुओं के विक्रेताओं से यह अपील किया गया कि भारत सरकार के पोर्टल nsws.gov.in पर निशुल्क पंजीकरण करेंगे ।सहायक निदेशक द्वारा बीस केयर एप के माध्यम से वस्तुओं के मानक की जानकारी प्राप्त करने, शिकायत दर्ज करने के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।बीस एक्ट के तहत नियमों के उल्लंघन पर दण्ड एवं जुर्माना से भी सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया गया।

# भभुआं गोली कांड का एक अभियुक्त गिरफ्तार घटना में प्रयुक्त पिस्टल व जिंदा कारतूस मैगजीन सहित हुआ बरामद



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/** कैमूर- जिला मुख्यालय भभुआं अंतर्गत पूरब पोखरा स्थित बस स्टैंड खाना खजाना रेस्टोरेंट के समीप, गोली लगने से हुई मौत के मामले में, प्रशासन द्वारा एक अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त पिस्टल हुआ बरामद। आपको बताते चलें कि सोमवार दिन करीब 3:00 बजे के आसपास, जिला मुख्यालय भभुआं अंतर्गत पूरब पोखरा बस स्टैंड, रेस्टोरेंट खाना खजाना के समीप एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गया था। जिससे कि लोगों में भय व्याप्त हो गया, व अफरा तफरी सा मच गया। चुकी दो समुदायों के बीच हुए वाद विवाद की वजह से, पूरे शहर में धारा 144 लगा हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही जिला पदाधिकारी सावन कुमार एवं जिला पुलिस पदाधिकारी ललित मोहन शर्मा द्वारा, मौके पर पहुंच मामले की तहकीकात किया जाने लगा, और तकनीकी अनुसंधान के तहत मामले का तत्काल उद्भेदन भी किया जा चुका था, पर आरोपी मौके से फरार हो चुके थे।

प्रशासन द्वारा भभुआ थाना कांड संख्या 708/23 दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी किया जा रहा था। जिस संदर्भ में, मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कैमूर आरक्षी अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के द्वारा बताया गया,की घटना में संलिप्त आरोपी अतुल पटेल पिता अमरेंद्र सिंह गांव-यदुपुर थाना- सोनहन वर्तमान पता भभुआं वार्ड 23 थाना- भभुआं, जिला- कैमूर को भभुआं हवाई अड्डे के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर घटना स्थल के पास से हत्या में प्रयुक्त पिस्टल एवं दो जिंदा कारतूस मैगजीन सहित बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी के द्वारा बताया गया, कि जिला के सोनहन थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मपुरा ग्रामवासी मृतक अमन श्रीवास्तव, वे और विवेक कुमार सासाराम का रहने वाला वर्तमान पता शिशुपाल कटरा के पीछे भभुआं। तीनों मित्र एक साथ आए हुए थे खेल खेल में गोली चल गया। जिसके बाद हथियार वहीं पर फेंक कर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रशासन द्वारा धारा 302, 34 भारतीय दंड विधान एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही किया जा रहा है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है।

## देशी महुआ वाली शराब के साथ दो गिरफ्तार भेजे गए जेल




**दैनिक भास्कर संवाददाता कैमूर/ रोहतास**- आरक्षी अधीक्षक रोहतास विनित कुमार ने बताया कि रोहतास पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दरिगाँव थानान्तर्गत थाना क्षेत्र में अवैध शराब का बिक्री/ परिवहन किया जा रहा है। इस सूचना का सत्यापन एवं छापेमारी के दौरान- बरज किशोर राम, पे0- दुलार चन्द राम, ब्रिज किशोर राम, पे0- बरज किशोर राम, दोनो सा0- बसडीहा, थाना-करगहर,जिला- रोहतास को लगभग-185 ली0 देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। साथ में एक मोटर साइकिल को भी जप्त किया गया है। इस संबंध में काण्ड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है

## सपा जिलाध्यक्ष ने नगर अध्यक्ष की घोषणा

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/**अयोध्या। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर सपा जिला अध्यक्ष अयोध्या पारसनाथ यादव द्वारा जनपद अयोध्या कि समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष की घोषणा की गई सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने निम्न नगर अध्यक्ष घोषित किए। रुदौली नगर अध्यक्ष आमिर खान गोसाईगंज नगर अध्यक्ष इम्तियाजुल हक भदरसा नगर अध्यक्ष मोईद खान बीकापुर नगर अध्यक्ष आरके वर्मा खिरौनी नगर अध्यक्ष विजय प्रकाश दुबे उर्फ बबलू दुबे कामाख्या धाम नगर अध्यक्ष शिव मगन मौर्या कुमारगंज नगर अध्यक्ष राम सतन कोरी बनाए गए हैं। सभी नवनियुक्त नगर अध्यक्षों से अपेक्षा की गई है कि 1 सप्ताह में कमेटी का गठन करके उपलब्ध कराएं। निम्न नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के नेता कार्यकर्ताओं द्वारा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया गया है । इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश पटेल अंसार अहमद बब्बन सरोज यादव चौधरी बलराम यादव राकेश यादव संत प्रसाद मिश्रा दान बहादुर सिंह विशाल यादव आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

## अवैध स्मैक बरामद,दो आरोपी गिरफ्तार

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/ बीकापुर-अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र में एसएसपी अयोध्या के निर्देश पर अपराध नियंत्रण के रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बीकापुर कोतवाली पुलिस ने खास मुखबिर की सूचना पर दोहरी संपर्क मार्ग के निकट शुकुल बाग से दो युवक के पास से अवैध स्मैक बरामद कर पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सक्षम न्यायालय भेज दिया।प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने बताया कि युवा पीढ़ी नशे की लत पडने और उनके द्वारा छोटी-छोटी चोरियां किए जाने की शिकायत आ रही थी। कोतवाली पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश व आदेश पर क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा था इसी दौरान काश मुखबिर से सूचना मिली कि दोहरी मार्ग पर स्थित शुकलहिया बाग में दो युवक नशे की सामग्री लेकर आपस में बातचीत कर रहे हैं। जिसको संज्ञान में लेते हुए बीकापुर थाने पर तैनात उप निरीक्षक रामअवतार राम अविनाश प्रताप सिंह कांस्टेबल मनोज पांडे जितेंद्र कुमार रावत राजेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए और दोनों युवकों से पूछताछ के दौरान तलाशी लिया तो उनके पास से अवैध स्मैक बरामद किया गया। हिरासत में लिए गए मोहम्मद शफीक पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी रामपुर भगन थाना तारुन के पास से 10 ग्राम, अरविंद विश्वकर्मा उर्फ मोनू पुत्र गया प्रसाद निवासी खजुराहट के पास से 12 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया। दोनों लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 384/23 धारा 8/21 एन डी पी एस एक्ट के तहत दर्ज कर दोनों आरोपियों को सक्षम न्यायालय मेडिकल परीक्षण के बाद भेज दिया गया है।

## कुलपति ने विभागीय शैक्षिक गतिविधियों को परखा

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/**अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने विश्वविद्यालय में शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से परखा। मंगलवार को प्रातः 11 बजे विश्वविद्यालय की कुलपति ने प्रचेता भवन में शारीरिक शिक्षा, खेल एवं योगिक विज्ञान संस्थान व जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग की शैक्षिक उपलब्धियों को पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन से देखा। इसमें कुलपति प्रो0 गोयल ने विभागीय निदेशक, विभागाध्यक्ष, समन्वयक के प्रजेंटेशन से विभागीय शैक्षिक प्रोफाइल की पड़ताल की। उन्होंने विभागों के प्रजेंटेशन के दौरान शिक्षकों से कहा कि अपनी शैक्षिक प्रोफाइल को और अपडेट करने की आवश्यकता है। इसके लिए शोध-पत्रों की संख्या बढ़ानी होगी। इसके अतिरिक्त छात्रों को अधिक से अधिक प्लेसमेंट मिले इस दिशा में सभी विभागों को कार्य करना होगा। शारीरिक शिक्षा, खेल एवं योगिक विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो0 एसएस मिश्र ने योग विज्ञान विभाग में कुलपति जी को संस्थान का परिचय दिया। उसके उपरांत शिक्षकों ने बारी-बारी से अपनी शैक्षिक गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। वही दूसरी ओर जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के समन्वयक डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने प्रजेंटेशन के दौरान विभागीय शैक्षिक गतिविधियों से परिचित कराते हुए छात्रों के प्लेसमेंट की अद्यतन स्थिति से रूबरू कराया। मौके पर प्रो0 एसके रायजादा, प्रो0 तुहिना वर्मा, डॉ0 पीके द्विवेदी, डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव मौजूद रही।

**शुभारंभ** कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर रवि भूषण ने किया।

# दीक्षारंभ कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया गया शुभारंभ



**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दामोदर वैली कारपोरेशन कोलकाता के पूर्व सहायक निदेशक मानव संसाधन श्री पवन कुमार झा ने छात्रों को प्रबंधन के गुर से अवगत कराया ।**

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/** रोहतास जिला अंतर्गत गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय,जमुहार के अंतर्गत संचालित प्रबंध शिक्षा संकाय के नवागंतुक छात्रों के लिए आज दीक्षारम्भ कार्यक्रम की दीप प्रज्वलित कर की गई शुभारंभ । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दामोदर वैली कारपोरेशन कोलकाता के पूर्व सहायक निदेशक मानव संसाधन श्री पवन कुमार झा ने छात्रों को प्रबंधन के गुर से अवगत कराया ।उन्होंने प्रबंधन के छात्रों को बताया कि अब आप सही मायने में एक संपूर्ण व्यक्तित्व को प्राप्त करने की दिशा में बढ़ रहे हैं तथा भारत के भविष्य को संवारने एवं अपने कृतित्व से देश और समाज को कुछ देने की दिशा की ओर अग्रसर हैं । आप यदि प्रबंधन के माध्यम से कुछ देना चाहते हैं तो आज से ही इसके लिए संकल्प लें एवं सही दिशा का वर्णन करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह जी ने कहा कि संस्थान में अनुशासन एवं सिस्टम के अंतर्गत खरा उतरना अत्यंत आवश्यक है। इस सूत्र से जो भी छात्र विचलित होगें उन्हें किसी भी प्रकार से सहयोग की अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए। उन्होंने साफ-साफ कहा कि आप यहां ज्ञान प्राप्त करने के लिए आए हैं ,केवल डिग्री प्राप्त करने के लिए नहीं। कार्यक्रम को कुलपति प्रोफेसर महेंद्र कुमार सिंह, प्रति कुलपति जगदीश सिंह, परीक्षा नियंत्रक कुमार आलोक प्रताप, सहायक कुलसचिव मिथिलेश कुमार सिंह एवं प्रबंधन के डीन प्रोफेसर आलोक कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर रवि भूषण ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न संकाय के डीन, शिक्षक गण एवं प्रबंधन के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जबकि समापन मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिक्षण के साथ हुआ।

# दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत



**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर ब्यूरो** गोंडा क्षेत्र के कोल्हमपुर निवासी सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयीं.शव पहुँचते ही परिवार में कोहराम मच गया. कोल्हमपुर गाँव का रहने वाला युवक रामस्वरूप शर्मा (18) अपनी बहन के साथ मोटर साईकिल से नवाबगंज से घर जा रहा था.24 जुलाई के करीब शाम 4 बजे मनकापुर हाइवे मार्ग पर चक्रसूल के पास अंडरपास की तरफ मुड़ा की तभी पीछे से तेज रफ्तार मोटर साईकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी थी. जिसमे रामस्वरूप को गंभीर चोटे आयी थी. सूचना पर पहुंचे परिजन इलाज के लिए पीएचसी नवाबगंज ले गए थे मगर वहां से अयोध्या चिकित्सालय रेफर कर दिया गया था.युवक की गंभीर हालत देखते हुए अयोध्या से भी लखनऊ रेफर कर दिया गया था. लखनऊ के ट्रामा सेंटर में युवक इलाज चल रहा था.किन्तु सोमवार की देर शाम हालत खराब हो गयीं. और रात 11 बजे के करीब युवक की मौत हो गयीं. मंगलवार युवक का शव गाँव पहुँचते ही परिवार में कोहराम मच गया.बहन को लेकर जा रहा था घर मृतक के घर पर शिव पुराण की कथा चल रही थी.24 जुलाई को नवाबगंज से अपनी बड़ी बहन सुशीला को लेकर वह घर जा रहा था. लेकिन किसे पता था की यह उसकी अंतिम यात्रा होगी. चक्रशूल के पास चौबेपुर की तरफ मुड़ते ही तेज रफ्तार आ रहे मोटर साईकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी.जिससे रामस्वरूप को गंभीर चोटे आयी थी. बहन भी घायल हो गयीं थी.प्रत्यक्ष दर्शियो की माने तो टक्कर मारने वाला शराब के नशे में दुत्त था.वही उसकी पहचान बृजेश पुत्र सुकई, ग्राम बेलिया वजीरगंज के रूप में हुई है.मृतक रामस्वरूप अपने तीन भाइयो में दूसरे नंबर पर था. घर की जिम्मेदारी भी सम्हाल रखी थी.अपने मिलनसार व्यवहार के चलते क्षेत्र में भी लोगो से अच्छे व्यवहार थे. पिता आदिशक्ति माता की पुरानी मंदिर के पुजारी हैं.लोगो को नहीं हो रहा विश्वास रामस्वरूप के मौत की खबर सुनते ही हर कोई अवाक हो जाता है. किसी को विश्वास ही नहीं होता.उसका किसी से कोई विवाद व वैमनस्यता नहीं थी. हर कोई खबर से दुखी हो जा रहा है.

## ख़ास ख़बर

### ट्रैक्टर के टक्कर से बाइक सवार काशी गोमती ग्रामीण बैंक के अकाउंटेंट की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर।** नंदगंज थाना क्षेत्र के अतरसुआ गांव के पास सोमवार की देर रात ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार बैंक अकाउंटेंट की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के रोने- बिलखने से गांव में चीख-पुकार मच गई। शहर कोतवाली के रजदेपुर देहाती रौजा निवासी सुजीत कुमार यादव (38) वाराणसी में मकान के चल रहे निर्माण को देखने के लिए बाइक से गए थे। वहां से देर शाम घर वापस लौट रहे थे। अतरसुआ गांव के पास गलत दिशा में आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने टक्कर मार दी। आवाज सुनकर जब- तक आस-पास के लोग घटना स्थल पहुंचते चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे की सूचना परिजनों को दी। परिवार के लोग शव देखकर रोने-बिलखने लगे। पुलिस ने देर रात शव को मर्चरी हाउस में रखवा दिया। दूसरे दिन थाना पहुंचकर परिजनों ने कागजी कार्रवाई पूर्ण किया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक फत्तेहपुर अटवा मोड़ स्थित काशी गोमती ग्रामीण बैंक में एकाउंटेंट के पद पर तैनात थे। इस संबंध में थानाध्यक्ष कमलेश पाल ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सत्याग्रह आंदोलन का शुभारंभ किया



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी**/ग़ाज़ीपुर विकास भवन मे राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा सुबह 10:00 बजे से सत्याग्रह आंदोलन का शुभारंभ किया गया, जो विकास भवन के प्रांगण में स्थित हरा पेड़ को कांटे जाने को लेकर के मुख्य विकास अधिकारी को दिनांक 31 जुलाई 2023 को 24 घंटे अल्टीमेटम दिया गया था कि हरा पेड़ काटने में जो भी जिम्मेदार व्यक्ति है उसके ऊपर विधिक कार्यवाही की जाए , जबकि एक तरफ माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्य जी द्वारा 22 जुलाई से वन महोत्सव मनाया जा रहा है और जनपद गाजीपुर के प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी हैं और उन्हें के प्रांगण से के प्रांगण से हरा पेड़ का काटा जाना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।जिसको राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष द्वारा मुख्य विकास अधिकारी सहित जिला प्रशासन से मांग किया जा रहा था कि दोषी के ऊपर कारवाई किया जाए, धरना स्थल पर रेंजर नम्रता सिंह द्वारा पहुंच करके एफ आई आर की कॉपी दिया गया और सत्याग्रह कर रहे पदाधिकारियों को आश्वस्त किया गया कि 23 पेड़ काटे गए हैं , उससे अधिक 46 पेड़ टी गार्ड सहित विकास भवन में 15 अगस्त तक लगाया जाएगा।

### मौसम परिवर्तन के साथ आई फ्लू के मरीज की संख्या में तेजी




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी**/ग़ाज़ीपुर के शादियाबाद जिले भर में मौसम परिवर्तन के साथ आई फ्लू के मरीज की संख्या तेजी के साथ बढ़ती जा रही है ऐसे में जरूरत है कि लोगों आंख के संक्रमण से बचने के लिए सावधानियां बरतें इस बात अनुष्का नेत्र क्लिनिक के डॉक्टर आर के मौर्या से जब इसको लेकर बात किया गया तो उन्होंने बताया कि आई फ्लू से पीड़ित व्यक्ति हमारी स्वयं डॉक्टर ना बने अपने मन से ना तो दवा खरीदें ना ही आंख में दवा डालें वह आपके लिए खतरनाक हो सकता है अनुष्का नेत्र क्लिनिक के एमडी डॉक्टर आर के मौर्या ने बताया कि जहां तक हो सके पीड़ित व्यक्ति को अपने आप को पानी से बार-बार धोते रहना चाहिए संकुल व्यक्ति को अपनी तकिया रुमाल तो लिखे प्रतियोगिता कि इसका इस्तेमाल कोई और ना करें सके यह संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैशन से बचाव के लिए जरूरी है कि को काले चश्मे का प्रयोग करें

# मुख्तार अंसारी के गुर्गे के मकान से डकैती की योजना बना रहे सात अभियुक्त गिरफ्तार, दो स्कार्पियों व हथियारों व कारतूसों का जखीरा बरामद



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/ गाजीपुर।** स्वाट/ सर्विलांस व कोतवाली सदर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए मंगलवार की अलसुबह आई एस-191 गैंग के मुखिया मुख्तार अंसारी के गुर्गा /सजायाफ्ता भीम सिंह के घर से, डकैती की योजना बना रहे सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने मौके से मौके से दो स्कार्पियों सहित हथियारों व कारतूसों का जखीरा भी बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगरवार की अलसुबह पुलिस टीम ने, गाजीपुर में हत्या व डकैती सहित कई गम्भीर अपराध को अंजाम देने वाले गिरोह के कुल सात अभियुक्तो को न्यू प्रोफेसर कालोनी गोराबाजार मे मुख्तार अंसारी के गुर्गा भीम सिंह के मकान से गिरफ्तार कर लिया। वहीं मौके से अंधेरे का लाभ लेकर मुख्तार अंसारी के गुर्गे भीम सिंह का लड़का अमन सिंह व करण्डा थाने का हीस्ट्रीशीटर सुन्दरम सिंह उर्फ धनजी फरार हो गये।उल्लेखनीय है कि भीम सिंह आई एस-191 गैंग के सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भीम सिंह को गैंगेस्टर एक्ट में आजीवन कारावस की सजा भी हो चुकी है।

वह वर्तमान में जिला कारागार में निरुद्ध हैं। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों गौरव सिंह उर्फ सनी सिंह,राकेश सिंह उर्फ गुड्डू व अमन पाण्डेय द्वारा पूर्व में गिरोह बनाकर थाना सैदपुर क्षेत्रान्तर्गत देवचन्दपुर पेट्रोल पम्प पर डकैती व हत्या की घटना की गयी थी,जिसमें गैंगेस्टर व रासुका की कार्यवाही की गयी थी,जिनके कुछ साथी वर्तमान में कारागार में निरुद्ध हैं। मुकदमें के खर्चे व अन्य अपराधिक गतिविधियों में होने वाले खर्चो के लिए पुनः अपने साथियों के साथ डकैती की योजना भीम सिंह उपरोक्त के घर पर उसके लड़के अमन सिंह के साथ बना रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तगणो के कब्जे से दो स्कार्पियो, एक नाजायज पिस्टल .32 बोर मय पांच जिन्दा कारतूस, एक रिवाल्वर .32 बोर नाजायज मय दो जिन्दा कारतूस व एक देशी तमचा नाजायज .315 बोर मय चार जिन्दा कारतूस की बरामदगी की गयी।बरामदगी के आधार पर गिफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय के सुपुर्द किया गया तथा फरार अभियुक्तों के विरुद्ध गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं। गिरफ्तार गौरव सिंह उर्फ सनी पुत्र त्रिवेणी सिंह निवासी ग्राम भिलिहिली थाना तरवां जनपद आजमगढ़, राकेश सिंह उर्फ गुड्डू पुत्र राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी गोसंदेपुर थाना करण्डा गाजीपुर व अमन पाण्डेय पुत्र रमाकान्त पाण्डेय निवासी देवापार झलरिया थाना सादात जनपद गाजीपुर पर चार चार, आर्यन सिंह पुत्र स्व. अखिलेश सिंह निवासी न्यू प्रोफेसर कालोनी गोराबाजार थाना कोतवाली, सूर्यप्रकाश सिंह पुत्र जयप्रकाश सिंह निवासी चँवर थाना मरदह जनपद गाजीपुर, गोविन्द राजभर पुत्र रामलाल राजभर निवासी उदरनपुर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर और यशवंत सिंह पुत्र कमलेश सिंह निवासी बुढानपुर थाना भुड़कुड़ा जनपद गाजीपुर पर एक एक मुकदमें दर्ज हैं।वांछित अभियुक्त अमन सिंह उर्फ संजू पुत्र भीम सिंह निवासी रामनाथपुर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर हाल पता न्यू प्रोफेसर कालोनी गोराबाजार थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर पर तीन और सुन्दरम सिंह उर्फ धनजी पुत्र शरदचन्द सिंह निवासी गोसंदेपुर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर पर सत्रह मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह मय टीम थाना कोतवाली गाजीपुर, स्वाट/सर्विलांस टीम प्रभारी मय टीम शामिल रहे।

# एक शाम मोहम्मद रफ़ी व मुंशी प्रेमचंद के नाम



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/ग़ाज़ीपुर।** यूसुफ़पुर मोहम्मदाबाद की प्रतिष्ठित समाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था ख़ाक फाउंडेशन के तत्वाधान में नगर के महल्ला जमालपुर स्थित नौशाद अंसारी के आवास पर महान गायक मोहम्मद रफ़ी साहब की 42वीं पुण्यतिथि एवं मुंशी प्रेमचंद जी के जन्मदिवस के अवसर पर सोमवार 31 जुलाई 2023 को गायन एवम मुशायरे का भव्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें नगर के वरिष्ठ शायरों कवियों और गायकों ने सुर सम्राट मोहम्मद रफ़ी एवं हित्य सम्राट मुंशी प्रेमचंद को अपनी शायरी, कविताओं, गीतों एवं कहानियों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का प्रारम्भ मोहम्मद रफ़ी के प्रसिद्ध हम्द ओ मेरे ख़ुदा ओ मेरे ख़ुदा से हुआ तत्पश्चात फैयाज़ अंसारी ने रफ़ी साहब की प्रसिद्ध नातपाक 'बसी है दिल में नबी की याद' प्रस्तुत की। इरशाद जनाब ख़लीली ने रफ़ी साहब की मशहूर कव्वाली 'ये तो अल्लाह को ख़बर' गाकर माहौल को रफ़ीमय कर दिया। प्रसिद्ध भोजपुरी गायक आरज़ू अंचल ने 'ना फनकार तुझसा तेरे बाद आया' सुनाकर रफ़ी साहब को याद किया। इस अवसर पर आयोजित मुशायरा एवं कवि सम्मेलन में आसी यूसुफपुरी ने 'यूँ तो हज़ार होंगे गुलूकार बेमिसाल /आएगा नाम कोई भी नामे रफ़ी के बाद। चंचल यूसुफपुरी ने वक़्त ऐसा गुज़र भी सकता है मारने वाला मर भी सकता है। वकील अरकम ने तेरी आवाज़ में है वो जादू रफ़ी तेरे जैसा जहाँ में हुआ ही नहीं। सुमन यूसुफपुरी, सरवर मोहम्मदाबादी, उगहन बावरा, अहकम ग़ाज़ीपुरी ने भी अपनी अपनी रचनाओं से रफ़ी साहब को खिराजे अकीदत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलानी भाई ने ने मोहम्मद रफ़ी को भारतीय एकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि संत प्रवृत्ति के रफ़ी साहब जितने बड़े गायक थे उससे बड़े इन्सान थे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एम. डी. भाई ने बताया कि रफ़ी साहब ने ताउम्र खुले दिल से ग़रीबों नादारों की मदद की। डॉ सैयद ज़फ़र असलम ने एक कहानी प्रस्तुत करके प्रेमचंद को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित श्रोताओं में गुरु प्रजापति, इज़हार अंसारी, आलमगीर अंसारी, अनीस अंसारी, माज़ अकरम मोईन, शमशाद, सुजीत सूरज, राजू प्रजापति, कालिका प्रजापति, इसराइल, इसरार, गुड्डू, अख़्तर, परवेज़, जाहिद, आदिल, बबलू, यूसुफ यावर फैसल इत्यादि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन इरशाद जनाब ख़लीली ने किया। अंत में सभासद कैफ अंसारी ने धन्यवाद ज्ञापित दिया।

# 93 यूपी बटालियन एनसीसी गाजीपुर के नये सी ओ अजय उनियाल जी सम्मान समारोह



**दैनिक शुभ भास्कर ,संवाददाता सुरेश चंद्र पांडे। जखनियां गाजीपुर।** पी जी कालेज भुड़कुड़ा गाजीपुर के प्रांगण मे 93 यूपी बटालियन एनसीसी गाजीपुर के नव नियुक्त सी ओ अजय उनियाल के महाविद्यालय प्रांगण मे प्रथम आगमन पर ,पी जी कालेज भुड़कुड़ा गाजीपुर के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डाक्टर रमेश कुमार के द्वारा बुके एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया ।

साथ ही डाक्टर रमेश कुमार ने कहा कि ,गाजीपुर के एनसीसी अधिकारी के रूप में आदरणीय कर्नल अजय उनियाल जी के आने से,हम एनसीसी के अधिकारियों एवं कैडेट्स के अन्दर असीम उर्जा का संचार हो रहा है । तो वही सफल संचालन के क्रम में इन्टर कालेज भुड़कुड़ा गाजीपुर के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट नरेन्द्र कन्नौजिया ने मुख्य अतिथि का बुके एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए कहा कि भीखा गुलाल की इस तपस्थली पर महाविद्यालय प्रांगण मे, पी जी कालेज भुड़कुड़ा गाजीपुर एवं इन्टर कालेज भुड़कुड़ा गाजीपुर के समस्त स्टाफ की तरफ से हम आपका हार्दिक स्वागत करते हैं!! अपने सम्बोधन में आदरणीय कर्नल अजय उनियाल जी ने कहा कि एनसीसी को देश की सुरक्षा के निमित्त उच्च शिखर तक पहुंचाना मेरा लक्ष्य है।सभी एनसीसी अधिकारी एवं कैडेट्स से इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु हर सम्भव सहयोग प्रदान करने की अपील करता हूँ !! उपरोक्त अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी गण डाक्टर संजय कुमार, डाक्टर सर्वानंद सिंह, डाक्टर लालमणि सिंह, अश्विनी सिंह दीक्षित, डाक्टर अमित सिंह, संजय सिंह, शेखावत अली, राजेन्द्र सिंह यादव,हेमराज सिंह, मृत्युंजय सिंह मोहन सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह, सिद्धार्थ सिंह, राम शब्द यादव, ओम प्रकाश पांडेय, जितेन्द्र सिंह, हरिकेश यादव सहित सभी लोग उपस्थित रहे!!

## जल निकासी का व्यवस्था ना होने से वनवासी समुदाय के लोगों ने गांव में किया जमकर प्रदर्शन,दी चेतावनी



**दैनिक शुभ भास्कर,संवाददाता सुरेश चंद्र पांडे।जखनियां गाजीपुर।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के सिसवार गांव में कई वर्षो से पुश्तैनी झुग्गी झोपड़ी डालकर लगभग दो सौ घर में लगभग 400 की आबादी गुजर बसर करती है। वनवासी समुदाय के लोग ईट भट्ठा और मेहनत मजदूरी करके जीविकोपार्जन चलाते हैं और उन्हें शासन की ओर से सरकार की योजनाओं का लाभ पांच वर्षो पूर्व तो मिला वह अभी शोपीस बनकर रह गई। तथा घरेलू शौचालय दी गई जो पूरी तरह से जर्जर हो गई ।गांव में जल निकासी का व्यवस्था पूरी तरह से अवरुद्ध होने से गांव में संक्रामक रोग फैलने की आशंका है ।मच्छरों का प्रकोप दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है ।इसको लेकर वनवासी समुदाय के लोगों ने कुछ दिन पहले तहसील जखनिया एसडीएम कार्यालय के सामने जमकर प्रदर्शन कर जल निकासी की व्यवस्था की मांग की थी। जिसमें अधिकारियों ने मौके पर जाकर जल निकासी की व्यवस्था के लिए गांव का निरीक्षण किया।अधिकारियों ने गांव में सोखता बनाने का आश्वासन दिया। लेकिन बन वासियों का कहना है कि गांव में पर्याप्त सरकारी जमीन खाली है और सरकारी नाली भी है उसका निर्माण कराकर जल निकासी की व्यवस्था की जाए लेकिन आज तक अधिकारियों ने जल निकासी की व्यवस्था नहीं की। आज दर्जनों वनवासी समुदाय के लोगों ने गांव में ही प्रदर्शन करने के बाद अधिकारियों खिलाफ नारे लगाए। बनवासी समुदाय के लोगों ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। इस मौके पर गरीब पार्टी आंदोलन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रमा बनवासी, राकेश सिंह, विनोद कुमार ,अनिल कुमार, लालचंद, नवीन ,सुरेंद्र ,मुरारी, संजय ,बुद्धू, मुन्नू ,रामप्रीत, रामअचल ,राजू, सुनील ,पंकज ,प्रमोद, लालमति देवी , परमी देवी, शंकर ,सुशीला, मारुति ,रामशिला ,उषा ,संजू, किस्मतिया ,दुर्गा, सुभावती देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 66 अभ्यर्थियों ने एमएड में कराई काउंसिलिंग

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/**अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में एमएड में प्रवेश हेतु 101 से लेकर 250 रैंक तक के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की गई जिसमें 66 अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग कराई। आवासीय प्रवेश समन्वयक प्रो0 विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को 66 अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग कराई है। बुधवार को 251 रैंक से लेकर 400 रैंक तक के अभ्यर्थियों का बुलाया गया है। प्रवेश काउंसिलिंग उप समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 अनिल कुमार यादव, डॉ0 शशि सिंह, डॉ0 नीलम सिंह, डॉ0 त्रिलोकी यादव, डॉ0 महेन्द्र सिंह, डॉ0 मनीषा यादव, सुभाष विश्वकर्मा, विवेक कुमार, वासु गुप्ता ने सम्पन्न कराई।

## अजय सिन्हा को मिले दो-दो प्रभार

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/**अयोध्या ।हिंदू समाज पार्टी केंद्रीय कार्यालय लखनऊ में एक बैठक आहूत की गई जिसमें सर्वसम्मति से अयोध्यावासी अजय सिन्हा को हिंदू समाज पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश का प्रभारी मनोनीत किया गया इनके मनोनयन की सूचना पाकर इनके शुभचिंतकों के अंदर खुशी की लहर दौड़ पड़ी जगह-जगह इनका स्वागत समारोह आयोजित किए गए मिठाइयां बांटे गए पटाखा फोड़े गए इन को बधाई देने वाले शुभचिंतकों का बड़ी तादाद में जमवाड़ा देखने को मिला । उन्होंने बताया कि मैं सन 1990 से हिंदुत्व की राजनीति कर रहा हूं और हिंदुत्व में मेरी आत्मा बसती है मेरा हिंदुत्व समृद्ध हो सशक्त हो हिंदुत्व का संवर्धन हो संरक्षण हो इस दिशा में मैं सतत प्रयास करता रहूंगा उन्होंने अपने वचनबद्धता को दोहराते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण तिवारी के द्वारा मुझे जो दिल जिम्मेदारी दी गई है मैं उसका पूरी निष्ठा के साथ पालन करूंगा कार्यक्रम के समापन उद्बोधन में हिंदू समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण तिवारी जी ने इनके उज्जवल भविष्य की

## राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु पात्र जल्द करें आवेदन

**गोण्डा, शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी-** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी गौरव स्वर्णकार ने बताया कि विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसंबर के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों संस्थाओं को विभिन्न श्रेणी के राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह पुरस्कार भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग नई दिल्ली द्वारा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 श्रेणियों की पात्रता रखने वाले व्यक्ति व संस्थाएं अपना प्रस्ताव तीन प्रतियों में विकास भवन में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय गोंडा के कमरा नंबर 35 में प्राप्त करा सकते हैं। इन श्रेणियों में मिलेगा पुरस्कार दक्ष दिव्यांग कर्मचारी स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए। दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेन्सी के लिए सेवायोजक को। दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिए।प्रेरणास्त्रोत हेतु पुरस्कार।दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिए।

**शौचालय** बारिश का पानी छत से नीचे टप टप कर गिरता है ।

# बदहाली का शिकार झेल रहा जखनिया का आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक,टीवी डार्ट्स केंद्र चिकित्सालय

**दैनिक शुभ भास्कर- संवाददाता सुरेश चंद्र पांडे । जखनियां गाजीपुर।** जखनियां तहसील मुख्यालय के पास राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय, होम्योपैथिक चिकित्सालय, टीबी डॉट्स केंद्र एक ही जर्जर भवन में स्थापित की गई है ।जहां देखा जाए तो पूरी भवन जर्जर है। बारिश का पानी छत से नीचे टप टप कर गिरता है ।तथा जखनिया ब्लॉक के सड़क का भी पानी इसी अस्पताल की बाउंड्री में इकट्ठा हो जाता है।




जिससे पूरी तरह से 4 फुट के पानी में चिकित्सक और मरीज को आने-जाने पड़ते हैं। साथ ही जो दवा स्टॉक रखी जाती है बारिश की पानी में भीग जाती है ।लोगों को काफी समस्या उठानी पड़ती है। इस भवन में कर्मचारी आए दिन भय के साए में रहते हैं कि कब भर भरा कर पुराना भवन धराशाई हो जाए। भवन जर्जर के साथ-साथ पेयजल की सबसे बड़ा समस्या है एक भी हैंडपंप नहीं है। इससे बड़ा समस्या लोगों को शौचालय आने वाले मरीजों को काफी समस्या उठानी पड़ती है ।राजकीय आयुर्वेद चिकित्सक अनुभा सिंह, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर निधि गिरी,टीवी ड्राटस सेंटर के एसटीएस अवधेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस अस्पताल पर दवा उपलब्ध है लेकिन समस्याओं से पूरी तरह से ग्रसित है। अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन आज तक उसकी समाधान नहीं हुआ।देव नारायण सिंह अलीपुर मदरा निवासी ने कहा की जखनियां तहसील मुख्यालय होने के बावजूद यहां के राजकीय आयुर्वेद ,होम्योपैथिक अस्पताल पूरी तरह से जर्जर है बहुत से ऐसे आयुर्वेद दवा है ।जहां पर उपलब्ध नहीं रहते हैं ।मरीजों को इधर-उधर भटकना पड़ता है साथ ही भवन में जल जमा होने से काफी परेशानी होती है। जखनिया निवासी पूर्णमासी ने कहा कि राजकीय आयुर्वेद अस्पताल में एक से बढ़ कर एक चिकित्सक हमेशा नही आते हैं जिससे लोगों को दवा उपलब्ध नहीं हो पाते।शाहपुर बहोराय अजय कुमार कुशवाहा ने कहा कि डिप्टी सीएम बृजेश पाठक अस्पतालों को बेहतर बनाने का लगातार वादा तो किया लेकिन जखनिया का यह अस्पताल पूरी तरह से बदहाली का दंश झेल रहा है।

# डीएम ने वेतन रोकने का दिया निर्देश



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने मंगलवार को विकास खण्ड मनिहारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई का अभाव पाया गया।

जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यालय को साफ रखने का निर्देश दिया।डीएम ने खण्ड विकास अधिकारी मनिहारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में बनाए गए सामुदायिक शौचालय को बराबर चेक किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए की वे सभी सामुदायिक शौचालय चालू अवस्था में है अथवा नही इस कार्य के लिए खण्ड प्रेरक को लगाया जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाए ताथ साथ ही साथ उन्हे रोजगार योग्य प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे स्वंय कुछ कर सकें। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन 10 से 12 बजे तक कार्यालय में बैठकर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।जिलाधिकारी ने कहा कि मनरेगा के अन्तर्गत कराए गए कार्यो की जॉच कराते हुए कर्मचारियों को यह निर्देशित किया कि वे सुनिश्चित कर लें कि मनरेगा से सम्बन्धित कोई भी गलत भुगतान कदापि न हो, गलत भुगतान होने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी।निरीक्षण के दौरान तीन कर्मचारी रामनिवास चौहान, टी0ए0,दिलिप कुमार कुशवाहा, बी0एम0एम0/एम0आई0एस0, आदित्य कुमार, बी0एम0एम0/एम0आई0एस0 के अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया।मौके पर मुख्य विकास अधिकरी संतोष कुमार मौर्य, खण्ड विकास अधिकरी मनिहारी एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## ख़ास ख़बर

### अयोध्या को उसके पौराणिक गरिमा के अनुरूप सजाया जा रहा है- मण्डलायुक्त



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/**अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या को उसके पौराणिक गरिमा के अनुरूप सजाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत अयोध्या में विभिन्न विकास कार्यो को कराया जा रहा है। जन्मभूमि मंदिर के आसपास के क्षेत्रों को उसकी पौराणिक महत्ता के अनुसार सजाये जाने के साथ ही मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में आधुनिकता को भी ध्यान में रखते हुये मंदिर के आसपास के क्षेत्रों यथा जन्म भूमि पथ, भक्ति पथ के समीप स्थित घरो में रूफ टॉप कैफेटेरिया विकसित करने के लिए गृहस्वामियों को प्रेरित किया जाएगा। जिसके लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार एजेंसी के साथ अनुबंध कर आसपास के घरों का सर्वे कराकर इच्छुक गृहस्वामियों को रूफ टॉप कैफेटेरिया बनाने के लिए लोगो को जागरूक किया जाएगा तथा इसके लिए परमिशन आदि सम्बंधी जो प्रक्रियायें होंगी उनको एडीए के पैनल के माध्यम से सरलीकृत किया जाएगा। इन रूफ टॉप कैफेटेरिया ओपन टू स्काई रेस्टोरेंट के माद्यम से अयोध्या आने वाले श्रद्धालु श्री राम मंदिर के विहंगम दृश्य का अवलोकन कर सकेंगे।

### भंडारा आयोजित करना पुण्य का काम- महंत अमर दास



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/** अयोध्या में कोई व्यक्ति भूखा न सोये इसके लिए संत महंत लगातार भंडारे का आयोजन करते रहते हैं मानव की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है द्य भंडारे के क्रम को लेकर आज रामलाल खेल वाटिका सुदामा कुटी आश्रम टेढ़ी बाजार अयोध्या में दिव्य भंडारे का आयोजन महंत अमर दास जी के द्वारा किया गया महंत अमर दास द्वारा लगातार विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता रहा है जिसमें अयोध्या के संत महंतों ने भाग लिया प्रमुख रूप से छोटी छावनी पीठाधीश्वर कमल नयन दास जी अधिकारी राजकुमार दास वल्लभा कुंज बड़ी जगह से कृपालु महाराज करुणानिधान के अधिकारी नारायण दास सहित अनेक संतों महंतों ने भाग प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर परमात्मा दास सत्य नारायण दास हरिराम वरण दास गिरी बाबा आदि लोग प्रमुख लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के संचालक मोहन शर्मा ने किया।

### कुमारगंज व इनायत नगर पुलिस ने अवैध गांजे के साथ दो को किया गिरफ्तार

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/मिल्कीपुर- अयोध्या।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर के दिशा निर्देशन में मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मिल्कीपुर सर्किल के इनायत नगर एवं कुमारगंज थाने की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज संजीव कुमार सिंह एवं इनायतनगर नीरज सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने भारी मात्रा में अवैध गांजे के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

पकड़े गए दोनों लोगों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी देवगांव प्रभारी मनीष चतुर्वेदी, कांस्टेबल मनोज यादव व दीपक कुमार के साथ क्षेत्र में गस्त कर रहे थे। उसी बीच सूचना मिली कि एक व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर रहमानीगंज के पास खड़ा है। जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और उसे पड़कर पूछताछ किया तो उसने अपना नाम खुशीराम पुत्र विश्वनाथ निवासी सुरती का पुरवा देवगांव बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद होने के बाद उसे पुलिस टीम उसे थाने ले आई। वहीं दूसरी ओर थाना कोतवाली इनायत नगर में तैनात उपनिरीक्षक अक्षय कुमार पटेल भी गस्त पर थे। तभी सूचना मिली कि सुरवारा भट्ठा के पास युवक खड़ा है और थैले में कुछ लिया हुआ है। जानकारी मिलने के बाद चौकी प्रभारी ने मौके पर पकड़ कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम नितिन तिवारी पुत्र कृपा शंकर तिवारी निवासी हिसामुद्दीनपुर भीमाताली के बताया। तलाशी में उसके पास से 550 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

# विपक्षी से परेशान होकर पीड़िता ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार



फोटो2-पीड़ित परिवार

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/**अयोध्या। कोतवाली अयोध्या के अंतर्गत काशीराम कॉलोनी में रहने वाली लक्ष्मीना ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि विपक्षी आलोक पाठक ऊर्फ सिपाही 26 जून को अपने सहयोगियों को साथ लेकर पीड़िता के घर में घुसकर बुरी तरह मारा-पीटा था जिस संबंध में पीड़िता ने स्थानीय थाना कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 326 / 23 अंतर्गत धारा 147,323, 452, 354 ख अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कराया था मुकदमा दर्ज होने के बाद आलोक अपने और सहयोगियों द्वारा लगातार सुलह समझौता के लिए दबाव बनाता रहा, वह तमाम प्रकार के प्रलोभन देता रहा पीड़िता ने जब सुलह के लिए स्पष्ट रूप से मना किया तो आलोक पाठक अपने सहयोगी रतन, ओम यादव, एवं संदीप को साथ लेकर 29 जुलाई को घर में घुसकर पुनः पीड़िता व उसके पुत्र कन्हैया को बुरी तरह मारा पीटा मौके पर जब देवी प्रसाद पांडेय बचाने आए तो विपक्षी ने उन्हें भी बुरी तरह मारा-पीटा जो अचेत अवस्था में हो गए जिस संबंध में प्रार्थना ने कोतवाली अयोध्या में 429/23 के अंतर्गत धारा 323, 504, 506 मुकदमा पंजीकृत कराया आलोक पाठक व उनके सहयोगी द्वारा प्रार्थना को मुकदमा वापस न लेने पर जान से मारने की लगातार धमकी दी जा रही है। पीड़िता व उसका परिवार डरा सहमा है पीड़िता का कहना है कि आलोक एक आपराधिक किस्म का व्यक्ति है और उसका आपराधिक गिरोह है और पीड़िता के साथ कभी भी कोई घटना को अंजाम दे सकता है पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देते हुए अपने व अपने परिवार की जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

आपको बता दें पूर्व में भी काशीराम कॉलोनी में रहने वाली लक्ष्मीना जोकि घाट पर फूल माला बेच कर अपना जीवन यापन कर रही हैं कुछ दबंग भूमाफिया लोग उनके घर में घुस आए और मारा पीटा लक्ष्मीना का आरोप है कि एक दिन पहले उन्होंने अपनी जमीन को बेचा था जो कि पुश्तैनी संपत्ति थी और जमीन को बेचने के बाद कुछ पैसे मिले थे जिसे दबंग भूमाफिया वा अराजक तत्वों की नजर पड़ी तो वह पैसे छीनने का प्रयास किया लक्ष्मीना का आरोप यह भी है कि कल रात में उनके घर में घुसकर मारा पीटा गया और पैसा छीन लिया गया साथ ही साथ इसके पूर्व में भी उन्होंने इनके साथ मारपीट की थी जिसकी शिकायत उन्होंने कोतवाली अयोध्या में की थी लक्ष्मीना ने यह भी बताया कि इनके घर में घुसकर इनके बच्चों को भी मारा पीटा गया साथ ही साथ जिनके घर पर काम करती हैं पंडित देवी प्रसाद पांडेय कल रात में हिसाब के लिए उनके घर पर गए थे उनको भी मारा पीटा गया और मारने पीटने के बाद घर में बंद कर दिया गया ,जो कि दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है और इलाज चल रहा है साथी साथ लक्ष्मीना ने यह भी आरोप लगाया है कि प्रशासन द्वारा केवल एफ आई आर दर्ज की गई है और कोई कार्रवाई अभी तक नहीं की गई है हम शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि इसपर उचित से उचित कार्रवाई की जाए ताकि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा हो।

## प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को स्टेशनरी व मिठाईयां बाँट मनाया अपना जन्मदिन बच्चों को शिक्षित करने का लिया संकल्प



**जन्मदिन पर दें एक पौधा धरती को उपहार में- ई रवि तिवारी**

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/**अयोध्या।।पेड़ पौधे हमें आक्सीजन प्रदान करते हैं साथ ही पर्यावरण को साफ सुथरा व संतुलित बनाए रखने में इनका विशेष योगदान रहता है। इसी संदेश को लेकर विवेकानंद सेवा मंच ने पहल की थी कि ग्रुप के सदस्यों के जन्मदिन पर पौधरोपण किया जाएगा। यह पहल अब रंग लाने लगी है। ग्रुप के सदस्यों के जन्मदिन पर पौधरोपण कर उसको संरक्षित करने का संकल्प लिया जाता है। ग्रुप की इस पहल पर संरक्षक ई रवि तिवारी के जन्मदिन के मौके पर शिव मंदिर,प्राथमिक विद्यालय,हनुमान मंदिर परिसर में बरगद अमरूद गुलहर आंवला के पौधे का रोपण किया गया। रवि तिवारी ने पौधरोपण के बाद अपील भी की कि पर्यावरण सुधारने की दिशा में पौधारोपण जरूरी है। कोरोनाकाल में हमें आक्सीजन का महत्व पता चला है और पेड़ पौधों से ही हमें आक्सीजन मिलती है इसलिए अपने जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं और उसे संरक्षित करने का भी संकल्प लें।हम प्रकृति से बहुत कुछ लेते हैं तो हमारा भी नैतिक दायित्व बनता है कि प्रकृति को हम कुछ दें। इस मौके पर विवेकानंद सेवा मंच के सदस्यों ने पौधारोपण करने और उन्हें संरक्षित करने का संकल्प भी लिया और ई रवि तिवारी को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। संबोधित करते हुए ई रवि तिवारी कहा अपनी खुशी को बच्चो और जरूरतमंद लोगों के बीच जाकर बांटने से जो आत्मीय संतुष्टी का सुखद आभास होता है, वह कहीं नहीं मिल पाता है। हम अपने परिवार के साथ हर पल खुशियां दोगुनी करते हैं, लेकिन एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यदि हम अपनी खुशियों के इन पलों को अपने आसपास जरूरतमंद, असहाय और गरीबों के बीच मिलकर बांटने का काम करते तो समाज से भेदभाव और ऊंच नीच की मानव विरोधी कुरीति को मिटाया जा सकता है बच्चों के लिए स्लेट,चाक पेन, कॉपी, किताबें व मिठाईयां,नमकीन और अन्य खानपान की वस्तुएं लेकर पहुंचे तो बच्चो के साथ बचपन भी खुशी के कुछ पलों की दस्तक अपनी चैखट पर देखकर मुस्कुरा पड़ा। पार्षद शिवनगर शिवकुमार ने कहा कि प्रकृति को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। पेड़ों पर प्रकृति निर्भर रहती है। पौधारोपण करना प्रकृति का संरक्षण और संवर्धन है। पेड़ों की कमी से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है।जिला महामंत्री भाजपा राधेश्याम त्यागी ने कहा हम जन्मदिन पर अपने बच्चों पर काफी पैसे खर्च कर देते हैं लेकिन यदि हमारे इस कार्य से गरीब बच्चों को कुछ लाभ मिल पाए तो इससे अधिक खुशी की बात नहीं हो सकती। ये बच्चे के लिए उपहार भी होगा। हमारी छोटी-छोटी कोशिशें समाज में जागरुकता लाएंगी। उन्होंने कहा इन छोटे प्रयासों से जो खुशी मिलती है, उसकी कल्पना भी नही की जा सकती। इस अवसर पर सह संयोजक पुष्कर दत्त तिवारी, चंद्रशेखर,सौरभ मिश्रा,शाश्वत तिवारी, प्रधानाध्यापक पूनम श्रीवास्तव, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाधा दूर करने के लिए हुआ अभिषेक



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/ बीकापुर-अयोध्या।** हैदरगंज कोतवाली क्षेत्र के भैरोपुर टिकरा मजरे भार्गव तिवारी के पुरवा में पूर्व आयोजित रुद्राभिषेक सोमवार को देर शाम को संपन्न हुई जिसमें अवध क्षेत्र के पंडित शिवम शास्त्री द्वारा अपने सहयोगी संतो के साथ खोण्गमात्रिका, नवग्रह , वरुण का पूजन -अर्चन -वंदन के बाद मिट्टी के बनाए गए पार्थिव में शिवलिंग, नन्दी, गणेश, पार्वती, 11 रुद्रगणो के साथ पूरे परिवार का विधिवत पूजन करने के बाद शिव के अनेक नाम के लाभ का संक्षिप्त वर्णन करते हुए उनकी भक्ति मे डुबकी लगा रहे प्रमुख आयोजक समाजसेवी डा दिनेश तिवारी सहित उपस्थित जनसमूह को भक्ति के रस में सराबोर करते हुए मधु, गंगा जल, दूध, दही, आदि सामग्रियों से पूजन और रुद्राभिषेक करवाते हुए पंडित शिवम शास्त्री ने बताया इस तरह से भगवान शिव की पूजा करने से प्रमुख आयोजक के साथ देश धर्म और राष्ट्र का विकास होता है। विद्वान पंडित शिवम शास्त्री द्वारा देश में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के साथ देश में भ्रष्टाचार समाप्त करके देश के विकास होने के लिए यजमान से संकल्प करवाया यजमान डा दिनेश तिवारी ने अपने शुभचिंतकों के साथ परिवार के बड़े पुत्र राजेश तिवारी , रुद्र प्रताप तिवारी, अभिनव तिवारी, प्रेरणा तिवारी श्रीमती वीना तिवारी, श्रीमती दीपा तिवारी आदि लोग हवन करके भोलेनाथ से अपने कष्टों को दूर करने की मांग करते हुए देश के विकास के लिए भूत वाले भगवान से मिन्नते मांगी है तथा मृदुभाषी श्री शास्त्री द्वारा मंत्रों की झड़ी लगा देने से लोगों में विश्वास जगा है कि भोलेनाथ के इस अभिषेक से देश के विकास के साथ समाज का व्याप्त कुरीतिया दूर होगी।

## आधार कार्ड में गलत डाटा है तो करायें अपडेट

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/** अयोध्या ।जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि वर्ष 2020-21 से छात्रों के आधार नम्बर अनिवार्य किये गये हैं। आनलाईन आवेदन पत्र में छात्रों द्वारा भरे गये आधार नम्बर का अथेन्टिकेशन होने के पश्चात् ही आवेदन पत्र अग्रसारित होगा। इस सम्बन्ध में छात्रों के हाई-स्कूल अंक पत्र में दिये गये नाम, पिता का नाम एवं जन्मतिथि के आधार पर आधार कार्ड बनवाया जाना आवश्यक है। यदि किसी छात्र का आधार कार्ड बन गया है और उसमें त्रुटि है तो उसे हाई-स्कूल अंक पत्र में दिये गये डाटा के आधार पर आधार कार्ड को अपडेट किया जाना है। यदि किसी माता-पिता की पुत्री का विवाह हो गया है तो आधार कार्ड में पति का नाम एवं ससुराल के पते को अपडेट कराया जाना है। यदि आधार कार्ड में छात्र का नाम, जन्म तिथि अथवा आधार नम्बर मिसमैच होगा तो आधार नम्बर अथेन्टिकेशन न होने के कारण आवेदन पत्र अग्रसारित नही होगा। इस क्रम में आप अपने स्तर से व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुये संस्था के कार्यालय नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत जानकारी दी जानी है। जिन छात्रों का आधार कार्ड नही है उन्हें अभियान चलाकर बनवा लिया जाय तथा आधार कार्ड में गलत डाटा है तो उसे अपडेट करा लिया जाय। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में छात्रवृति के पोर्टल को मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड इन्फारमेशन टेक्नोलॉजी, भारत सरकार, नई दिल्ली के डिजिटल प्लेटफार्म डिजिलॉकर को लिंक किया जा रहा है। सरकारी दस्तावेज/प्रमाण पत्र को जारी करने वाले जो विभाग संस्थाएं डिजिलॉकर पर रजिस्टर्ड हैं के द्वारा निर्गत समस्त सरकारी दस्तावेज/प्रमाण-पत्र यथा विश्वविद्यालयों के परीक्षाफल समस्त बोर्ड के प्रमाण-पत्रों आदि के माध्यम से आनलाईन सत्यापित कराया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त छात्रवृत्ति हेतु छात्र के स्तर से रजिस्ट्रेशन के समय उसका व्यक्तिगत विवरण आटोफेच किया जायेगा। इस समन्ध में किसी भी छात्र का जो व्यक्तिगत विवरण यथा-नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, पता, जेंडर व फोटो आधार को आटोफेच होगा इसलिए इस वर्ष समस्त छात्रों को आधार कार्ड में उसके समस्त व्यक्तिगत विवरण में यदि कोई त्रुटि है या आधार कार्ड पर उसका फोटो पुराना लगा हुआ है तो उसे अपडेट कराते हुए नये फोटोग्राफ के साथ आधार कार्ड को जारी कराया जाना अनिवार्य है। इस सम्बन्ध में आपके स्तर से छात्रों को उक्तानुसार कार्यवाही हेतु सूचित कर दिया जाये ताकि कोई पात्र छात्र छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ पाने से वंचित न रह जाय। उक्त जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी अयोध्या ने दी है।

## प्रो. प्रतिभा सिंह बनीं कृषि महाविद्यालय की पहली महिला अधिष्ठाता

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/मिल्कीपुर -अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कृषि जीव एवं रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. प्रतिभा सिंह को कृषि महाविद्यालय का अधिष्ठाता नियुक्त किया है। कुलपति ने यह निर्णय उनकी कार्य क्षमता एवं कुशल नेतृत्व को देखते हुए लिया है। कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद यह पहली ऐसी महिला हैं जिन्हें कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता पद की जिम्मेदारी कुलपति द्वारा सौंपी गई है। पदभार संभालने के बाद डॉ प्रतिभा ने कुलपति कार्यालय पहुंचकर कुलपति से शिष्टाचार भेंट की। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता पद पर कार्य कर रहे डा. वेदप्रकाश 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो गए। डा. प्रतिभा कृषि विश्वविद्यालय में 23 मार्च, 1992 से अपनी सेवा दे रहीं हैं और यह वाराणसी की मूल निवासी हैं। उनके पास न्यूट्रिशियन पर दो किताबें लिखने का भी श्रेय प्राप्त है। उन्होंने पीएचडी की डिग्री आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि एवं ग्रेजुएशन की शिक्षा हरियाणा एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। प्रो. प्रतिभा ने कहा कि कुलपति के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्र हित उनके लिए सर्वोपरि होगा और सामने आने वाली किसी भी प्रकार की बाधा को दूर करने का प्रयास किया जायेगा। डा. प्रतिभा सिंह के अधिष्ठाता बनाए जाने पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों में खुशी की लहर है।

## नशा मुक्ति संकल्प समारोह 9 अगस्त को समारोह में शामिल होने यूपी से दिल्ली जाएंगे हजारों कार्यकर्ता- विजय प्रताप

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/**अयोध्या।9 अगस्त को दिल्ली विश्वविद्यालय में नशा मुक्ति संकल्प समारोह का वृहद आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री कौशल किशोर के आवाहन पर "नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का" के तहत आयोजित किया जा रहा है। जिसमे उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से हजारों लोग संकल्प समारोह में शामिल होंगे। उक्त जानकारी नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान के प्रदेश प्रभारी विजय प्रताप गौतम ने दी।गौतम ने बताया कि देश में नशामुक्ति अभियान शुरू किया गया है जो लोग भी उनसे जुड़ना चाहते हैं, जुड़ सकते हैं। बता दें कि कौशल किशोर के बेटे की जान साल 2020 में चली गई थी। जिसके बाद कौशल किशोर ने ट्वीट किया, "मैं खुद सांसद हुआ, मेरी पत्नी विधायक होने के बाद भी अपने बेटे की जिंदगी नशे से नहीं बचा पाया लेकिन मैं चाहता हूं कि अब कोई भी मां और पिता अपने बच्चे को नशे के कारण ना खो दे, नशे की वजह से कोई महिला विधवा न हो, कोई बच्चा नशे की वजह से बिन बाप का ना हो। नशे की वजह से कोई बहन अपने भाई को न खो दे और नशे की वजह से किसी के भी पारिवारिक सदस्य की मौत ना हो इसलिए मैं "नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का" के माध्यम से पूरे देश को जागरूक कर नशामुक्त भारत बनाना चाहता हूं।" केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर का लक्ष्य है कि वो नहीं चाहते हैं कि कोई बच्चा बिना बाप का रहे और नशे से किसी के परिवार के सदस्य की मौत हो, इसीलिए नशामुक्ति अभियान शुरू किया है।

**आंदोलन** जिनका संचालन साधन सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाएगा जो सीधे किसानों को लाभान्वित करेगी।

# साधन सहकारी समितियों के माध्यम से आम किसानों को जोड़ने के लिए चलाया जा रहा है अभियान- धर्मेंद्र



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/बीकापुर- अयोध्या।** सहकारिता आंदोलन को नई धार देने के लिए सरकार द्वारा पहल शुरू की गई है। इसी क्रम में शासन के निर्देश पर सहकारिता विभाग द्वारा 1 अगस्त से 14 अगस्त तक सहकारिता परिवार किसान के द्वार पखवारा चलाया जा रहा है। अभियान के पहले दिन मंगलवार को बीकापुर विकासखड क्षेत्र के किसान सेवा सहकारी समिति पुहुपी पहुंचे जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने 11 किसानों को सदस्यता दिलाई।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सहकारिता के तहत समितियों को जन सेवा केंद्र, जेनेरिक दवाओं का वितरण, कीटनाशक दवाओं का वितरण, पेट्रोल पंप, आरो प्लांट जैसी करीब दो दर्जन सेवाएं संचालित किए जाने की कार्य योजना शासन द्वारा तैयार की जा रही है। जिनका संचालन साधन सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाएगा जो सीधे किसानों को लाभान्वित करेगी। सहकारी समितियों के कार्य में वर्तमान समय में 23 प्रतिशत तक गिरावट आई है। पुरानी साख को स्थापित किया जाएगा। तथा बंद पड़ी साधन सहकारी समितियों को संचालित कराया जाएगा। आम किसानों को साधन सहकारी समितियों को जोड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि 1 अगस्त से 14 अगस्त तक चलाए जा रहे अभियान के तहत अंबेडकर नगर तथा फैजाबाद की छोटी समितियों में 200 सदस्य तथा बड़ी समितियों में 500 सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी समितियों में मंगलवार को संबंधित जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई है। साधन सहकारी समिति पुहपी के अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी ने बताया कि साधन सहकारी समिति पर सदस्यों की संख्या 1190 हो चुकी है इसे और बढ़ाया जाएगा। सदस्यता अभियान के कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता अनिल उपाध्याय, इंद्रसेन सिंह, समिति के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी, समिति के सचिव विशाल सिंह, अवधेश मिश्रा, रामचरन निषाद, गोमती तिवारी, आदित्य पांडे, मंगल निषाद, परमेश पांडे, सरिता, प्रियंका तिवारी आदि मौजूद रहे। साधन सहकारी समिति में नई सदस्यता लेने वालों को जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष द्वारा माला पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार उपाध्याय द्वारा किया गया।

# राजर्षी पुरुषोत्तम दास टंडन राष्ट्र के कर्मठ सेवी हिंदी के प्राण तक तपस्या की प्रतिमूर्ति थे- पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/**अयोध्या ।भारत रत्न से सम्मानित महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हिंदी भाषा के प्राण राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन जी की जयंती के अवसर पर खत्री सभा अयोध्या फैजाबाद ने धारा रोड स्थित बाल साक्षरता केंद्र स्कूल में 100 गरीब बच्चों को शिक्षा सामग्री बांटकर व राजर्षि टंडन के विचारों पर प्रकाश डालकर मनाया गया

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राजर्षी पुरुषोत्तम दास टंडन राष्ट्र के कर्मठ सेवी हिंदी के प्राण तक तपस्या की प्रतिमूर्ति थे राजर्षि ने हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाया तथा उन्हें 1961 में भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया वह महान देशभक्त थे विशिष्ट अतिथि श्रीमती मीनू कपूर पूर्व प्रधानाचार्य आर्य कन्या इंटर कॉलेज ने कहा कि राजर्शी पुरुषोत्तम दास टंडन भारत के महान सपूत के साथ एक उच्च आदर्श वादी व देशभक्त थे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांतीय खत्री सभा के प्रदेश अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने कहा कि राजर्षि टंडन जी विद्यार्थी जीवन से ही कुशाग्र बुध के साहित्य प्रेमी होने के साथ अनुपम त्याग संयम उदारता सादगी से परिपूर्ण जीवन में भारतीय ऋषि यों जैसी सृजिता थी उनके द्वारा किए गए कार्यो को भूल पाना बहुत मुश्किल है कार्यक्रम में सुलेख प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 5 तक की तीन छात्राओं प्रिया चौरसिया आरुषि व अनुष्का को प्रथम स्थान लाने पर विशेष सम्मान उपहार देकर पुरस्कृत किया गया तथा अतिथियों द्वारा स्कूल में सुग्रीव छात्र छात्राओं को टिफिन बॉक्स कॉपी पेंसिल किताब रबड़ कटर पटरी बिस्कुट नमकीन आदि शिक्षा सामग्री वितरण की गई कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभा के संरक्षक आलोक मनचंदा सुनील कपूर हरीश कुमार धवन श्रीमती मीनू कपूर रविंद्र साहनी सचिन सरीन सुप्रीत कपूर निखिल टंडन अनुराग खन्ना अरविंद अरोड़ा आलोक मनोचा संजीव धवन सलिल मनोचा संजय टंडन सौरभ मेहरोत्रा श्रीमती सुचिता भल्ला श्रीमती पूनम मल्होत्रा श्रीमती कंचन साहनी मयंक साहनी व स्कूल के प्रबंधक श्रीमती अजय रानी शर्मा दिव्या शर्मा आरती गुप्ता मंजरी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष संजय महिंद्रा व संचालन कार्यक्रम के संयोजक निखिल टंडन ने किया।

## ख़ास ख़बर

## जिला ओलंपिक संघ का प्रतिनिधि मंडल नवपदस्थापित उपायुक्त शशिभूषण मेहरा से की शिष्टाचार मुलाकात



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**जामताड़ा जिला ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अरविंद ओझा, जिला कबड्डी संघ के सचिव रोहित कुमार ने मंगलवार को नवपदस्थापित उपायुक्त शशिभूषण मेहरा से शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर जिला ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अरविंद ओझा ने उपायुक्त को फुलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। उपाध्यक्ष अरविंद ओझा ने बताया कि जामताड़ा जिला संसाधन विहिन और पिछड़ा होने के बावजूद यहां के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। साथ ही उपायुक्त से जामताड़ा जिला में खेल के संसाधन विकसित करने और व्यक्तिगत रूप से रुचि लेकर खिलाड़ियों की बेहतरी की दिशा में कार्य करने का अनुरोध किया गया। जिसपर उपायुक्त के द्वारा हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया गया। जामताड़ा जिला कबड्डी संघ के पदाधिकारियों ने इंडोर स्टेडियम उपलब्ध करवाने का भी आग्रह किया। उपायुक्त ने आश्वासन दिया है की खेल पदाधिकारी से बात कर जल्द से जल्द उपलब्ध करवाएंगे।

## नारायणपुर गांव में जेठ और जेठानी ने मिलकर महिला को पीटा



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/** मधुपुर थाना क्षेत्र के बड़ा नारायणपुर गांव में घर में बिजली जलाने को लेकर हुई मारपीट की घटना में महिला नजीमा खातून जख्मी हो गई।घटना को लेकर महिला ने मधुपुर थाना में आवेदन देकर जेठ सलामत अंसारी और जेठानी सफीना बीवी को आरोपित बनाया है।महिला ने पुलिस को बताया है कि वर्ष 2009 में उसकी शादी करामत अंसारी के साथ हुई थी।मेरे पति तीन भाई हैं।सभी अलग-अलग परिवार के साथ रहते हैं। पति मुंबई में पेंटर रंग करने का काम करते है।वह अपने बच्चों के साथ घर में रहती है।सोमवार की रात उसका भैसूर और उसकी पत्नी दोनों मिलकर उसके घर के बिजली का बोर्ड खोल लिया।मना करने पर दोनों ने मिलकर मारपीट किया जिसके कारण दाहिना पैर टूट गया।बेहोश हो गई तो दोनों छोड़कर भाग गए।देर रात होश आने पर घटना की जानकारी मायके वालों को दी।मायके से लोग आने पर उसे थाना ले गए घटना की जानकारी पुलिस को दी और इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल ले गए।पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

## 22 वर्षीय महिला ने दवा समझकर पिया फिनाइल



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/**मधुपुर थाना क्षेत्र के मिसरना गांव में मंगलवार को एक 22 वर्षीय महिला आशा देवी ने दवा समझकर फिनाइल पी लिया। इसके बाद महिला का तबीयत बिगड़ गया। उसकी हालत खराब देख घर के लोगों ने उसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मधुपुर लाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर इलाज के लिए वार्ड में भर्ती कर लिया।महिला ने चिकित्सकों को बताया घर में फिनाइल रखा हुआ था गलती से पी लिया इधर चिकित्सकों की सूचना पर मधुपुर थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची है ।महिला से बयान पुलिस ले रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हिंदू आस्था से खिलवाड़ के विरोध में भाजपा ने जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी का किया पुतला दहन



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**मंगलवार को भाजपा जामताड़ा जिला इकाई के द्वारा सुभाष चौक में हिंदू आस्था से खिलवाड़ के विरोध में जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी का पुतला दहन किया गया। इरफान अंसारी पुतला दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल सम्मिलित हुए। जामताड़ा भाजपा जिला इकाई का आरोप है कि विधायक इरफान अंसारी ने अपने कार्यकाल में हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ के साथ गौ तस्करी, गौ हत्या ,आदिवासी शोषण जैसे दुष्कार्यो को बढ़ावा दे रहा। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान भाजपाइयों के द्वारा विधायक इरफान अंसारी के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल ने कहा कि जामताड़ा के विधायक पप्पू डॉक्टर इरफान अंसारी लगातार हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ और हिंदू विरोधी गतिविधि कर रहे हैं।

पिछले दिनों विधायक इरफान अंसारी मिहिजाम स्थित काली मंदिर में सुनियोजित प्लान के तहत घुसकर तिलक और टीका लगवाने का काम किया और सार्वजनिक रूप से हिंदू आस्था के तिलक व टिके को मिटाने का काम किया। इन सब बातों के विरोध में जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह के नेतृत्व में सुभाष चौक में विधायक इरफान अंसारी का पुतला दहन किया गया।

यह विधायक लगातार हिंदू विरोधी गतिविधि में संलिप्त रहते हैं। हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ करते हैं और हिंदू धर्म को मजाक के समान समझते हैं। विधायक की पोशाक को भी देखेंगे तो यह एक सुनियोजित प्लान के तहत हरे रंग का वस्त्र धारण करते हैं। हिंदू समाज के साथ हिंदू मतदाता को भी चुनौती देने का कार्य कर रहे हैं विधायक का कहना है कि हमें जीतने के लिए किसी भी हिंदू के वोट की आवश्यकता नहीं है। हमारे कौम का इतना वोट है कि हम उसी वोट से जीत जाएंगे। इस पुतला दहन कार्यक्रम के माध्यम से मैं तमाम हिंदू समाज एवं हिंदू संगठन के लोगों से अपील करना चाहूंगा कि हज कमेटी के चेयरमैन जो भूलवश विधायक बन गए हैं आने वाले चुनाव में इसका पूर्ण रूप से विरोध कर इरफान अंसारी का जमानत जप्त करना होगा और इसे बिना टिकट जामताड़ा ईएमयू से मधुपुर भेजना होगा। विधायक के कार्यकाल में साथ हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ बड़ा है लव जिहाद जैसी घटना हुई है और गौ तस्करी, गौ हत्या और आदिवासी भाई बहनों के साथ शोषण और अत्याचार बड़ा हैं।

लोकतांत्रिक प्रणाली के तहत एक जनप्रतिनिधि चुने जाने के नाते यह सर्वधर्म व सर्व समाज रक्षा का कार्य नहीं कर रहे हैं बल्कि यह हिंदू धर्म और संस्कृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आदिवासी संस्कृति के साथ भी कुठाराघात करने का कार्य किया है और साथ ही आदिवासी भाई बहनों को बरगलाने का काम किया है।

आदिवासी बहनों को साड़ी वितरण के नाम पर मुर्दा घरों से चलाई गई साड़ियों को भी बांटने जैसा जघन्य अपराध किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह ने कहा कि सबसे बड़ा नौटंकी विधायक इरफान अंसारी ने हिंदू आस्था के साथ लगातार खिलवाड़ करने का काम किया है और जो कहता है कि मुझे हिंदुओं का वोट नहीं चाहिए ।

मैं साफ शब्दों में विधायक को कहना चाहता हूं कि अपने आचरण में सुधार लाएं नहीं तो एक ही दवाई लात जूता और विदाई। मौके पर मुख्य रूप से मिहिजाम जिला अध्यक्ष कमल गुप्ता, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अनूप पांडे, दुबराज मंडल, सुमित शरण सुनील हांसदा ,मनीष दुबे, मोहन शर्मा सुकुमार सर्किल पिंटू गुप्ता सतीश सिंह रंजीत राणा ,चंदन रावत, अशोक मंडल ,मुकेश यादव, राजेश यादव गउर बावरी, अरिजीत मिश्रा ,प्रदीप राउत, संजय साव सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कहा, पीएम इस्तीफा दें, मणिपुर सीएम को बर्खास्त करे



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**इंडिया गठबंधन के बैनर तले विभिन्न विपक्षी पार्टियां जामताड़ा में भाजपा के खिलाफ यज्ञ मैदान से रैली निकाली और शहर का भ्रमण करते हुए पुराना कोर्ट स्थित धरना स्थल पर पहुंचे। रैली में कांग्रेस, झामुमो सीपीआई, सीपीएम, आम आदमी पार्टी, जदयू, राजद के नेता शामिल थे। धरना स्थल पर सभी दलों के नेताओं ने संबोधित किया। अपने संबोधन के क्रम में नेताओं ने भाजपा की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। जेएमएम के जिला अध्यक्ष श्यामलाल हेम्ब्रम ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के अनुसार हमलोग इंडिया गठबंधन के तहत केंद्र के भाजपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा ने कहा कि वर्तमान सरकार पिछड़ा गरीब और अल्पसंख्यक आदिवासियों की विरोधी है।

आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकना है। सीपीआईएम जिला सचिव चंडीदास पुरी ने कहा कि मणिपुर में आदिवासियों के साथ शोषण हुआ है। महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है। उसी के विरोध में आज इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी दल प्रदर्शन कर रहे हैं उन्होंने देश के प्रधानमंत्री का तुरंत इस्तीफा मांगा है। साथ ही मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने की मांग की। राजद जिला अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि मणिपुर में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर एक बार भी सदन में देश के प्रधानमंत्री ने कुछ भी नहीं कहा। यह उनकी मानसिकता दर्शाती है। महिलाओं को सुरक्षा के नाम पर सिर्फ जुमलेबाजी और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा सिर्फ झूठे वादे हैं। इसे धरातल पर लाने में केंद्र सरकार विफल दिखाई दे रही है। कुर्सी कैसे हासिल हो इस पर बात करती है। आम आदमी पार्टी के जिला संयोजक जयराम राय ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में तमाम धर्मनिरपेक्षता वाली पार्टी एकजुट होकर लोकसभा में दखदम दिखाने को तैयार है और 2024 के चुनाव में भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करेंगी। मौके पर प्रोफेसर कैलाश प्रसाद साव, असीत मंडल, डॉक्टर अब्दुल मन्नान अंसारी, रवीन्द्रनाथ दुबे, हाजी रफीक अनवर सलिल रमन, करालीचरण सरखेल, अजीत दुबे, विजय दुबे, इम्तियाज अंसारी, अमरनाथ मिश्रा, तनवीर आलम दानिश रहमान इरशादुल हक अर्शी, साकेस सिंह, मिरुदी सोरेन, बिमल भेया,असलम अंसारी मधुसूदन चंद्रा, परेश यादव, रेणु मुर्मू, इमरान अंसारी अब्दुल रऊफ अंसारी बीरबल अंसारी सहित अन्य कई पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मंदिर से निकलते ही इरफान अंसारी ने पोछा तिलक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने शेयर किया विडियो



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ट्वीटर पर हमेशा एक्टिव रहते हैं। ऐसा कोई भी मौका वह हाथ से जाने नहीं देते जिसमें सरकार के किसी भी अंग की किरकिरी करनी हो।बाबूलाल ने कांग्रेस विधायक डा. इरफान अंसारी पर निशाना साधा है और एक मंदिर का एक वीडियो शेयर किया है। उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए कहा है कि ÷कुछ भोले हिंदुओं ने कांग्रेस विधायक को मंदिर में बुलाया और उन्हें तिलक लगा दिया। एक मिनट भी नहीं लगा जब विधायक ने सबके सामने ही तिलक अपने माथे से पोंछ डाला और कहा कि आप लोग वोट नहीं भी देंगे, तब भी हम जीत जाएंगे।÷ दरअसल वीडियो में इरफान अंसारी मंदिर से निकलते दिख रहे हैं, जिसमें वह अपने माथे पर लगाए गए तिलक को गमछा से पोंछते दिख रहे हैं। हालांकि, बाबूलाल मरांडी के ट्वीट पर जवाब देने से इरफान भी पीछे नहीं हटे। उन्होंने कमेंट सेक्शन में एक वीडियो पोस्ट किया और लिखा कि बाबूलाल जी राजनीति में अपना स्तर इतना मत गिराइये की लोगआपको देखना पसंद ना करें। मेरे वीडियो को क्रॉप कर गलत संदेश देने का काम किया। लोगों ने मुझे सम्मान देकर मंदिर निर्माण कराने का आग्रह किया।

## रेलवे स्टेशन के नो पार्किंग जॉन में खड़े दर्जनों दोपहिया वाहन हुई जब्त



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**मधुपुर रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी जूलियन आनंद टोप्पो के नेतृत्व में मंगलवार को आरपीएफ मधुपुर रेलवे स्टेशन परिसर स्थित अवैध पार्किंग स्थल से खड़े दर्जनों मोटरसाइकिल को जब्त किया। सभी जब्त बाइक के मालिकों को रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया। जहां प्रत्येक चालकों से जुर्माना वसूल कर छोड़ दिया गया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर इंचार्ज देवनाथ ने बताया कि पार्किंग के लिए स्टेशन के बाहर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। बावजूद कुछ लोग स्टेशन के सामने अवैध तरीके से मोटरसाइकिल खड़ा कर देते हैं। जिससे स्टेशन के अंदर आने जाने वाले रेल यात्रीयों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और रास्ता जाम हो जाता है। उन्होंने कहा की इस तरह का अभियान चलता रहेगा।

## सात दिवसीय राज्य स्तरीय उन्नत और बुनियादी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का प्रथम दिन झंडारोहण से आरंभ हुआ



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**मधुपुर शहर के 52 बीघा मोहल्ला स्थित टीसी प्रशिक्षण केंद्र में पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स स्टेट एसोसिएशन द्वारा गाइड विंग्स यानी फ्लॉक लीडर, गाइड कैप्टन और रेंजर लीडर्स के लिए राज्य स्तरीय उन्नत और बुनियादी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 7 अगस्त तक दिया जायेगा। गाइड लीडर ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में पूर्व रेलवे के विभिन्न जिलों से 99 प्रतिभागी शामिल होंगे। पूर्वी रेलवे के अंतर्गत एसोसिएशन पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। पाठ्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में मदद करने के लिए तीन संबंधित अनुभागों के लिए कुल मिलाकर 16 स्टाफ सदस्य मौजूद हैं। पाठ्यक्रम में रूपाली सरकार, एलटी (जी)/एएसओसी (जी) और गाइड के लिए अग्रिम प्रशिक्षण के लिए एलओसी, सोमा खसनाबीश, संगीता रक्षित, सिमा सरकार के बेहद सक्षम पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में और पापिया भट्टाचार्य, एडवांस रेंजर लीडर का प्रशिक्षण दिया जाएगा झंडा समारोह के बाद, पापिया भट्टाचार्य, एसटीसी (जी) ने पाठ्यक्रम प्राधिकरण को संबंधित एलओसी को सौंप दिया और शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया।सात दिवसीय आवासीय मॉड्यूल प्रतिभागियों को अपने स्काउटिंग कौशल का यथासंभव सर्वोत्तम उपयोग करने में मदद करेंगे और प्रतिभागी परीक्षण के दौरान जो कुछ भी सीखेंगे उसे जमीनी स्तर पर लागू करेंगे।

## इंडियन क्लब लालगढ़ में सलामी अखाड़ा का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**मधुपुर शहर के लालगढ़ स्थित इंडियन क्लब ने सोमवार देर शाम को सलामी आखाड़ा का आयोजन किया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री प्रतिनिधि शब्बीर हसन अंसारी शामिल हुए। पगड़ी बांध कर उनका स्वागत किया गया । इस सलामी आखाड़ा कंपीटीशन में कुल 8 शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के टीमों ने भाग लिया। जिसमे नूरी क्लब बगनाडीह, पसिया, लालगढ़, संघरा आदि टीमों ने मिलकर सलामी आखाड़ा को सफल बनाया। वही कमेटी वालो ने सभी टीमों के साथ लाठी खेल का प्रदर्शन किया। मौके पर जेएमएम नेता मोहम्मद राजू, समाज सेवी मोशर्रफ हुसैन,रवि रवानी, परखंड स्वस्थ विभाग अली ,कमेटी मेंबर मोजाबर सफुरुल्लाह शेख ,मो0 रकीब, मो0 सनाउल,मो0 हसमत, मो0 वसीम मुख्तार सियाउद्दीन,एहसान अली ,सिकंदर,मजलूम, रईस आदि लोग मौजूद रहे।

**परेशानी** किसान सहित अन्य लोगों ने अपनी परेशानी से चमेली देवी को अवगत करवाया।

# विष्णु भैया मेमोरियल फाउंडेशन की मुख्य संरक्षक चमेली देवी ने जाना किसानों की व्यथा



**दैनिक शुभ भास्कर/ मनीष बरणवाल/ जामताड़ा/** मॉनसून अपने चरम पर है परंतु झारखण्ड, बिहार सहित कई पूर्ववर्ती राज्य बारिश की कमी के कारण सूखे की चपेट में आते दिख रहे है। वही जामताड़ा सहित पूरे झारखण्ड के किसान सूखे की मार झेल रहे है। इसी कड़ी में किसानों की व्यथा जानने विष्णु भैया मेमोरियल फाउंडेशन की मुख्य संरक्षक चमेली देवी ने विधानसभा क्षेत्र के मेंझिया, पंजनीया, नितार्इडिह, शहरजोरी, बाड़ेडीह, बीरगाँव, लिपिडीह, पुरानापाड़ा, दुगरूडीह आदि गाँवों का दौरा किया।

इस मौक़े पर किसान सहित अन्य लोगों ने अपनी परेशानी से चमेली देवी को अवगत करवाया। वही कुछ क्षेत्रों में ग्रामीणों ने अपने सूखे पड़े व मानसून की बेरुख़ी झेल रहे खेतों को भी दिखाया। उपस्थित ग्रामीणों ने सुभाष मिर्धा के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित एक ज्ञापन भी चमेली देवी को सौंपा।

इसमें मुख्य रूप से जामताड़ा को सुखाड क्षेत्र घोषित कर किसानों को सरकारी सहायता देने व विभागीय अनुदान देकर उनकी मदद करने की माँग की गई है। इस मौक़े पर चमेली देवी ने कहा कि इस वर्ष सामान्य से 40त्न कम बारिश हुई है। जिससे यहाँ की कृषि गतिविधियां पूर्ण रूप से प्रभावित हो गई है।

वही निकट भविष्य में भी मौसम विभाग से जो जानकारी मिली है। उसमे वर्षा की संभावना कम है। ऐसे में सरकार को निश्चित रूप से किसानों की समस्या को देखते हुए अविलंब प्रभावित क्षेत्रों को सूखाग्रस्त घोषित करना चाहिए। जिसमें हमारा जामताड़ा भी शामिल है।

## मणिपुर में घटित हुई वीभत्स घटना को लेकर कुंडहित में ऐपवा ने निकाला विरोध मार्च, पीएम एवं मणिपुर के सीएम का किया गया पुतला दहन



**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित (जामताड़ा)/**आदिवासियों एवं महिलाओं पर वीभत्स घटना की कुंडहित में विरोध मार्च और निंदा की गई वही मणिपुर में तत्काल शांति बहाल करो की मांग की गई।सर्वप्रथम कुंडहित पुरातन बैंक से बरमसिया मोड़ तक मणिपुर के मुख्यमंत्री एन विरेन सिंह और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला लिए हाथों में झंडा- बैनर,पोस्टर लेकर एक विरोध मार्च निकाला गया, नारेबाजी करते हुए अतं में दोनों का पुतला जलाया गया। मार्च में ऐपवा के जिला सचिव आशा मिर्धा, जिला अध्यक्ष ममता राणा, झामस के जिला सचिव सोमलाल मिर्धा, भाकपा माले के जिला सचिव सुनील राणा, लखी हांसदा, पूर्णिमा हांसदा, रासमुनी हैम्ब्रम, सीता कर्मकार, सरस्वती हांसदा, रासमुनी किस्कू, तुलसी हांसदा एवं काफी संख्या में युवा, महिला-पुरुष शामिल थे।

## देश मांझी परगना बाईसी की हुई बैठक,संथाल समाज के पदधारकों के मानदेय को लेकर हुई चर्चा



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला (जामताड़ा)/**पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को नाला प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित नेताजी स्टेडियम में देश माझी परगना बाईसी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन प्रभारी राजीव हेम्ब्रम ने की। वहीं मंच का संचालन परगानैत बानेश्वर टुडू ने किया। इस दौरान संथाल समाज के आदिकाल से संचालित परंपरागत रूढिवादी स्वशासन व्यवस्था के ग्राम स्तर के पदाधिकारी जैसे - मांझी,पारानीक, जोग माझी,जोग पारानीक, भद्दो, लासेर साल, नायकी, कुड़ाम नायकी, गोड़ेत आदि के वेतनमान को लेकर चर्चा की गई। साथ ही झारखंड सरकार से सम्मान राशि 10,000 लागू करने के विषय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यथाशीघ्र मुलाकात करने निर्णय लिया गया। इसके अलावे संथाल समाज से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।

## ख़ास ख़बर

### मुंशी प्रेमचंद्र की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**सीवान संवाददाता।**कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी की 144 वी जयंती पर सीवान जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के सभागार में शिक्षाविद डॉ गणेश दत्त पाठक ने कहा उनके विचारों कि प्रासंगिकता आज भी उतना ही है.उनकी कहानी पंचपरमेश्वर,नमक का दरोगा, बड़े घर की बेटी, गोदान, गबन, पूस की रात, जीवन का यथार्थ और समाज का आईना हैं. सामाजिक कुरीतियां,सामाजिक विसंगतियां,एवं भ्रष्टाचारियो पर जमकर प्रहार किया, विधवा-बियाह अपनाकर नवजागरण संचार किया, उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी ने जग में सच्चाई कि ज्योति जलाकर हिन्दी,और उर्दू अदब को एक जैसा प्यार किया.

### माता वैष्णो देवी के लिए दक्षिणांचल का जत्था रवाना

**दैनिक शुभ समाचार भास्कर संवाददाता/सिवान।** जिले के दक्षिणांचल से मंगलवार को दर्जनों श्रद्धालुओं का जत्था माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए लोहित एक्सप्रेस से रवाना हुआ। इस दौरान सिवान स्टेशन माता रानी के जयघोष से गूंज उठा। सांसद प्रतिनिधि महिपाल सिंह के नेतृत्व में सभी श्रद्धालु आज कटरा पहुचेंगे दर्शन के बाद शिवखोड़ी का भी दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा की सावन के पावन माह में माता रानी और भगवान शिव के दर्शन कर सभी लोगो के साथ साथ विश्व की सलामती के लिए प्रार्थना की जाएगी। दर्शन करने वाले श्रद्धालुओ में पूर्व बीडीसी रीना देवी, रागनी देवी, मुन्ना शाह, इंदु देवी, अंजन सिंह, प्रिंस सिंह रोहित सिंह प्रियांशु सिंह सहित दर्जनों श्रद्धालु शामिल है।

### दिन भर रहा उमस लोग परेशान

**शुभ भास्कर संवाददाता।**सिवान जिला मुख्यालय सिवान समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों में दिनभर उमस भरे मौसम के कारण स्थानीय लोग पसीना पोछते हुए नजर आ रहे हैं।बताते चलें कि बारिश के बाद लगातार हो रहे गर्मी के कारण लोग पसीने से त्राहि-त्राहि करते हुए नजर आ रहे हैं । वही छोटे-छोटे बच्चों समेत आम लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो चला है। दूसरी तरफ बिजली की कटौती को लेकर लोग परेशान नजर आ रहे हैं ।बताते चलें कि सिवान के विभिन्न विद्यालयों में दिनभर उमस भरे मौसम होने के कारण बच्चे पसीना से लथपथ नजर आ रहे हैं। बगल के राज्य उत्तर प्रदेश में उमस को देखते हुए विद्यालय संचालन का समय सुबह 6:30 से 12:30 कर दिया गया है। लेकिन बिहार के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के आने के बाद भी शिक्षा विभाग में समय का कोई परिवर्तन नहीं है जिसकी चर्चा करते हुए आम लोग दिखाई दे रहे हैं।

### खाली कराया जाएगा डीपीओ कार्यालय

**भास्कर संवाददाता सिवान** सिवान जिले का डीपीओ ऑफिस अब खाली करा दिया जाएगा । इस संबंध में जेपी चौक स्थित आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश प्रसाद ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना को एक पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि तत्काल मेरे विद्यालय के भवन को खाली कर अन्यत्र अपने सामानों को लेकर शिफ्ट होने की व्यवस्था किया जाए। बताते चलें कि सिवान जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने आदर्श मध्य विद्यालय का निरीक्षण पिछले एक माह पूर्व किया था। उन्होंने मौके पर शौचालय समेत तमाम विद्यालय के भवनों का निरीक्षण किया था ।वही इस परिसर में चल रहे जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना का कार्यालय के वर्षों से चलने पर नाराजगी जताई थी तथा अविलंब विद्यालय के कमरों को खाली कराने का निर्देश प्रधानाध्यापक को दिया था। जिसको लेकर प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश प्रसाद ने अपने लेटर पैड पर लिख कर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अवधेश कुमार को तत्काल प्रभाव से विद्यालय के कमरों को खाली करने का अनुरोध किया है। इधर विद्यालय के भवनों को खाली करने के आए पत्र को लेकर जिले में हड़कंप का माहौल है। बताते चलें कि स्थापना कार्यालय का कोई अपना भवन नहीं है। जो बरसों से आदर्श मध्य विद्यालय के प्रथम तल पर विद्यालय के कमरों में ही संचालित किया जाता है।

### चेन्नई में रोजगार करने गए युवक लापता



**बड़हरिया/सिवान/सं।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के रसूलपुर पंचायत के गिरधारपुर निवासी रामकुवर प्रसाद का पुत्र राजू प्रसाद बतौर पोकलेन ड्राइवर था जो लापता बताया जाता है। विदित हो कि राम कुंवर प्रसाद का पुत्र रोजगार हेतु चेन्नई गया था।

वहा किसी प्राइवेट कंपनी में पोकलेन ड्राइवर के तौर पर काम कर रहा था तथा नदी से बालू की निकासी किया जा रहा था।वही लॉन्च होने के वक्त सभी मजदूर खाना खाने जा रहे थे उसी समय स्थित नदी में हाथ पैर धोने गया जहां से लापता बताया जाता है। साथी मजदूर ने इसकी सूचना पुलिस को दी गई है।वही प्रशासन ने गोताखोरों के माध्यम से सर्च ऑपरेशन जारी है। समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नहीं चला है।

## कटाव- सरयू नदी किनारे हुए कटाव को देखकर भड़के बीडीओ, मैरीटार, ग्यासपुर, तिरबलुआ, सोनहुला, सोहगरा का किया निरीक्षण





**गुठनी।** सरयू नदी में बढ़ते जलस्तर से जहां ग्रामीणों में दहशत है। वही कटाव और बढ़ते जलस्तर की सूचना मिलने के बाद बीडीओ डॉ संजय कुमार खुद निरीक्षण करने पहुंच गए। बीडीओ डॉ संजय कुमार ने गोगरा तटबंध का गहनता से निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान तमाम खामियां दिखाई दिया. जिनमें बांधों के नजदीक कटाव, बांधो के नजदीक मिट्टी खनन, लोगों से पूछताछ, स्लूइस गेट का निरीक्षण, बांधों का निरीक्षण और इसी बैग को सही जगह पर ना रखना मुख्य था। इस दौरान जेई रजनीश कुमार रवि और एसडीओ चंद्र मोहन झा पर बीडीओ भड़क गए। और कटाव को रोकने के लिए त्वरित आदेश दिया। उनका स्पष्ट कहना था कि जिन जगहों पर कटाव हुआ है। वहां त्वरित काम शुरू किया जाए।

जिससे आने वाले दिनों में नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के बाद भी किसी तरह का नुकसान ना हो।बांध के नजदीक किया गया था मिट्टी खनन-बीडीओ डॉ संजय कुमार मैरीटार गांव के नजदीक बने बांध का निरीक्षण कर रहे थे। जहां बांध के नजदीक मिट्टी खनन दिखाई दिया। जिसपर जेई रजनीश कुमार रवि और एसडीओ चंद्र मोहन झा से इस पर पूछा। जिसके जवाब में जेई रजनीश

**रैनकट्स, कटाव, बांधो का निरीक्षण, किसानो से किया संपर्क**
**बीडीओ के आदेश के बाद कटाव निरोधी कार्य शुरू**

कुमार रवि ने बताया की यह खनन उनके द्वारा नही किया गया है। जिसपर बीडीओ डॉ संजय कुमार ने कहा की इस खनन को रोकने की जिमेवारी किसकी है।कटाव स्थल से निकल रहा है नदी का पानी-मैरिटार के नजदीक खनन माफिया द्वारा नदी के गाद और बांधो के नजदीक से खनन किया गया है। जिसके बाद खनन स्थल से नदी के पानी का रिसाव हो रहा है। जिसपर बीडीओ डॉ संजय कुमार ने त्वरित कटाव निरोधी कार्य शुरू करने का निर्देश जेई और एसडीओ चंद्र मोहन झा को दिया। उन्होंने ने एसडीओ चंद्र मोहन झा को कहा कि बांधो के नजदीक खनन करने वालो के ऊपर तत्काल प्रभाव से प्राथमिकी दर्ज कराया जाय।क्या कहते बीडीओ-बीडीओ डॉ संजय कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जहां कमियां पाई गई है। उन पर कार्य शुरू कर दिया गया हैं। कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## जिला स्तरीय निबंध एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को जिला पदाधिकारी सिवान श्री मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा पुरस्कृत किया गया



दिनांक 26 मई 2023 को आयोजित जिला स्तरीय निबंध एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को आज दिनांक 1अगस्त 2023 को जिला पदाधिकारी सिवान श्री मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा चेक प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।पर्यटन विभाग के द्वारा जिला स्तर पर ÷ जिला के पर्यटन स्थलों का सौंदर्य एवं विशेषताएँ ÷ विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा फोटोग्राफी प्रतियोगिता 26 मई 2023 को आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9-12 में पढ़ रहे विधार्थियों ने भाग लिया।निबंध प्रतियोगिता में 1. रश्मि प्रभा को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5000, 2. नंदिनी सिंह को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 3000,3.अनुष्का कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 2000.फोटोग्राफी प्रतियोगिता में 1. संजू कुमारी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5000, 2. आकृति कुमारी को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 3000, 3. सन्नी कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 2000 से संबंधित चेक जिला पदाधिकारी सिवान द्वारा पुरस्कार के रूप में दिया गया।

## भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन लगातार तीसरा भंडारा आयोजन क्या



**दरभंगा** मिथिला विश्वविद्यालय के मनोकामना मंदिर प्रांगण में मंगलवार को भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन , देवकी फाउंडेशन एवं होटल ए पी पैलेस द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। यह आयोजन पवित्र महीना सावन के उपलक्ष में प्रत्येक मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें तीसरा भंडारा का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के जयनगर अनुमंडल अध्यक्ष मोनू कुमार महतो के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया। 8 अगस्त मंगलवार को चौथा भंडारा का आयोजन किया जाएगा मिथिला विश्वविद्यालय के मनोकामना धाम प्रांगण में, नहीं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि भंडारा सावन के पवित्र महीना के शुभ अवसर पर लगातार प्रत्येक मंगलवार को आयोजन किया जा रहा है और आगे भी जारी रहेगा।

इस भंडारा में संगठन के राष्टीय महासचिव पुरेंद्र कुमार,प्रदेश अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ सजल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष ललित यादव, प्रदेश सचिव मोहम्मद इम्तियाज, जिला अध्यक्ष प्रिंस परवेज, जिला महासचिव विशाल कुमार, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ विनीत अठवानी इस नेक काम में सहयोगी के रुप में उपस्थित रहे।

## शिवराम स्थित पाताल शिव की धूमधाम से हुई पूजा अर्चना



**दैनिक शुभ भास्कर/ कुंडहित (जामताड़ा)/** कुंडहित प्रखंड क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति पैदा होने पर सोमवार को शिवराम सहित दर्जनों गांव के लोगों ने शिवराम स्थित पाताल शिव को धुमधाम के साथ पूजा अर्चना कर भोग चढ़ाया। पूजा अर्चना के साथ भक्तों द्वारा हरिनाम के साथ बाबा भोलेनाथ से मिन्नत कर जोरदार बारिश करने की अनुरोध किया। जानकारी के अनुसार जब जब क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति आती है तबतब शिवराम सहित नगरी, सुलुंगा, ईनातपुर, धेनुकडीह सहित दर्जनों गांव के लोग एकत्रित होकर शिवराम गांव में स्थित पाताल शिव की पूजा अर्चना कर बाबा भोलेनाथ को प्रसन्न कर क्षेत्र में बारिश की मांग करते है। सोमवार को दर्जनों गांव के लोगों के द्वारा एकत्रित होकर बाबा पाताल शिव को हरिनाम संकीर्तन के साथ पूजा अर्चना किया गया। सुबह से पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना किया गया। पूजा अर्चना के साथ बाबा भोलेनाथ को खीर भोग चढ़ाया गया। पूजा अर्चना समाप्त होते ही रिमझिम बारिश शुरु हुई। बारिश को देखकर उपस्थित लोगों ने जय जय भोलेनाथ की जय हो, जय बाबा पाताल शिव की जय हो, हर हर महादेव आदि नारा के साथ बाबा को धन्यवाद दिया।इस दौरान ग्रामीण पुरान चन्द्र माजि, बिपद घोष ने बताया जब जब क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति पैदा होती है तब तब बाबा पाताल शिव की पुजा अर्चना करते हैं और बारिश होता है। आज हम सभी दर्जनों गांव के लोगों के द्वारा बाबा पाताल शिव की पूजा अर्चना कर बाबा से बारिश की मांग किया गया था। मौके पर शिवराम गांव के वार्ड सदस्य मोहन मंडल, जयदेव माजी, परेश माजि, अनिरुद्व मंडल, उत्तम माजि, गणेश मंडल, दिलीप माजि, अरुण माजि, मनोज घोष, सहित दर्जनों गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

## बंका राजभर हत्याकांड मामले में अज्ञात पर एफआईआर दर्ज

**गुठनी।** थाना क्षेत्र के ग्यासपुर गांव निवासी बंका राजभर की हत्या यूपी के महाल मंझरिया दियारा में चाकू गोंद कर दी गई। घटना के बाद परिजन उसके शव को लेकर लार थाना पहुंचे। पुलिस इस बिंदु पर जांच कर रही है की कही दियारा में रहने के दौरान तो उससे किसी का विवाद नही था। परिजनो ने घटना की जानकारी जो पुलिस को दिया है। उसमे किसी भी तरह का विवाद और दुश्मनी का जिक्र नहीं किया गया है। जो पुलिस के लिए एक चुनौती भी है। वही घटना के चौबीस घंटे बाद भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस के हाथ अभी तक खाली है। लार एसएचओ राहुल कुमार सिंह का कहना है की एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## छठ घाट सफाई में पैसों की बंदरबांट पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**बड़हरिया सिवान संवादाता।** बड़हरिया प्रखंड के सदरपुर पंचायत के सदरपुर गांव स्थित छठ घाट तथा फुकरे की सफाई के नाम पर बिना कार्य कराए पैसे की बंदरबांट कर लेने की मामला प्रकाश में आया है।विदित हो कि सदरपुर पंचायत के वार्ड सदस्य पति मिथिलेश सिंह के नेतृत्व में छठ घाट पहुंचकर छठ घाट की वस्तुस्थिति देख नाराजगी व्यक्त की।वही मिथिलेश सिंह,विद्या सिंह,सुजीत कुमार,लोहा सिंह, अशोक सिंह,शंभू सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने वस्तुस्थिति देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सदरपुर गांव स्थित छठ घाट का सफाई और पोखरे में भी सफाई नहीं की गई है।वही पैसे की निकासी कर लिया गया है।सफाई हेतु बिहार सरकार के द्वारा 2 लाख 84हजार 627 रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी ।जिसकी चार किस्तों में उठाव कर बंदरबांट कर लिया गया है। वही उप मुखिया सुजीत शाह तथा विद्या सिंह ने बताया कि इस मामले की शिकायत वी डि ओ और डीएम से की जाएगी।वहीं सरपंच अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि बिना काम कराए पैसे की निकासी करना बिल्कुल गलत है। इसकी जांच होनी चाहिए तथा दोषी कर्मचारियों पर विधि सम्मत कार्रवाई होनी चाहिए।इस बिंदु पर मनरेगा पी आर एस और मुखिया ने आरोप को बेबुनियाद बताया।

## देवकी फाउंडेशन एवं भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने किया लगातार तीसरा भंडारा का आयोजन

**दरभंगा** के ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के मनोकामना मंदिर प्रांगण में मंगलवार को देवकी फाउंडेशन,भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन एवं होटल ए पी पैलेस द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया।यह आयोजन सावन के उपलक्ष्य में प्रत्येक मंगलवार को किया जा रहा है। इसी क्रम में तीसरा भंडारा का आयोजन किया गया।यह आयोजन भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के जयनगर अनुमंडल अध्यक्ष मोनू कुमार महतो के नेतृत्व में किया गया। लगातार चलने वाले इस भंडारे के क्रम में 8 अगस्त मंगलवार को चौथा भंडारा का आयोजन किया जाएगा। वहीं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि भंडारा सावन के पवित्र महीना के शुभ अवसर पर प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है और आगे भी जारी रहेगा। इस भंडारा में संगठन के राष्टीय महासचिव पुरेंद्र कुमार,प्रदेश अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ सजल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष ललित यादव, प्रदेश सचिव मोहम्मद इम्तियाज, जिला अध्यक्ष प्रिंस परवेज, जिला महासचिव विशाल कुमार, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ विनीत अठवानी सहयोगी के रुप में उपस्थित रहे।

## नाला डिग्री कॉलेज की 3 छात्राएं सी-सर्टिफिकेट से हुई सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर/ सुष्मिता कुमारी/ नाला/ जामताड़ा/** नाला डिग्री कॉलेज की तीन छात्राओं ने एनसीसी में अपना परचम लहराया। मालूम हो कि अंडर ऑफिसर सुस्मिता कुमारी, अंडर ऑफिसर प्रार्थना खां, कैडेट सुतोपा दे ने फोर्थ झारखंड गर्ल्स बटालियन एनसीसी दुमका से अपना खिताब हासिल किया है।मालूम हो कि मंगलवार को फोर्थ झारखंड गर्ल्स बटालियन दुमका में आयोजित सेमिनार में सुबेदार मेजर सहित अन्य पदाधिकारियों के द्वारा अपर महानिदेशक राष्ट्रीय कैडेट कोर तथा ग्रुप कमांडर, कर्नल आदि द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।मालूम हो कि तीन साल का कठोर परिश्रम के पश्चात तीनों एनसीसी कैडेट्स ने न केवल डिग्री कॉलेज नाला बल्कि क्षेत्र का नाम रोशन किया है।इस सफलता को लेकर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य गुणमय दास सहित विद्यालय परिवार के सभी लोग गौरवांवित है। इन तीनों छात्राओं ने अदम्य साहस और अपने काबिलियत के बल पर अपना विकास का मार्ग प्रशस्त किया है।एक साक्षात्कार में अंडर ऑफिसर सुस्मिता कुमारी ने इस उपलब्धि को लेकर कहा कि मन में अगर दृढ़संकल्प के साथ अगर कोई कार्य किया जाए तो सफलता कदम चूमती है।

**अभियान** स्वच्छता अभियान शहर के अम्बेडकर चौराहे से वृहद स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई।

## जनपद में मेरा गोण्डा मेरी शान के अन्तर्गत ऐतिहासिक स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

**जिला पंचायत अध्यक्ष, माननीय विधायक मेहनौन, मंडलायुक्त, डीएम, एसपी, सीडीओ, नगर पालिका अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि ने हरी झंड़ी दिखाकर की शुरुआत**
**पहले चरण अम्बेडकर चौराहे से गोण्डा-लखनऊ मार्ग पर जनपद की सीमा तक 45 किमी. की सड़क को किया गया साफ और स्वच्छ**
**दूसरे चरण में नगर पालिका/ नगर पंचायतों के लिए आगामी 04 अगस्त को स्वच्छता कार्यक्रम निर्धारित किया गया**

**गोंडा शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी** मेरा गोण्डा मेरी शान अभियान के अन्तर्गत जनपद गोण्डा मंगलवार को ऐतिहासिक स्वच्छता अभियान का साक्षी बना। शहर के अम्बेडकर चौराहे से वृहद स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। सुबह आठ बजे अम्बेडकर चौराहे पर गणमान्य अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा अभियान को हरी झंड़ी दिखाई गई। लखनऊ की ओर जनपद सीमा तक की 45 किलोमीटर की सड़क की सफाई शुरू की गई। इस दौरान माननीय जनप्रतिनिधियों और आयुक्त महोदय द्वारा जनपदवासियों से स्वच्छता के इस महाभियान से जुड़ने और प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की भी अपील की गई।कार्यक्रम में माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्री घनश्याम मिश्र, माननीय विधायक मेहनौन श्री विनय कुमार द्विवेदी, आयुक्त महोदय श्री योगेश्वर राम मिश्र, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष गोण्डा उज्मा राशिद, मा0 सांसद प्रतिनिधि गोण्डा श्री रमाशंकर मिश्र समेत अनूय गणमान्य मौजूद रहे। अन्य जिलों में भी होगा लागूः मंडलायुक्त मंडलायुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्र जी ने अभियान की प्रशांसा की। उन्होंने कहा कि गोण्डा के इस अभियान से प्रभावित होकर उन्होंने मंडल के तीनों अन्य जिले बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती के जिलाधिकारियों से भी इसे लागू करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि उनके स्तर पर बाराबंकी के जिलाधिकारी से भी वार्ता की गई है। इससे स्वच्छता के इस अभियान को लखनऊ की सीमाओं तक पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने जनपदवासियों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। कहा कि स्वच्छता सिर्फ सरकार का विषय नहीं है। बिना जनभागीदारी के इसे प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा सकता है। हमारी पहचान हमारे शहर से होती हैः उज्मा राशिद नगर पालिका अध्यक्ष गोण्डा उज्मा राशिद ने कहा कि हमारी पहचान शहर से ही होती है। पहले जनपद की तस्वीर बेहद खराब थी। केवल देश ही नहीं दुनिया में गंदे शहर के रूप में जाना जाता था। इसे पहचान को खत्म करने के लिए नगर पालिया से लेकर सभी ने मिलकर काफी काम किया है। इससे स्थितियां बदल रही हैं। उन्होंने कहा कि जनपद की इस नई पहचान को बनाए रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी जनपदवासियों को आगे आना होगा। स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। व्यक्तिगत तौर पर लें स्वच्छता का संकल्प माननीय विधायक मेहनौन श्री विनय कुमार द्विवेदी ने जनपदवासियों को स्वच्छता का संकल्प लेने की अपील की। कहा कि सभी के सम्मिलित प्रयासों से ही स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने शहरी क्षेत्र में जलभराव की समस्या को भी उठाया और इसके लिए सभी को सहयोग करने की भी अपील की। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में लखनऊ से गोण्डा मार्ग के मुख्य मार्ग को चुना गया है। 45 किलोमीटर के इस मार्ग को 73 जोन में विभाजित कर कार्य कराया जा रहा है।

## फील्ड टेस्ट कीट से पानी जांच संबंधी प्रतिवेदन देने हेतु कार्यशाला आयोजित




**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित (जामताड़ा)/**मंगलवार को अंचल सभागार कुंडहित में प्रखंड के 15 पंचायत के जल सहियाओं का कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसमें फील्ड टेस्ट कीट से पानी जांच संबंधी प्रतिवेदन देने हेतु गवर्नमेंट पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करने के बाबत जिला सहायक पानी जांच केंद्र के प्रदीप कुमार एवं उनके सहयोगी ने जानकारी दी। साथ ही सभी जल सहिया को एफटीके से पानी जांच कर सभी को विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन करने, एसएसजी 2023 कि जांच में सहयोग करने, एवं एसएलडब्लयूएम कार्य का जांच में केंद्रीय टीम को सहयोग करने का निर्देश जिला समन्वयक अनुज कुमार मंडल ने दिया।साथ ही जिला समन्वयक के द्वारा कुंडहित पंचायत के कुंडहित, बाघाशोला एवं बरमेशिया ग्राम का भ्रमण कर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य का निरीक्षण किया गया एवं जल सहिया को नोडेप में गोबर रखने हेतु लाभुकों को बोलने का निर्देश दिया । जिला समन्वयक के द्वारा कार्यशाला में सभी जल सहिया का प्रोत्साहन राशि का भुगतान इस सप्ताह में हो जाने का सूचना दिया गया। कार्यशाला एवं क्षेत्र भ्रमण में मुखिया कुंडहित विमला हांसदा, जल सहिया बेबिरानी नायक, सैयदा बीबी, टुंपा पॉल, पूर्णिमा सिंह बल्टी चौधरी, शिखा चौधरी, ककली घोष, झरना गोराई, रुंपा घोष, बसिनी मुर्मू,रत्ना रानी सिंह , लक्ष्मीश्री घोड़ाई, रिंकू फौजदार एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के प्रखंड समन्वयक मो रफिक हुसैन उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

## ट्रैफिक पुलिस का मानवता भरा चेहरा आया सामने



**सिकन्दरपुर,बलिया।** बस स्टेशन चौराहे पर स्थित देसी शराब की दुकान के पास आदर्श नगर पंचायत के द्वारा बनाए गए नाला से सफाई कर्मियों के द्वारा सफाई करने के समय नाला की ऊपर की पटरी हटाकर छोड़ दिए जाने से एक शराबी नाले में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको अगल-बगल के दुकानदारों द्वारा बस स्टैंड चौराहे पर ड्यूटी कर रहे हैं ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर रूद्र प्रताप मल्ल को सूचना दिया गया। सुचना पर अपने सहयोगियों के साथ पहुंचे ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर ने नाले में गिरे शराबी को बाहर निकालकर हॉस्पिटल भेजवाया। घायल का नाम गांव पता नहीं चल पाया। उसके सर में गंभीर चोट हैं और बेहोशी की हालत में है। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## क्षत्रिय युवक संघ जावदा ने तृतीय संघप्रमुख की मनाई जयंती



**दैनिक शुभ भास्कर /मोहन सिंह / राजस्थान / चित्तौड़गढ़ /** रावतभाटा तहसील के टोलू का लुहारिया ग्राम पंचायत के हाड़ा की मोरवन गांव में बड़ली माता जी मंदिर परिसर में क्षत्रिय युवक संघ जावदा ने तृतीय संघप्रमुख नारायण सिंह रेड़ा की जयंती मनाई।कार्यक्रम का शुभारंभ अमर सिंह दौलपुरा, शिवनाथ सिंह हाड़ा, भरत सिंह राठौड़,भंवर सिंह हाड़ा, ने दीप प्रज्वलित व पुष्पार्पित कर गणेश वंदना के साथ किया,अमर सिंह हाड़ा (दौलपुरा) ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षात्रधर्म का पालन करना ही क्षत्रिय है क्षत्रिय युवक संघ के तृतीय संघ प्रमुख पूज्य नारायण सिंह रेड़ा ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के उत्थान में लगा दिया।मोहन सिंह चुंडावत ने संबोधित करते हुए कहा कि श्री क्षत्रिय युवक संघ राजपूत समाज का एक ऐसा संगठन है,जिसकी एक आवाज पर समाज एकत्रित होता है,और जिसके सिद्धांत,आदर्श,अनुशासन की मिसाल दी जाती है।इस वटवृक्ष बने संघ का पौधा बाड़मेर के रेगिस्तान में पूज्य श्री तनसिंह जी रामदेरिया ने बोया। क्षत्रिय युवक संघ के परिचय व संघ संस्थापक पूज्य श्री तनसिंह जी सहित क्षत्रिय युवक संघ के तृतीय संघ प्रमुख नारायण सिंह रेड़ा का जीवन परिचय सुनाया।कार्यक्रम में शिवराज सिंह,चैन सिंह हाड़ा,मान सिंह,पुष्पेंद्र सिंह,दशरथ सिंह,सूर्यदेव सिंह,सूरज सिंह हाड़ा,प्रदीप सिंह,महेंद्र सिंह,लक्ष्मण सिंह,सहित जावदा निमडी क्षेत्र के राजपूत सरदार उपस्थित रहे

## ग्राम सभा पचोखर जर्जर तार की समस्या को लेकर अधीक्षण अभियंता चंदौली को सौंपा गया पत्रक



**नियामताबाद।** ग्राम सभा पचोखर में लगभग 50 वर्ष पहले लगे विद्युत तार जो कि अब जर्जर हालत में है उस जर्जर तार से जूझ रहे ग्रामवासी की समस्या के निदान के लिए अधीक्षण अभियंता विद्युत चंदौली को सौंपा गया पत्रक ग्राम प्रधान पचोखर माधुरी श्रीवास्तव ने विद्युत से संबंधित समस्या को अपने लेटर पैड पर लिख कर दिया जिसे लेकर अखिलेश तिवारी और धीरज श्रीवास्तव ने अधीक्षण अभियंता विद्युत चंदौली ओम प्रकाश को दिया और गांव के जर्जर विद्युत तार की समस्या से अधीक्षण अभियंता विद्युत चंदौली को अवगत कराया वहीँ अधीक्षण अभियंता विद्युत चंदौली ने उससे संबंधित अधिकारियों को तुरंत चिट्ठी लिखते हुवे निर्देशित किया की इस समस्या का जल्द से जल्द निदान किया जाए और ग्राम सभा पचोखर के जर्जर विद्युत व्यवस्था की जांच कर जल्द से जल्द तार को बदल कर गांव की जर्जर तार की समस्या को दूर किया जाए ।

## मौसम विभाग द्वारा पूर्व में अच्छी बर्षा की भविष्यवाणी के आधार पर सिकन्दरपुर क्षेत्र के किसानों ने बड़े पैमाने पर धान की रोपाई की थी। लेकिन अब बारिश न होने के कारण किसान बहुत ही चिंतित हैं



**सिकन्दरपुर (बलिया)।** मौसम विभाग द्वारा पूर्व में अच्छी बर्षा की भविष्यवाणी के आधार पर सिकन्दरपुर क्षेत्र के किसानों ने बड़े पैमाने पर धान की रोपाई की थी। लेकिन अब बारिश न होने के कारण किसान बहुत ही चिंतित हैं। इस कारण से धान की फसलें सूख रही हैं या सुखने की कगार पर हैं। वहीं कीट व रोग भी तेजी से प्रभावी हो रहें हैं, जबकि तिली और बाजरा के पौधे भी तेज गर्मी के कारण पीले पड़ने लगे हैं। भीषण गर्मी के साथ निष्क्रिय विद्युत सप्लाई का ऐसा ही हाल रहा तो आगामी दस से पंद्रह दिन और ऐसा रहा तो फसलें सूख जाएंगी। सिकन्दरपुर क्षेत्र में अब तक बारिश ना के बराबर ही हुई है। ट्यूबवैल से सिंचाई पर निर्भर किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से वह लाचार हैं। चटक धूप व भीषण उमस से कई जगह धान के खेतों में दरारें भी पड़ रहीं हैं। पूर्व में भीषण सूखे का दंश झेल चुके किसानों ने इस बार मौसम विभाग की भविष्यवाणी से राहत मिलने की उम्मीद जतायी थी। बारिश के पूर्वानुमान के आधार पर बड़े पैमाने पर धान की फसल की रोपाई की है। गत सप्ताह से ही वर्षा न होने के कारण खेत में खड़ी धान की फसलें पानी के अभाव में सूख कर बर्बाद हो रही हैं। इससे किसान फसलों की बर्बादी के कारण काफी चिंतित हैं। खास बात यह कि पिछले 25 दिन से क्षेत्र में बरसात न होने के कारण धान की फसल में कीट-पतंगों से होने वाला रोग भी तेजी से फैल रहा है। लिहाजा धान की पत्तियां रोगग्रस्त होकर तेजी से सूख रही हैं। बारिश कम होने से क्षेत्र में धान फसल के साथ तिली बाजरा सहित अन्य खरीफ फसलों के पौधे भी तेज गर्मी के कारण पीले पड़ने लगे हैं। दस से पंद्रह दिन और ऐसा रहा तो फसलें सूख जाएंगी। इससे किसानों को एक बार फिर से सूखे का सामना करना पड़ेगा। सिकन्दरपुर क्षेत्र में बारिश की कमी के चलते खरीफ फसल सूखने के कगार पर हैं। वहीं सफलों की सिंचाई के लिए किसान ट्यूबवैल से सिंचाई पर निर्भर हैं। लेकिन इसके लिए उनको पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। किसान अर्जुन यादव, शंभू यादव, रविन्द्र गुप्ता, तारकेश्वर गुप्ता व मंटू राय आदि किसानों का कहना है कि सिंचाई विभाग द्वारा नहर में भी सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी भी नहीं छोड़ जा रहा है। क्षेत्र की नहरे पूरी तरह से सुखी हुई है। इसके अलावा योगी सरकार के दावों के ठीक उलट क्षेत्र में बिजली का पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर ही नहीं है, जिससे गांवों में बिजली समयानुसार नहीं पहुंच पा रही है, जिससे ट्यूबवैल भी लाचार हालत में बंद पड़े हुए हैं। इस समय किसानों की धान की फसल बर्बाद के साथ ही पशुओं के चारे का भी संकट पैदा हो गया है। जो चरी और ज्वार किसान ने बोई थी। वह भी बिना पानी के सूख रही है। हालात ये हैं कि चारे की कमी के कारण ज्वार की कीमत पांच हजार से लेकर छह हजार रुपए प्रति बीघा हो गई है। जबकि हर साल ज्वार की फसल 15 सौ से लेकर ढाई हजार रुपए बीघा बिकती थी। सबसे ज्यादा खराब हालत बिजली न आने के कारण है। यहां पर बिजली के न आने का समय है और न जाने का समय है। कभी-कभी तो बिजली आती है, पर वोल्टेज इतनी कम होती है कि ट्यूबवेल की मोटर भी नहीं चल पाती है। बरसात न होने और बिजली आपूर्ति न आने से सिकन्दरपुर क्षेत्र का किसान इस साल बर्बादी के कगार पर खड़ा है। अब सवाल ये उठता है कि किसान अपना दुखड़ा सुनाए तो किसे कोई सुनने वाला तक नहीं है।

# धाकड़ समाज प्रतिभाओं को सम्मानित कर मनायेगा श्री धरणीधर भगवान की जयंती



**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चित्तौड़गढ़ /** रावतभाटा तहसील के जावदा निमड़ी क्षेत्र में आगामी 05 सितंबर को श्री धाकड़ युवा संघ बला क्षेत्र धाकड़ समाज के आराध्य देव श्री धरणीधर भगवान की जयंती मनायेगा। युवा संघ मीडिया प्रभारी राहुल धाकड़ ने बताया की गांव हमेरगंज में श्री धाकड़ युवा संघ की बैठक निवर्तमान अध्यक्ष छित्तरमल धाकड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुए।

बैठक में श्री धरणीधर जयंती समारोह आयोजित करने पर चर्चा करते हुए,बैठक में धरणीधर भगवान का जुलूस निकालकर समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करना तय हुआ।श्री धरणीधर जयंती समारोह का जुलूस बला क्षेत्र के गांव दौलपुरा से शुरू करके गांव कवंरपुरा में कार्यक्रम का समापन रहेगा।

बैठक में श्री धाकड़ युवा संघ की नई कार्यकारणी बनाई गई जिसमें अध्यक्ष श्री नवीन धाकड़ (दौलपुरा), महामंत्री श्री गिरधारी नागर (लुहारिया), उपाध्यक्ष श्री प्रकाश धाकड़ (लक्ष्मीपुरा), श्री अनिल धाकड़ (निमोदा), कोषाध्यक्ष श्री अनिल धाकड़ (कंवरपुरा), मंत्री श्री लक्ष्मीनारायण धाकड़ (खडामा), श्री प्रभु धाकड़ (गोपालपुरा), श्री गोपाल धाकड़ (जावदा), श्री प्रेमचंद (हमेरगंज), प्रवक्ता श्री शिवराज नागर (लुहारिया), सह प्रवक्ता श्री दिनेश धाकड़ (निमोदा), मीडिया प्रभारी श्री नरेंद्र धाकड़ (गोपालपुरा), सलाहकार सदस्य श्री छीतरमल धाकड़ (गोपालपुरा), श्री घनश्याम धाकड़ (मोरवन), श्री मांगीलाल नागर (हमेरगंज), श्री जगदीश धाकड़ (निमोदा), श्री मिठू लाल नागर (लुहारिया), श्री सुरेश धाकड़ (जावदा), श्री छीतर धाकड़ (लक्ष्मीपुरा), श्री आशाराम धाकड़ (कंवरपुरा) को बनाया गया ।निवर्तमान अध्यक्ष छीतरमल धाकड़ ने नव नियुक्त अध्यक्ष श्री नवीन धाकड़ (दौलपुरा) को उपर्णा ओढ़ाकर सम्मानित किया।

बैठक में अंकित धाकड़,शौकीन धाकड़, सुनील धाकड़, लक्ष्मण धाकड़, बनवारी धाकड़, गोपाल नागर, चतरभूज धाकड़, नानालाल धाकड़, मुकेश धाकड़, अरविंद धाकड़, राजेश धाकड़, पारस धाकड़, राहुल धाकड़, सहित युवा संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसटीएफ व रोहनिया पुलिस ने दो गांजा तस्करो समेत चार को किया गिरफ्तार

**पकड़े गये खरीदार वाहन फाईनेंस कम्पनी से जुड़े बताए हैं। पुलिस ने तस्करों की बोलेरो से 90 किलो गांजा बरामद किया। गांजा की कीमत सात लाख 20 हजार रूपये है।**

**वाराणसी/**रोहनिया थाना क्षेत्र के भदवर हाइवे पर मंगलवार को घेराबंदी कर बोलेरो सवार दो गांजा तस्कर और दो खरीदारों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये खरीदार वाहन फाईनेंस कम्पनी से जुड़े बताए गए हैं। पुलिस ने तस्करों की बोलेरो से 90 किलो गांजा बरामद किया है। बरामद गांजा की कीमत सात लाख 20 हजार रूपये है।जानकारी के अनुसार प्रयागराज एसटीएफ के एसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि दो गांजा तस्कर बोलेरो से गांजा लेकर प्रयागराज की ओर से वाराणसी की ओर जा रहे हैं। मुखबिर ने एसटीएफ को तस्करों के मोबाइल नम्बर भी उपलब्ध कराए थे। सर्विलांस से लोकेशन लेने के साथ ही एसटीएफ की टीम ने तस्करों की बोलेरो का पीछा कर लिया। सूचना पर भदवर चौकी प्रभारी अजय कुमार दुबे भी सहयोगियों के साथ एसटीएफ के साथ पीछा करने लगे। इस दौरान तस्कर भदवर हाइवे पहुंच चुके थे।यहां पहले से मौजूद भदवर के अमित कुमार सिंह व मिर्जापुर जिले के नारयनपुर के खरौड़ी गांव निवासी आसित पांडेय से तस्करों की बातचीत हो रही थी। तब तक एसटीएफ और पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में बोलेरो से 90 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में अमित कुमार और आसित पांडेय ने पुलिस को बताया कि वह वाहन फाइनेंस कम्पनी के लिए वसूली का काम करते हैं। बोलोरो पर फर्जी नम्बर यूपी 63 एपी 1025 लिखा था। इसलिए वह पूछताछ कर रहे थे।वहीं एसटीएफ का कहना है कि फर्जी नम्बर पर वाहन चलाने की बात कर यह दोनों तस्करों से पैसे मांग रहे थे और गांजा खरीदने का सौदा भी तय कर रहे थे। इसलिए चारों को पकड़ा गया। एसटीएफ ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में सतीश यादव उर्फ सतीश राम जौनपुर जिले के मिथनीपुर गांव का और अविनाश कुमार सिंह मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के भिखारीपुर के निवासी हैं। पुलिस इनके गांजा तस्करी के नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। उसने बोलेरो को सीज कर दिया है।

## किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने शिव भक्तों का पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चित्तौड़गढ़ /** चित्तौड़गढ़ बेगूं विधानसभा के भाजपा किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने सावन के पवित्र महीने के अंतिम सोमवार को शिवभक्तों द्वारा निकाली जा रही कावड़ यात्रियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शिव भक्तों द्वारा बेगूं विधानसभा के झरिया महादेव से बेगूं स्थित नीलकंठ महादेव तक निकाली जा रही कावड़ यात्रा का पीपली चौराहा बेगूं में हर हर महादेव व हर हर शंभू के जयकारे के साथ किसान नेता ने स्वागत किया।

## कटिहार के दुर्गापुर से सर्पदंश का शिकार व्यक्ति सांप लेकर इलाज के लिए पहुंचा सदर अस्पताल, इलाज के बाद बची जान



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/** अमदाबाद थाना क्षेत्र के दुर्गापुर में सर्पदंश के शिकार हुए व्यक्ति लालमणि मंडल ने बताया कि वह सांप पकड़ने का काम करते हैं। इसी दौरान उनके मामा के घर में एक जहरीला सांप घुस गया था। जिसकी जानकारी मिलते ही वह सांप को पकड़ने के लिए मामा के घर पहुंचे थे। सांप पकड़ते दौरान उनसे थोड़ी सी गलती हो गई और सांप ने उन्हें डस लिया। उनके हाथ पर सांप ने डसा था। सांप काफी जहरील था। जिस से बचने के लिए उन्होंने सबसे पहले अपने हाथ को अच्छी तरह से बांध दिया और इसके बाद वह इलाज के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे लेकिन उनकी हालत को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया इस दौरान लालमणि मंडल अपने साथ .साँप लेकर सदर अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि इस सांप को देखने के बाद चिकित्सक को इलाज करने में आसानी होगी इसलिए वह सांप लेकर सदर अस्पताल पहुंचे थे।

## प्रशासन को चुनौती दिनदहाड़े बैंक के सामने से साइकिल चोरी

**शुभ भास्कर सकलडीहा** सोमवार को कस्बा स्पीच यूनियन बैंक के सामने से चोरों ने दिनदहाड़े ग्राहक का साइकिल उड़ा दिया वही बैंक का काम कर ग्राहक जब बाहर आया तो देखा कि साइकिल गायब है जानकारी के अनुसार कस्बा स्थित यूनियन बैंक में कस्बा की एक व्यापारी के यहां काम करने वाले कर्मचारी यूनियन बैंक के बाद साइकिल खड़ा कर बैंक के अंदर गया काम निपटाने के बाद आकर बाहर देखा तो साइकिल नहीं थी वही वह हल्ला मचाने पर घटना की जानकारी लोगों को प्राप्त हुई जबकि बैंक के बाहर सुरक्षा की दृष्टि कर सीसी कैमरे एवं गार्ड मौजूद रहे इसके बावजूद भी चोर साइकिल चोरी करने में विफल रहे दिनदहाड़े हुई इस घटना से लोगों में डर का माहौल बना हुआ है कस्बा सकलडीहा में चोरी का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है विगत दिनों कस्बा सकलडीहा मैं ही साई जींस कलेक्शन कपड़े की दुकान में चोरों द्वारा दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया है भुक्तभोगी ने बताया कि बैंक और ग्राहक के माध्यम से लगभग रुपए 70000 बॉक्स में रखे गए थे जिस पर 14 द्वारा हाथ साफ कर दिया गया वहीं घटना के कारण हमारे परिवार के ऊपर आर्थिक बोझ पड़ रहा है जिससे हम लोग अत्यधिक व्याकुल है कस्बे में हो रही लगातार चोरियां से व्यापारी का सदका माहौल देखने को मिल रहा है इस बाबत प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार महोदय ने बताया कि चोरियां से संबंधित सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है जल्द ही चोरियों का खुलासा कर दिया जाएगा

## नागरिक सुरक्षा कोर द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**डीडीयू नगर ।** स्थानीय रेलवे क्षेत्र अंतर्गत यूरोपियन कालोनी स्थित नागरिक सुरक्षा कोर प्रांगण में उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा वाराणसी नीरज मिश्रा के निर्देशानुसार सोमवार को अपराह्न 3 बजे से स्वयंसेवकों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सहायक उप नियंत्रक व.वे. योगेश श्रीवास्तव के नेतृत्व मे किया गया । इस दौरान योगेश श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करते हुए अग्नि सुरक्षा व स्वयं सेवकों के कर्तव्यों की जानकारी विस्तृत रूप से दी गयी। मौके पर उन्होने सेवा कार्य के नियमो की जानकारी देते हुए स्वयं सेवकों की समस्याओं का निस्तारण किया । प्रशिक्षण के अंत मे उन्होने विभिन्न जानकारी साझा करते हुए ट्रेनरों सेइस बाबत पूछताछ भी की । उन्होने कर्तव्य पालन को सर्वोपरि बताते हुए स्वयं सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला । प्रशिक्षण का समाफन करते हुए स्टाफ आफीसर अग्नि शमन कमलेश तिवारी ने स्वयं सेवकों की विभिन्न परेशानियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी जिस उर्जा के साथ पूर्व मे कार्य करते रहे हैं उस उर्जा को और बढ़ाने की जरूरत है । कर्तव्य निर्वहन से बड़ा कोई धर्म नही है इसलिए हम सब को अपने आपको कर्तव्य के प्रति निष्ठ हो कर सेवाकार्य के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। उन्होने अंत मे सभी आगंतुक सदस्यों का प्रशिक्षण मे प्रतिभाग करने हेतु आभार व्यक्त किया ।मौके पर पोस्ट वार्डन लल्लन प्रसाद, आईओसी डा. सरफराज, डा. मनोज त्रिपाठी, मनोज गुप्ता, डिप्टी पोस्टवार्डन प्रमोद कुमार, नन्द गोपाल सिंह सहित सेक्टर वार्डन फायर फाइटर्स व नव नियुक्त और पूर्व मे नियुक्त सदस्य सम्मलित रहे ।

**बयान** जन सुराज का वादा है एक बार जन सुराज को अपना समर्थन दिजिए- मंजूर आलम

## बिहार के युवाओं को बिहार मे रोजगार नही मिलने के कारण वह अन्य राज्यों मे दर बदर कि ठोकर खारहे है, मंजुर आलम समाजिक खिदमतगार



**मधुबनी संवाददाता/**मधुबनी जिले के बिस्फी विधानसभा क्षेत्र के जन सुराज सेवक मंजूर आलम ने बिहार के युवाओं को अपिल करते हुए कहा कि आप सभी लोगों से आग्रह, अपिल है कि जन सुराज के संपर्क अभियान और चल रहे पदयात्रा में अपनी भूमिका अवश्य दें, जन सुराज का वादा है एक बार जन सुराज को अपना समर्थन दिजिए निश्चित रूप से आप को मायूस नहीं होने दूंगा, बिहार के युवाओं को बिहार में रोजगार नहीं मिलने के कारण वह अन्य राज्यों में दरबदर की ठोकर खा रहे हैं वहां उन्हें मजदूर बन कर नौकरी करना पर रहा है। बिहार के नेताओं और सरकारों ने बिहार को मजदूरों का फैक्ट्री बना दिया है जहाँ मजदूर थौकभाव में मिलते हैं, भारत का कौन ऐसा राज्य है जहाँ बिहार के बच्चे मजदूरी करते नहीं मिलेंगे और उन्हें प्रश्रमिक के रूप में बहुत ही कम तन्ख्वाह मिलता है किसी तरह से अपने और अपने परिवार का भरणपोषण कर रहे हैं। हमारे आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी कहते हैं जो बच्चा फैक्ट्री में नौकरी कर रहे हैं वह बिहार में फैक्ट्री भी चला सकते हैं आने वाले वर्षों में जन सुराज की सरकार बनी तो निश्चित रूप से उन युवाओं के भविष्य के लिए समुचित व्यवस्था किया जाएगा। आप सभी से आग्रह है कि जन सुराज का भविष्य आप के हाथों में आप जन सुराज के साथ सत्ता परिवर्तन कर एक समृद्ध बिहार बनना चाहते हैं जहाँ रोजगार मिले, बेहतर शिक्षा मिले,एक अच्छी प्रशासन व्यवस्था मिले तो जन सुराज के अन्तर्गत चल रहे पदयात्रा को अपना पूर्ण समर्थन दें। बिहार का सुनहरा भविष्य आप के हाथों में है। क्योंकि युवा किसी भी देश राज्य, की रीढ़ की हड्डी के सामान होता है । बिहार के युवाओं से अपिल करते हैं कि जन सुराज के उद्देश्यों पर एक बार अवश्य भरोसा करें, निश्चित रूप से आपको मायूसी नहीं मिलेगा यह जन सुराज का वादा है।

# एंबुलेंस के टक्कर से घायल कांवड़िए की मौत तीन दिन पहले हुआ था हादसा

**रखौना गांव के समीप तीन दिन पूर्व वाराणसी से कछवां रोड की तरफ जा रही एंबुलेंस के चपेट में आने से क्षेत्र के ठठरा (कछवारोड) निवासी संदीप कनौजिया (40) गंभीर रूप घायल हो गए थे।**

**मिर्जामुराद/**क्षेत्र के रखौना गांव के समीप एन एच-19 के सुरक्षित कांवरिया लेन पर तीन दिन पूर्व वाराणसी से कछवां रोड की तरफ जा रही एंबुलेंस के चपेट में आने से क्षेत्र के ठठरा (कछवारोड) निवासी संदीप कनौजिया (40) गंभीर रूप घायल हो गए थे।

कांवरिया की ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मंगलवार की तड़के मौत हो गई।

मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी संगीता देवी व माता मनतोरा देवी तथा पिता सतनारायण का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक को शिवम व मोदी नाम के दो पुत्र व शिवानी व लाडो नाम के दो पुत्रियां हैं। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।मृतक कई वर्षों से मिर्जामुराद बाजार में कपड़े की दुकान खोलकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

जानकारी के अनुसार मिर्जामुराद क्षेत्र के ठठरा (कछवारोड) गांव निवासी संदीप कनौजिया अपने दर्जनों कांवरिया टीम के साथ प्रयागराज से जल लेकर बाबा विश्वनाथ जी का जलाभिषेक करने के लिए वाराणसी के लिए जा रहे थे। तीन दिन पूर्व बीते शनिवार की देर शाम रखौना गांव स्थित ओवरब्रिज के समीप कांवरिया सुरक्षित लेन पर प्रयागराज से वाराणसी की तरफ जा रही एक एंबुलेंस के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची मिर्जामुराद पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल कांवरिया को इलाज हेतु एंबुलेंस से ट्रामा सेंटर भेज दी थी।

घायल कांवरिया कि टीम इसकी सूचना परिजनों को दिया। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए और दर्जनों कांवरिया संग सड़क पर हंगामा करते हुए मौके पर एंबुलेंस को बुलाने की जिद पर अड़े रहे। तीन घंटे तक हाईवे पर जाम कर हंगामा करते रहे। मौके पर पहुंचे आला अधिकारियों ने एंबुलेंस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कांवरियों को समझा-बुझाकर जाम को समाप्त कराया।

## मेरा मठ मेरा मंदिर बचाव समिति सदस्यों ने हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात



मेरा मंदिर मेरा अभियान के तहत मेरा मठ मेरा मंदिर बचाओ समिति के सदस्यों ने हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष जय शंकर पाठक को अंग वस्त्र और भागवत गीता उपहार स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया। उनसे आग्रह किया कि इचाक प्रखंड में जितने भी मठ मंदिर हैं वह काफी जर्जर स्थिति में हैं। बड़ा अखाड़ा, छोटा अखाड़ा, बंशीधर धर्मशाला भू माफियाओं आए दिन कब्जे में किए जा रहे हैं। उसे अतिक्रमण मुक्त करवाने का काम करें। मिलने वालों में मेरा मठ मेरा मंदिर समिति के अध्यक्ष सुजीत कुमार, महासचिव मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष रूपेश कुमार आदि शामिल थे।

## ख़ास ख़बर

### हजारीबाग सदर प्रखंड लाखे में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के द्वारा एक समीक्षात्मक बैठक रखी गई






**संवाददाता /सोहैल किरमानी/** 01 अगस्त को हजारीबाग के लाखे में एक महत्पूर्ण बैठक रखी गई जिसमे मुख्य रूप एडवोकेट शहादत अंसारी, प्रमंडल संयोजक, डॉ कुणाल वर्मा (जगसिट फाउंडेशन के सचिव),श्री भारत सिंह और Dr Mohammad करार अहमद, राष्ट्रीय सह संयोजक शामिल हुए जिसमें मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यों को विस्तारपूर्वक बताया गया नए सदस्यों का स्वागत किया गया जिला संयोजक हजारीबाग का चुनाव किया गया जिला सह संयोजक हजारीबाग नए सदस्य भाई साहब का एक ऑनलाइन कार्यक्रम जल्द चाहतें हैं और भाई साहब का मार्गदर्शन चाहतें हैं योग को बढ़ावा देना धन्यवाद ज्ञापन के साथ कई अन्य विषय पर विचार कियावगाया अन्य प्रतिभागियों के नाम विक्रांत भानु,सलमान हुसैन, एमडी समसाद नसीम अख्तर, अशरफ हुसैन, मोहम्मद मेराज, मद मुस्तकीम, मुजाहिर एहसान, मद समीर , गुलाम ज़फर, खुर्शीद आलम, समसुल अफरीन, आज़ाद खान आदि।

### अंजुमन आशिक़ने रसूल मटवारी हजारीबाग



**संवाददाता / हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/** सुन्नी शेर क्लब मतवारी में ताजिया निकाला गया जिसकी अगवाई मोहम्मद अजीम उर्फ अजीम आर्ट पॉइंट के तरफ से किया गया जिसमें गांव के सभी गणमन लोगों का सहयोग रहा साथ-साथ गांव के नौजवानों ने काफी उमंग रहा जिसमें ताजिया आकर्षित का केंद्र रहा जिसे लगभग 1 लाख रुपए से तैयार किया गया मोहम्मद अजीम मोहम्मद अजीम आर्ट पॉइंट के तरफ से लगभग 300टी सार्ट का वितरण किया गया जिसमें या अली मदद लबैक या हुसैन लिखा हुआ था साथ ही सात मुहर्रम से 10 मोहर्रम तक शरबत एवं ठंडा पानी का पूरा इंतजाम किया गया जिस गांव में खुशी का लहर बन रहा तथा लड़कों द्वारा एक से एक कर्तव्य दिखाया गया और नुमाइश खेल भी हुआ कमेटी के जानिब से जो हजरत मौजूद थे उनमें से मोहम्मद शाहनवाज उर्फ चांद मोहम्मद शहजाद मोहम्मद आरिफ शानू उर्फ़ शानू लाइट मासूम काशिफ टिंकू साबिर तनवीर सोहेब अमन मासूम छोटू गगन सारी मोहम्मद इसरार मुमताज अली उर्फ छोटू मोहम्मद नवाब

### किशनगंज डीएम की अध्यक्षता में नगर विकास परिषद की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**किशनगंज- 01 अगस्त। (अली रजा)**/किशनगंज जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में किशनगंज जिलांतर्गत नगर विकास परिषद की समीक्षात्मक बैठक उनके कार्यालय कक्ष में आहूत की गई।बैठक में सभी नगर निकाय के कार्य की अद्यतन प्रतिवेदन प्रस्तुत की गई। किशनगंज में चल रहे सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन का कार्य, ओपन जीम और चिल्ड्रन पार्क बनाने का प्रस्ताव और साफ-सफाई कराने की समीक्षोपरांत आवश्यक निर्देश दिया गया।नगर विकास परिषद के स्तर से छठ पूजा के लिए तैयार किए जाने वाले छठ घाट की मरम्मती तथा इसकी साफ सफाई का निर्देश दिया गया।नगर विकास परिषद की तरफ से स्थाई कनीय अभियंता की मांग की गई जिससे नगर परिषद का कार्य सुचारू रूप से चलता रहे।प्रस्ताव पर आवश्यक निर्देश दिए गए।सभी नगर निकाय द्वारा संचालित सभी योजनाओं का अद्यतन रिपोर्ट तथा अनुपालन प्रतिवेदन आगामी बैठकों में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में चारो नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एमएमटी प्रयास के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर शंभू शरण एवं वर्तमान अध्यक्ष डॉ आशुतोष शरण व्यस्त मेडिकल प्रैक्टिशनर होने के बावजूद समाजिक सेवा के क्षेत्र मे हमेशा आगे रहे





**मोतिहारी 1 अगस्त ,ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा/** नगर के राजेंद्र नगर भवन में लगभग 15/20 वर्ष पूर्व 31 जुलाई को मोहम्मद रफी की याद में "एक शाम रफी के नाम" से एक बहुत ही मनोहारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

उस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फिजीशियन डॉक्टर शंभू शरण जी ने रफी का गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया था।डॉक्टर शरण रफी के कुछ और गीत प्रस्तुत करना चाहते थे लेकिन उम्र के नाजुकता को ध्यान में रखते हुए आयोजक मंडल ने निवेदन करके उन्हें कुर्सी पर बैठाया। उम्र के आठवें दशक में चल रहे डॉक्टर शंभू शरण आज हमारे बीच नहीं रहे लेकिन कला संस्कृति के प्रति उनके अंदर जो आदर सम्मान था वह आज भी मिसाल बना हुआ है।एक शाम रफी के नाम का वह मंच इसलिए यादगार हो गया कि पिता के अंदर गायकी के प्रति जोश देखकर उनके सर्जन पुत्र डॉक्टर आशुतोष शरण मंच पर माइक पकड़ने से खुद को नही रोक पाये और लगातार रफी के कई गीतों को गाकर तालियों की गड़गड़ाहट से नगर भवन के हॉल को गुंजायमान कर दिया।

उन्होंने रफी के देशभक्ति, उदासी भरे प्रेम गीत तथा रोमांटिक गानों को बारी बारी से प्रस्तुत किया।

सभा हॉल में बैठे डॉक्टर शंभू शरण के पौत्र डा0 निखिल शरण भी अपने को नहीं रोक पाए ,युवा उम्र ने अंगड़ाई ली और बड़े हीं उत्साह के साथ उन्होंने मंच पर माइक को थामा।दादा एवं पिता की गायकी के परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने भी मोहम्मद रफी के कई गीत को गाकर हॉल में बैठे संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।हाल मे अजब का अविस्मरणीय माहौल बन गया ।पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा ।

इस वर्ष भी नगर में मोहम्मद रफी की स्मृति में कई कार्यक्रम हुए लेकिन डॉक्टर शंभू शरण की कमी खलती रही ।

## आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत "अपनी माटी अपना देश" कार्यक्रम आयोजन हेतु डीएम श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर/ अजमल अख्तर/** किशनगंज- आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत "अपनी माटी अपना देश" कार्यक्रम आयोजन हेतु डीएम श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया।

इस बैठक में पिछले दिनों माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार के द्वारा मन की बात कार्यक्रम में इस वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव का समापन पर "अपनी माटी अपना देश" कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई थी।

विदित हो कि उक्त कार्यकम के तहत 09 अगस्त से 23 अगस्त तक विभिन्न कार्यकम आयोजित करना है।09 अगस्त को सभी गांव विशेषकर पंचायतों में शीला फलकम कार्यक्रम आयोजित करना है।इसके बाद 15 अगस्त से मिट्टी कलश कार्यक्रम किया जाना है। कार्यक्रम के तहत पंचायत की सरकार को देश के लिए सर्वोच्च बलिदान करने वाले वीर जवानों,अर्ध सैनिक बल,पुलिस के प्रति सम्मान प्रकट करना, झंडोतोल्लन, राष्ट्र गान का आयोजन करना है।सभी पंचायत से मिट्टी लेकर प्रखंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हेतु जिला स्तर फिर राष्ट्र स्तर पर भागीदारी होनी है।सभी प्रखंड से दो युवाओं को इस कार्य के लिए चयनित करना है,जो मिट्टी के साथ दिल्ली जायेंगे। बैठक में अपनी माटी अपना देश कार्यकम आयोजन पर विचार विमर्श हुआ।कार्यक्रम में मनरेगा के तहत स्वदेशी प्रजाति का पौधारोपण,अमृत सरोवर पर कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर उप विकास आयुक्त को तैयारी हेतु निर्देश दिए गए।कार्यक्रम हेतु डीआरडीए को नोडल कार्यालय नामित किया गया।साथ ही ,डीएम श्रीकांत शास्त्री के द्वारा विभाग से विस्तृत दिशा निर्देश प्राप्त होने पर पुनः बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया।तत्पश्चात अग्रेतर कार्रवाई के निर्देश के साथ बैठक समाप्त हुई।

### कटिहार के मरंगी गांव में करंट की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी, सदर अस्पताल में इलाज जारी



**दैनिक शुभ भास्कर/ जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**मनसाही थाना क्षेत्र के मरंगी गांव में हुए इस घटना के बारे में पीड़ित युवक जितेंद्र यादव ने बताया कि उनके घर के समीप सड़क के किनारे बिजली का तार जा रहा था। उन्होंने उस गिरा हुआ तार को नहीं देखा और उनके ऊपर पैर रख दिया जिससे उन्हें करंट लग गई करंट की चपेट में आने से वह बेहोश होकर गिर पड़े इसी दौरान परिजनों की नजर युवक पर पड़ी और युवक को इलाज के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। लेकिन हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल युवक को रेफर किया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा उपचार करने के बाद युवक की हालत बेहतर है। फिलहाल चिकित्सकों की देखरेख में युवक का इलाज जारी है।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चनावे-थावे सेवा केंद्र का 5 वाँ वार्षिकोत्सव मनाया गया। अच्छे व्यवहार वालों को धन्यवाद दें एवं बुरे व्यवहार वाले को मुस्कुरा कर क्षमा कर दें-बीके अंगूर दीदी गोपालगंज 1 अगस्त





**अशोक वर्मा**/ गोपालगंज के चनावे थावे सेवा केंद्र का पांचवा वार्षिकोत्सव बड़े ही आत्मिक भाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन सेवा केंद्र प्रभारी बीके अंगुर बहन,बीके कान्ति बहन,बीके सुनिता बहन, बीकेअनिता बहन,बीके उर्मिला बहन,बीके रूबि बहन आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। वार्षिकोत्सव समारोह में योग अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सभी भाई बहनो ने योग-साधना की शिक्षा ग्रहण की।उक्त मौके पर सेवा केंद्र इंचार्ज ब्रह्माकुमारी अंगूर बहन ने अपने संबोधन में कहा कि जिंदगी बहुत छोटी है, जो हमसे अच्छा व्यवहार करते है उन्हे धन्यवाद कहो, और जो हमसे अच्छा व्यवहार नही करते उन्हे मुस्कुराकर कर माफ कर दो।

मीरगंज गोपालगंज, भोरे,बरौली अन्य सेवा केंद्रो से पधारे सभी भाई बहनों को संबोधित करते हुए बीके सुनिता बहन ने बताया कि यदि तुम भगवान का ध्यान करोगे तो वह तुम्हारा ध्यान करेगा। हर समय हर पल भगवान को साथी बनाकर रहो तो जीवन नैया पार हो जाऐगी।

कार्यक्रम मे उपस्थित रहने वालों में मुख्य रूप से , बीके स्नेहा बहन,बीके जयकिशोर भाई,बीके विनोद भाई,बीके पुनम बहन, बीके भोला भाई, चन्द्रिका भाई, प्रेम भाई आदि थे।

### बनसतांड शिव मंदिर परिसर में किया गया पौधारोपण



**संवाददाता / हज़ारीबाग/**हज़ारीबाग इचाक प्रखण्ड के ऐतिहासिक स्थल बनसतांड शिव मंदिर परिसर में श्रावण मास के सोमवारी अवसर पर पौधारोपण किया गया। श्रद्धालुओ द्वारा फूल और पीपल के पांच वृक्ष के पौधा को लगाया गया। जिसमे एक रुद्रयान वृक्ष का नामकरण किया गया। सभी पौधा का देख भाल पुजारी पप्पू पाण्डेय की जिम्मेवारी सौंपी गई। इस अवसर पर विहिप अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या, कल कारखानों की अधिकता, फसल उगाने में कीटनाशक एवं रसायनिक खाद की अधिकता तथा लगातार कटते जंगल के कारण पर्यावरण संतुलन डगमगाने लगा है।जिसके चलते अधिक गर्मी के साथ वर्षापात में गिरावट आ रही है। जो मनुष्य ही नहीं जीव जंतुओं के लिए खतरे का संकेत है। पौधा रोपण के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के बिपिन कुमार, सोनू सोनी, संतन सोनी, आशीष सोनी, रीना देवी, मंजू देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

**बैठक** गांधी संग्रहालय के प्रांगण में संस्था के प्रमुख एवं प्रभावशाली सदस्यों की बैठक

## गांधी स्मारक समिति चलाएगा प्राकृतिक परंपरा और पर्यावरण संरक्षण महा अभियान- बृज किशोर सिंह




**मोतिहारी 1 अगस्त अशोक वर्मा** गांधी संग्रहालय के प्रांगण में संस्था के प्रमुख एवं प्रभावशाली सदस्यों की बैठक गांधी संग्रहालय के सचिव पूर्व मंत्री बृजकिशोर सिंह की अध्यक्षता में हुई ।बैठक में गांधीवादी लोगों की भागीदारी रही तथा कई वक्ताओं ने एक स्वर में प्राकृतिक परिवर्तन पर चिंता व्यक्त की और कहा कि पूरे विश्व में पर्यावरण एक संकट के रूप में छाता जा रहा है अपने देश भारत खासकर बिहार में प्रकृति बहुत नाराज दिख रही है ऐसी स्थिति में हम बैठे नहीं रहेंगे बल्कि इस दिशा में हमें बढ़-चढ़कर के काम करना चाहिए। अध्यक्षीय भाषण में वयोवृद्ध गांधीवादी बृज किशोर सिंह ने कहा कि गांधीजी पर्यावरण संतुलन की दिशा में बहुत कुछ किया है। उसी कड़ी में स्वच्छता अभियान उन्होंने चलाया था।

आज पर्यावरण असंतुलन के कई कारण है जिसमें पेड़ पौधों का अंधाधुंध कटाई एवं आम लोगों के अंदर नकारात्मक सोच भी है जिसका प्रभाव प्रकृति पर पड़ रहा है परिणाम हम लोग देख रहे हैं ।वर्षा के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है, चारों तरफ पूजा-पाठ किया जा रहा है लेकिन हम लोगों को भी इस दिशा में बढ़-चढ़कर के काम करना है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्राकृतिक परंपरा और पर्यावरण संरक्षण का महा अभियान गांधी संग्रहालय से ब्रज किशोर सिंह की अध्यक्षता में शुरू होगा।गांधी संग्रहालय के सभी सदस्यों को कम से कम एक पेड़ अवश्य ही लगाना है। सभी पेड़ सदस्यों के नाम से सदैव जाना जाएगा ।सभी पेड़ों पर नाम भी नामांकित किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण अभियान लगातार चलाया जाएगा जिसमें आस पास पड़ोस एवं सभी लोगों को पेड़ लगाने के लिए जागरूक किया जाएगा। पेड़ों को सुरक्षा भी दी जाएगी ।राय सुंदर देव शर्मा ने कहा प्राकृतिक संरक्षण के प्रति जागरूक पर्यावरण संरक्षण के हित में अत्यंत उपयोगी प्रयास होगा अधिक संख्या में पेड़ होने से मोतिहारी वासियों को ऑक्सीजन प्रचुर मात्रा में मिलेगी। मोतिहारी के प्रत्येक कोने कोने में लगे वृक्षों की छाया मोतिहारी वासियों को स्वस्थ रहने में सहयोग करेगा, वृक्ष लगाने के लिए जिस पेड़ की आवश्यकता होगी उसको वन विभाग से उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया गया है।

### भगत सिंह के जन्मदिवस 27 सितंबर से बापू के शहादत दिवस 30 जनवरी तक इप्टा देशभर में चलाएगा ढाई अखर प्रेम का सद्भावना पद यात्रा- तनवीर अख्तर



**मोतिहारी 1 अगस्त अशोक वर्मा** इप्टा और लोक परिषद के अतिरिक्त विभिन्न सामाजिक संगठन के प्रतिनिधियोंके द्वारा ढाई अखर प्रेम का पद यात्रा के तैयारी के बाबत एक बैठक स्थानीय आलोक फाउंडेशन कार्यालय में समाज सेवी अज़हर हुसैन अंसारी की अध्यक्षता में हुई और संचालन अमर ने किया।

इस अवसर पर इप्टा के राष्टिय महासचिव तनवीर अखतर ने कहा कि इप्टा देशभर में राज्वार मुहब्बत के संदेश(ढाई अखर प्रेम का) को लेकर पदयात्रा करने जा रही है। भगत सिंह के जन्मदिवस 27 सितम्बर से शुरु होकर गांधी जी के शहादत दिवस पर 30 जनवरी को दिल्ली में जुटान होगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा देश के 22 राज्यों में संवाद करेगी।

इसी क्रम में बिहार के पूर्वी चम्पारन के सत्याग्रह वाले गांव में 9 अक्तूबर से 14 अक्तूबर तक पदयात्रा होगी। इसमें सांस्कृतिक टोली होगी, गीत व नाटक तथा घर घर संपर्क के माध्यम से संवाद स्थापित किया जाएगा।

इस अवसर पर अमर ने कहा कि आज गांधी के विरासत को बचाने के लिए आगे आने की जरूरत है। विरासत के ऊपर कुठाराघात अब महानगरों से बढ़ते हुए ग्रामीण परिवेश तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि किसान पर आज भारी संकट आ गई है, गांव की अर्थव्यवस्था कर्ज के सहारे चल रही है। धरातल की इस स्थिति का जायजा लेकर समाधान तलाशने की जरूरत है। वही पटना के सौरभ कुमार ने कहा कि आज प्रवासी मजदूरों की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है, रोजगार के अवसर घट घट रहे हैं। अन्य राज्यों में भी काम का काफी अभाव हो गया है। प्रवासी मज़दूरों का शोषण हो रहा है। इस अवसर पर अज़हर हुसैन ने कहा कि समाज के लोगो के बीच गांधी के सद्भावना संदेश को पहुंचाना है। इस बैठक में इप्टा के तनवीर अख्तर, रुपेश, बिनोद कुमार, सौरभ कुमार, विजयकांत सिन्हा, अमर, संजय कुमार, हामिद रज़ा, विनय कुमार , इंद्र भूषण, दिग्विजय कुमार,विजय कुमार, आलोक पाण्डेय, मनकेश्वर पाण्डेय, शफी अहमद, शिव बालक राय, रेणु देवी,रामसेवक राम,त्रिलोकी मुखिया सहित अन्य जन संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### टाण्डा घाट पर मिला अज्ञात युवक का शव



**चहनियां।चंदौली/**बलुआ थाना क्षेत्र के टाण्डा कला घाट पर अज्ञात युवक का शव उतराया मिला है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज भेज दिया है।टाण्डाकला घाट मंगलवार की सुबह एक अज्ञात युवक शव गंगा में उतराया मिला। लोग जब सुबह घाट की तरफ स्नान करने गये तो शव को देखकर तत्काल बलुआ पुलिस को सूचना दी। मौके पर मारूफपुर चौकी इंचार्ज अभिषेक शुक्ला ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस संदर्भ में चौकी इंचार्ज ने बताया शव के जेब से कोई भी पहचान पत्र नही मिला है।हालांकि शव को पीएम के लिए भेजकर इसके शिनाख्त के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### तीसरी बार सपा विधान सभा अध्यक्ष बने सुभाष



**चहनियां।चंदौली/**समाजवादी पार्टी हाईकमान के निर्देश पर तीसरी बार सुभाष यादव को बिधान सभा अध्यक्ष बनाया गया है । जिसे लेकर लोगो मे हर्ष ब्याप्त है। हसनपुर के रहने वाले सुभाष यादव लंबे समय से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता है । सन 2017-18 में इन्हें पहली बार विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी । संगठन का इन्होंने विस्तार किया । पार्टी के हर कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया । दूसरी बार पुनः इन्हें सन 2020 में जिम्मेदारी सौंपते हुए विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया । 2023 में पार्टी ने फिर तीसरी बार अध्यक्ष का कार्यभार सौंप दिया है । विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव,जिलाध्यक्ष सत्य नारायण राजभर सहित जिले के वरिष्ठ नेताओं ने इन्हें बधाई व आशीर्वाद दिया । तीसरी बार अध्यक्ष बनने पर कहा कि जिस तरह से पहले पार्टी की सेवा करते आ रहा हूं । वैसे ही आगे ईमानदारी से करूंगा।बधाई देने वालो में पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल यादव,धनंजय यादव,छात्र सभा अध्यक्ष बाबू लाल यादव,शिवानन्द शर्मा,सोनू तिवारी,धर्मेंद्र यादव,अनिल सिंह,राकेश यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश यादव,रामनरेश,रवि पाल,सन्तोष यादव, फजल खान आदि का ताता लगा था ।

### तीजा के जुलूस मैं खिलाड़ियों ने दिखाया करतब



**अमित वर्मा/शुभ भास्कर सैयदराजा चंदौली** सैयदराजा नगर पंचायत में मैदान ए कर्बला में शहीद हुए इमाम हुसैन के साथ के 72 लोगों की शहादत की याद में तीसरे दिन सोमवार की सांय काल तीजा का जुलूस निकाला गया जो बाजार होता हुआ पुराने जीटी रोड पर बस स्टैंड के पास पहुंचा जहां पांचो खलीफा के शागिर्दों ने बनेठी लाठी गदका के करतब दिखाएं खिलाड़ियों के करतब को देखने के लिए काफी संख्या में लोग मौजूद रहे जहां आ फाक खलीफा व बशीरुद्दीन खलीफा के शागिर्द ओके खेल का प्रदर्शन काफी सर्बानी रहा खेल का प्रदर्शन घंटो चलता रहा मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर रामवीर सिंह प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह उपनिरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह सही काफी संख्या में अपने मैं दल बल के साथ मौजूद रहे इस अवसर पर पूर्व सभासद सगीर अहमद मुजम्मिल गुलजार वारसी सालों बबलू इमरान सिद्दीकी अब्दुल कलाम अंसारी चेयरमैन नौशाद सिद्दीकी मकबूल आलम राजू सिद्दीकी कयामुद्दीन राय सुशील शर्मा प्रवेश सिद्दीकी आदि लोग मौजूद रहे

### व्यापार मंडल की बैठक आहूत बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई



**शुभ भास्कर सकलडीहा चंदौली** सकलडीहा राम जानकी मंदिर परिसर में सकलडीहा व्यापार मंडल की बैठक आहूत की गई जहां इस बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर व्यापारियों के बीच चर्चा प्रारंभ हुई वही व्यापार मंडल की अध्यक्षता कब है सत्य प्रकाश गुप्ता द्वारा व्यापारियों को अस्वस्थ किया गया कि शीघ्र ही नए व्यापार मंडल के गठन का कार्य पूरा कर दिया जाएगा वही व्यापार मंडल के विस्तार के बारे में सभी व्यापारियों से भारी बारिश हो जाओ भी मांगे गए जिस पर व्यापारी द्वारा तरह तरह के सुझाव उपलब्ध कराई गई व्यापारियों के हित को देखते हुए व्यापारियों से हानि किया गया कि आप लोगों के सामने जो भी समस्या उत्पन्न होती है उसकी जानकारी व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराएं जिससे किसी भी व्यापारी का अधिकारी यों द्वारा किसी प्रकार का शोषण ना हो सके आपको पता चले कि सकलडीहा राम जानकी मंदिर परिसर में व्यापार मंडल की बैठक आहूत की गई थी जहां उपस्थिति द्वारा व्यापारियों से नए व्यापार मंडल के गठन के बारे में चर्चा की गई व्यापार मंडल के गठन के कार्य प्रगति के बारे में व्यापारियों को अवगत कराया गया इसी क्रम में व्यापार मंडल के समिति द्वारा अग्रिम 8 तारीख को बैठक की जानकारी प्राप्त हुई कार्य पूर्ण होने की तारीख सुनिश्चित की जाएगी बैठक में सत्य प्रकाश गुप्ता सेठ सेठ दीपक सेठ पप्पू सेठ संतोष रस्तोगी कृष्णा सोनी कृष्ण कुमार गुप्ता भारी मात्रा में व्यापारी बंधु उपस्थित रहे

# योग के माध्यम से होता है मनुष्य का सर्वांगीण विकास- विनय श्रीवास्तव

**डीडीयू नगर,**उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ के द्वारा संचालित त्रैमासिक निःशुल्क योग कक्षाओं के अन्तर्गत प्रदेश के सभी जनपदों में त्रैमासिक निःशुल्क योग केंद्रों का सामूहिक उद्घाटन गूगलमीट के माध्यम से हुआ। उसी क्रम में राम कृष्ण महिला विद्या मंदिर इंटर कालेज जनपद चन्दौली में उर्मिला सिंह प्राचार्या ने केन्द्र का पूनम कनौजिया के सान्निध्य में योग कक्षा का उद्घाटन हुआ। इस केन्द्र के प्रशिक्षिका पूनम कनौजिया हैं। सत्र के अध्यक्ष संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने सभी केंद्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रतिदिन योग करने से मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। इससे पूर्व भी संस्थान के द्वारा अत्यन्त सफलता पूर्वक योग शिविर चलाए गए जिसमें प्रशिक्षक गण तथा शिक्षक का



अभूतपूर्व योगदान रहा। सभी साधुवाद के पात्र हैं। हमारी इस योग विद्या को वर्त्तमान में विदेश से भी अनेक लोग भारत आकर सीख रहे हैं एवं लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। हमें योग करते हुए आत्म गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। इस योजना से मान्य मुख्यमंत्री योगी जी तथा भाषाविभाग के अपर मुख्य सचिव श्री जितेंद्र कुमार जी का विशेष जुडाव है। योग प्रशिक्षण के साथ आप सभी योग प्रशिक्षकों के द्वारा इस वर्ष जो वृक्षारोपण का कार्य किया गया वह भी प्रशंसनीय हैं। योजना समन्वयक दिव्यरंजन जी ने सभी का स्वागत किया एवं बताया कि इस सत्र में राज्य के भिन्न-भिन्न जनपदों में मिलाकर कुल 67 योग कक्षाएँ प्रारम्भ हो रही हैं जिसके लिए लगभग 2200 छात्रों ने पंजीकरण किया है। सभी शिक्षकों तथा केन्द्रों प्रमुखों तथा प्रशिक्षण गण का आभार व्यक्त करते हुए सफल केन्द्रों के संचालन हेतु शुभकामनाएँ प्रदान की। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. जगदानन्द झा ने सभी को सम्बोधित किया एवं कहा कि आप सभी के सहयोग से यह अखिल प्रदेश व्यापी योजना का यह चक्र निर्विघ्न सम्पन्न होगा। सभी को शुभकामनाएं एवं धन्यवाद। इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक राहुल भारती तथा प्रशिक्षिका किरण गुप्ता ने अपने विगत सत्रों व योग का अनुभव सबके साथ साझा किया। इसी क्रम में संस्थान के पदाधिकारी प्रशासनिकाधिकारी डॉ.दिनेशमिश्र, डॉ.चन्द्रकला शाक्या, भगवान सिंह चौहान, पूनम मिश्रा, इत्यादि ने अपने विचार व्यक्त किये।

## रैली निकाल सड़क सुरक्षा के लिए किया जागरूक




**चहनियां।चंदौली/**मारूफपुर स्थित जटाधारी महाविद्यालय में एनएसएस के शिविरार्थियों ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रैली निकाल कर के यात्रियों व आम जन को जागरूक किया। रैली को प्राचार्य डॉ अनिल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जटाधारी महाविद्यालय से निकाली गयी रैली मारूफपुर गाँव से होकर, मारूफपुर बाजार, चौराहा, नदेसर, मझीलेपुर गाँव से होकर महाविद्यालय परिसर पहुंचकर समाप्त हुयी। इस दौरान आयोजित गोष्ठी में बोलते हुए प्राचार्य डॉ अनिल सिंह ने कहा कि आज कल के युवा आधुनिकता की अंधी दौड़ में शामिल होते हुए अपने व दूसरे के जीवन से भी खिलवाड़ करने लगे है। बगैर हेलमेट के, तरह तरह के स्टंट करते हुए अपनी बाइक चला रहे है। जिसके परिणाम स्वरुप आये दिन दुखद घटनायें सुनने व देखने को मिल रही है। इन सबसे बचने बचाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को आगे आना होगा। जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों के कीमती जीवन को बचाना होगा। वहीं रैली के दौरान स्वयं सेवक नारे लिखी तख्तीयों के नारे बाजी करते हुए जा रहे थे और वाहन चालकों, बाइक चालकों को रोककर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किये। इस दौरान मुख्य रुप से कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार शर्मा, मुदिता श्रीवास्तव, सेवक सेविकाए आयशा, रोशनी, काजल, रुचि, चांदनी, आरती, चंदन, संदीप, अखिलेश, रवि आदि शामिल रहे।

# शासन ने दोबारा आईपीएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया, IPS विनीत जायसवाल का तबादला निरस्त कर चंदौली के नए कप्तान होंगे- IPS अनिल कुमार

**चंदौली-** शासन ने दोबारा आईपीएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया IPS विनीत जायसवाल का तबादला निरस्त कर DCP लखनऊ बनाया गया। उत्तर प्रदेश शासन ने आईपीएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में दोबारा से फेरबदल किया है।

चंदौली एसपी अंकुर अग्रवाल की जगह जिले में भेजे गए पुलिस उपायुक्त लखनऊ विनीत जायसवाल का तबादला निरस्त कर दिया गया है। वही भदोही में एसपी रहे अनिल



कुमार अब चंदौली के नए एसपी होंगे।

अनिल कुमार की गिनती एक कुशल आईपीएस अधिकारियों में होती है।आईपीएस अनिल कुमार एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद सिविल सर्विसेज की परीक्षा उत्तीर्ण कर IPS बने। आईपीएस अनिल कुमार का लंबा समय भदोही जनपद में बीता।

उन्होंने निर्विवाद अपना कार्यकाल भदोही में पूरा किया है। उनको पुलिस अधीक्षक चंदौली के पद पर भेजा गया है। आईपीएस अनिल कुमार द्वारा बाहुबली विजय मिश्रा पर कार्रवाई, पुलिस व्यवस्था को बेहतर से बेहतर करने से लेकर महिला संबंधी मामलों में त्वरित कार्रवाई को लेकर चर्चा में रहे हैं।

## राजस्व गांव मरकनिया आज भी बिजलीं से वंचित



**चहनियां।चंदौली/**क्षेत्र के मरकनिया गांव में आज भी लोग बिजलीं से वंचित है । जनप्रतिनिधि केवल आज तक वादा करके कुछ नही किये । जिसे लेकर लोगो मे आक्रोश ब्याप्त है। ग्राम पंचायत पक्खोपुर के राजस्व गांव मरकनिया में आजतक बिजलीं की सुविधा ही नही पहुँची है । हर बार चुनाव में जनप्रतिनिधि आकर बिजलीं का कनेक्शन देने की बात करते है किंतु चुनाव बीतने के बाद सब भूल जाते है । गांव के गोबिंद शर्मा,रामकवल, प्रहलाद, घूरे अली ,राजेन्द्र प्रजापति,रंजीत कुमार,धन्नो देवी,मालती देवी,चंद्रदेव आदि का कहना है कि आज जमाना हाइटेक हो गया है । लोगो के घरों में रोशनी है और हमारा गांव आज भी अंधेरे में जी रहे है । बगल के गांवो में रोशनी देख हमलोग भी तरस जाते है । इन 75 वर्षों में कितने विधायक ,सांसद आये गये सभी ने केवल वादा किया । कोई भी बिजलीं सप्लाई नही दिलवा पाये। कई बार अधिकारीयो से भी गुहार लगाया गया किन्तु आजतक कोई पहल नही हुआ।वर्जन इस संदर्भ में जेई रितेश कुमार का कहना है कि मामला संज्ञान में नही है । इसके बारे में पता कर उच्चाधिकारीयों से वार्ता करूंगा ।

## नागरिक सुरक्षा कोर द्वारा एक दिवसीय का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**पीडीडीयू नगर-** स्थानीय रेलवे क्षेत्र अंतर्गत यूरोपियन कालोनी स्थित नागरिक सुरक्षा कोर प्रांगण में उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा वाराणसी नीरज मिश्रा के निर्देशानुसार सोमवार को अपराह्न 3 बजे से स्वयंसेवकों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सहायक उप नियंत्रक (व. वे.) योगेश श्रीवास्तव के नेतृत्व मे किया गया।



इस दौरान योगेश श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करते हुए अग्नि सुरक्षा व स्वयं सेवकों के कर्तव्यों की जानकारी विस्तृत रूप से दी गयी। मौके पर उन्होने सेवा कार्य के नियमो की जानकारी देते हुए स्वयं सेवकों की समस्याओं का निस्तारण किया। प्रशिक्षण के अंत मे उन्होने विभिन्न जानकारी साझा करते हुए ट्रेनरों से इस बाबत पूछताछ भी की।

उन्होने कर्तव्य पालन को सर्वोपरि बताते हुए स्वयं सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला।प्रशिक्षण का समापन करते हुए स्टाफ आफीसर अग्नि शमन कमलेश तिवारी ने स्वयं सेवकों की विभिन्न परेशानियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी जिस उर्जा के साथ पूर्व मे कार्य करते रहे हैं उस उर्जा को और बढ़ाने की जरूरत है। कर्तव्य निर्वहन से बड़ा कोई धर्म नही है इसलिए हम सब को अपने आपको कर्तव्य के प्रति निष्ठ हो कर सेवाकार्य के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए।

उन्होने अंत मे सभी आगंतुक सदस्यों का प्रशिक्षण मे प्रतिभाग करने हेतु आभार व्यक्त किया।

मौके पर पोस्ट वार्डन लल्लन प्रसाद, आईओसी डा. सरफराज, डा. मनोज त्रिपाठी, मनोज गुप्ता, डिप्टी पोस्टवार्डन प्रमोद कुमार, नन्द गोपाल सिंह बलजीत शर्मा तेज प्रकाश मालिक मलिक चंदन कुमार ,सहित सेक्टर वार्डन फायर फाइटर्स व नव नियुक्त और पूर्व मे नियुक्त सदस्य सम्मलित रहे।

## विधायक सुशील सिंह ने पम्प कैनालो का किया निरीक्षण



**धीना।** सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने मंगलवार को गुरैनी, वीरासराय व नगवा पम्प कैनाल का निरीक्षण किया।मौके पर कैनाल का क्षमता बढ़ाने, नहरों की सफाई, फिक्स बार्ज व रेगुलेटर की व्यवस्था कराने का किसानों को आश्वासन दिया।ताकि किसानों को टेल तक पानी पहुंच सके।किसानों को टेल तक पानी न मिलने की शिकायत पर विधायक सुशील सिंह मंगलवार को गुरैनी, वीरासराय व नगवा पम्प कैनाल पर पहुंचे।मौके पर किसानों ने पानी की समस्या को बताया।इस पर विधायक ने पम्प कैनाल का क्षमता बढ़वाने का किसानों को भरोसा दिया।ताकि पम्प कैनाल को उच्च क्षमता से चलवाकर नहरों में भरपूर पानी छोड़ा जा सके।नहरों की साफ सफाई करवाकर पानी को टेल तक पहुंचाने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर किसानों को टेल तक पानी मिलना चाहिए।लापरवाही पर सम्बंधित अधिकारी पर कार्रवाही किया जाएगा।इस समय धान की रोपाई के लिए किसानों को खेतों में पानी की अतिआवश्यकता है।किसानों की समस्या का निदान करना मेरी पहली प्राथमिकता है।इस मौके पर पूर्व जिपंस सुशील सिंह जनौली, एसडीओ राकेश सिंह, जेई एके वर्मा, राजेश तिवारी, अनिल श्रीवास्तव, रमाशंकर सिंह, रामअशीष पासवान, भरत यादव, अंगद यादव, ट्विंकल सिंह, सिराज यादव आदि रहे।

## स्वास्थ्य शिविर, पौधरोपण के साथ संपन्न हुयी श्रीराम कथा

**चहनियां।चंदौली/**मारूफपुर स्थित बाबा कीनाराम बैष्णो मठ रामशाला परिसर में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ समारोह के अंतिम दिन निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, पौध रोपण व साधु सेवा भंडारा का आयोजन हुआ। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन का शुभारम्भ कथा वाचक बाल व्यास प्रभात जी महाराज ने बाबा कीनाराम का पूजन करके किया। रामशाला परिसर मारूफपुर में बीते 24 जुलाई से नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ चल रही थी। जिसके



रामशाला परिसर मारूफपुर में पौधरोपण करते हुए कथा वाचक प्रभात जी

समापन के दिन मेडिकल कैंप, वृक्षारोपण, साधु सेवा संग भंडारा के बाद सुन्दरकांड की कथा का रसपान बाल व्यास प्रभात जी महराज ने कराया। स्वास्थ्य शिविर में 237 लोगों ने कोरियन माइक्रो कंप्यूटर से स्वास्थ्य जांच कराते हुए निशुल्क दवा प्राप्त किया। वहीं 11 फलदार वृक्षो का रोपण किया गया। इस दौरान मुख्य रुप से बाबा विनय दास, बाबा तिलकधारी शरण दास, लाल बाबा, प्रेमशंकर दास, दुर्गेश पाण्डेय, डॉ केसी वर्मा, डॉ अशोक मिश्रा, फरमासिस्ट रामानंद उपाध्याय, सीएचओ सुनील कुमार, विनय सिंह, प्रधान पति श्रवण यादव, प्रधान शिवकुमार यादव, पूर्व प्रधान सलटू शर्मा, नागेंद्र मिश्र, बबलू पाण्डेय, रेंगई मिश्र, मोहित पाण्डेय, सूरज जायसवाल, प्रिंस मिश्रा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### जोधा टक्कर में दो की हालत गंभीर जिला अस्पताल रेफर



**शुभ भास्कर सकलडीहा चंदौली** सकलडीहा तहसील क्षेत्र के भोजापुर के पास बाइक की जोरदार टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है जिन्हें एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां प्राथमिक उपचार होने के पश्चात हालत चिंताजनक देख उन्हें जिला अस्पताल के लिए कर दिया गया वही इस आकस्मिक घटना घटित होने के पश्चात उनके घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है प्राप्त जानकारी के अनुसार राम लखन राजभर पुत्री आशीष राजभर सकलडीहा अपने दोस्त के साथ किसी घरेलू कार्य से अपनी बाइक से चंदौली जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई वही इस जोधा टक्कर में राम लखन के पैर और कंधे में गंभीर चोट आ गई इसके अलावा बाइक चला रहे दूसरे युवक को भी गंभीर चोट आई इस घटना की जानकारी जैसे ग्रामीणों को प्राप्त हुए ग्रामीण घटनास्थल पर उपस्थित हो गए तथा फोन के माध्यम से एंबुलेंस को जानकारी उपलब्ध कराई गई कुछ देर बाद एंबुलेंस कर्मी घटना स्थल पर उपस्थित होकर घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सकलडीहा पर लाया गया

**महिला सुरक्षा** सरकार द्वारा महिला सुरक्षा बहुत सारे कार्यक्रम हो रहे हैं- हिला कांस्टेबल

## नगर पंचायत वार्ड न 12 लोहिया नगर समाजसेवी मधु वर्मा की अध्यक्षता में नारी सुरक्षा पर जन चौपाल लगाया गया





**सैयदराजा** नगर पंचायत वार्ड न 12 लोहिया नगर समाजसेवी मधु वर्मा की अध्यक्षता में नारी सुरक्षा पर जन चौपाल लगाया गया जिसमे सैयदराजा थाने की महिला कांस्टेबल पुलिस ने वार्ड की महिलाओ को बताया कि सरकार द्वारा महिला सुरक्षा बहुत सारे कार्यक्रम हो रहे हैं बालक एवं बालिकाओं को बताया गया कि किसी भी व्यक्ति के बहकावे में न आये यदि कोई परेशानी हो तो सबंधित हेल्पलाइन के नंबर पर जानकारी दे बच्चो के लिये 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन 1090 वूमेन पावर लाइन यू0पी 100, के साथ-साथ महिला विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। जिसमे वॉर्ड नंबर 8 के सभासद द्वारा बच्चो को बताया की बच्चों को पुलिस से डरने की आवश्यकता नहीं है और पुलिस बच्चों की मित्र है कोई समस्या होने पर पुलिस से मदद ले सकते है सभासद शिवा साव जी द्वारा महिला समस्त टीम को धन्यवाद दिया गया और बताया गया की सरकार द्वारा इस तरह के जागरूकता अभियान समय-समय पर चलाते रहना चाहिए। जिसमे सुनीता देवी /सीमा देवी /यसोदा देवी/ कौशल्या देवी /निर्मला देवी /नजनीन वेगम/ मंगल गुप्ता/ गोरख गुप्ता /गोविंद केशरी /मोनू केशरी /सुनील केशरी/ अरीफ् खान/विशाल चौधरी /आरिफ खान/साहिद अंसारी जिसमे काफी संख्या लोगो की उपस्थिति रही